kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-32 ❒ रविवार, 01 मार्च 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12




प्रदेश की तकरीबन 46 लाख किशोरियों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य है। ये वैक्सीन सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर मुफ्त लगाई जाएगी। तीन माह वैक्सीन का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। बेटियों को वैक्सीन लगवाने के लिए परिजनों को जागरुक किया जाएगा। वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित है।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक


ईरान और खाड़ी देशों में जारी घटनाक्रम पर भारत ने जताई गहरी चिंता 11

स्कूलों में बच्चों को सुबह मिले पौष्टिक भोजन सरकार करेगी सुनिश्चित : रेखा गुप्ता 12


## संक्षेप

### शोपियां में सीआरपीएफ जवान ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या, जांच शुरू

शोपियां। जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले के बाटापोरा इलाके में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान ने कथित रूप से खुद को गोली मार ली, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद सुरक्षा बलों और पुलिस प्रशासन में शोक का माहौल है। अधिकारियों के अनुसार, मृतक जवान की पहचान हिमाचल प्रदेश निवासी मनीष कुमार के रूप में हुई है, जो सीआरपीएफ की 14वीं बटालियन में कांस्टेबल पद पर तैनात थे। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक जवान ने कैंप परिसर के भीतर अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली।

घटना के तुरंत बाद साथियों द्वारा उन्हें इलाज के लिए नजदीकी चिकित्सा केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जवान द्वारा यह कदम उठाने के पीछे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। फिलहाल घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। घटना के बाद सीआरपीएफ और स्थानीय पुलिस ने नियमानुसार आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### नारी शक्ति से राष्ट्र निर्माण: दिल्ली में 7-8 मार्च को 'भारती' महिला विचारक सम्मेलन का आयोजन

नई दिल्ली। महिला सशक्तीकरण और राष्ट्र के विकास में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित करने के लिए यहां के विज्ञान भवन में 7-8 मार्च को दो दिवसीय राष्ट्रीय महिला विचारक सम्मेलन 'भारती' का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी राष्ट्र सेविका समिति, शरण्या और भारतीय विद्वत परिषद के पदाधिकारियों ने दिल्ली में कस्तूरबा गांधी मार्ग स्थित सिविल सेवा अधिकारी संस्थान में शनिवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी। इस सम्मेलन का उद्घाटन दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता करेंगी तथा समापन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की उपस्थिति में होगा। इसका आयोजन भारतीय विद्वत परिषद, राष्ट्र सेविका समिति और शरण्या ने संयुक्त रूप से किया है। यह कार्यक्रम ''भारती- नारी से नारायणी'' विषय पर आधारित होगा। इसका मुख्य उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों की प्रबुद्ध महिलाओं को एक मंच पर लाना और 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को साकार करने में उनके योगदान पर चर्चा करना है। इस सम्मेलन में आठ प्रमुख विषयों पर गहन विमर्श किया जाएगा। इनमें विद्या आत्मनिर्भरता मुक्ति चेतना प्रकृति संस्कृति सिद्धि और कृति शामिल हैं। इसके अलावा मुख्य सत्र पैनल चर्चा विशेषज्ञ शिक्षण सत्र पोस्टर प्रदर्शनी और कलात्मक प्रस्तुतियां शामिल होंगी।

# इजरायली हमलों से दहला ईरान

## हमले के बाद पहले वीडियो में बोले नेतन्याहू ईरान को अपनी सरकार बदलनी होगी

एजेंसी

तेहरान/तेल अवीव/ वाशिंगटन। ईरान की राजधानी तेहरान में इजराइल और अमेरिका के संयुक्त हवाई हमले के दौरान शनिवार सुबह शक्तिशाली विस्फोट हुए। तेहरान के कई हिस्सों में घना धुआं फैल गया। ईरान के कई दूसरे शहरों में भी हमला हुआ है। इजराइल सरकार और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमले की जिम्मेदारी ली। तेहरान पर हमले के बाद ईरान ने इजराइल पर हमला कर दिया। वहीं एक धमाका सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के ठिकाने पर हुआ है। वह सुरक्षित हैं।ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी इरना, ईरानी अखबार शार्घ, अमेरिकी न्यूज चैनल सीएनएन और द यरुशलम पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के ठिकाने के पास जोरदार धमाका हुआ। इसके अलावा तेहरान में स्थित राष्ट्रपति के आवास और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के दफ्तर के पास धमाके के बाद धुआं उठता देखा गया। बताया गया है कि ईरान में तेहरान के अलावा पांच और शहरों पर हमले हुए हैं। इनमें कॉम, इशफान, करमनशाह और कराज और लोरेस्तान शामिल है। इसके अलावा ईरान के अर्धसैनिक बल ईरान रेवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) के



खुफिया निदेशालय को भी निशाना बनाया गया है। हमले के फौरन बाद ईरानी अधिकारियों ने कहा कि तेहरान जवाबी हमले की तैयारी कर रहा है। जवाब बहुत बुरा होगा। बाद में सुबह करीब 10 बजे पूरे उत्तरी इजराइल में सायरन बजने लगे। बताया गया कि ईरान ने इजराइल को लक्ष्य कर मिसाइलें तैनात की हैं। मोसाद ने सुबह ईरानियों के लिए न्यूज अपडेट फॉलो करने के लिए फारसी भाषा का टेलीग्राम चैनल लॉन्च किया। बताया गया है कि खामेनेई तेहरान में नहीं हैं और उन्हें सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि हमला नहीं रुकेगा। ट्रंप ने ईरान के लोगों से खामेनेई शासन को बदलने का आह्वान किया है। उन्होंने तेहरान पर यह भी आरोप लगाया कि वह काफी दिनों से परमाणु कार्यक्रम को शुरू करने के लिए संसाधन जुटा रहा था। इस बीच ईरान के सरकारी मीडिया ने कहा कि अमेरिका और इजराइल को कड़ा जवाब देने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इस बीच यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने ईरान के समर्थन में जल मार्गों और इजराइल पर मिसाइल और ड्रोन हमले फिर से शुरू करने का फैसला किया है। ईरान पर हमले के बाद इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि अमेरिका के साथ मिलकर हमला ईरान से पैदा हुए अस्तित्व के खतरे को दूर करने के लिए किया गया। उन्होंने सहयोग के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का आभार भी जताया। बताया गया है कि उत्तरी इजराइल में कई जगह ईरान ने बमबारी की है। इजराइल की सेना का कहना है कि ईरान से दागी गई मिसाइलें तेल अवीव की तरफ बढ़ रही थीं। इससे देश के कई इलाकों में सायरन बजने लगे। ईरान के हमले में किसी नुकसान या किसी के हताहत होने के बारे में तुरंत कोई सूचना नहीं है। संघर्ष के बीच भारत से इजराइल की राजधानी तेल अवीव जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट वापस लौट आई है। एअर इंडिया ने इजराइल का हवाई

### हमला

- ❒ ईरान के रक्षामंत्री की मौत
- ❒ पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच जंग तेज, 325 से ज्यादा लोगों की मौत
- ❒ इस्लामाबाद का दावा 270 अफगान तालिबानी, आतंकी और काबुल का दावा- 55 से ज्यादा जवान मारे
- ❒ उधर, डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान कभी परमाणु शक्ति नहीं बन सकता है। हम ईरान की नौसेना को खत्म करने जा रहे हैं।
- ❒ ओमान के विदेशमंत्री का दावा- अमेरिका और ईरान समझौते के करीब

### भारत ने इजरायल में अपने नागरिकों के लिए जारी किया परामर्श, सावधानी बरतने की अपील

नई दिल्ली। इजरायल-ईरान तनाव के बीच भारत ने इजरायल में रह रहे अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास ने सभी भारतीयों से सावधानी बरतने और हर समय सतर्क रहने की अपील की है। तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास ने शनिवार को जारी परामर्श में कहा कि क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति को देखते हुए भारतीय नागरिक इजरायली अधिकारियों और होम फ्रंट कमांड द्वारा जारी सुरक्षा दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करें। एडवाइजरी में भारतीयों से अपने निवास या कार्यस्थल के निकटतम सुरक्षित आश्रय स्थलों की जानकारी रखने और उनके पास रहने को कहा गया है। अगली सूचना तक गैर-आवश्यक ● शेष पेज 11 पर

क्षेत्र बंद होने के कारण अपनी दिल्ली-तेल अवीव उड़ान को मुंबई की ओर मोड़ दिया। भारत ने तनाव के बीच अपने नागरिकों के लिए परामर्श जारी किया है। भारतीय दूतावास ने कहा कि इजराइल में मौजूदा सुरक्षा ● शेष पेज 11 पर

## चौदह साल की लड़कियों के लिए देशव्यापी एचपीवी वैक्सीनेशन प्रोग्राम की शुरुआत

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अजमेर से 14 साल की लड़कियों के लिए देशव्यापी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और कई अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। इस अभियान की शुरुआत होते ही सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में भी एचपीवी टीकाकरण की शुरुआत की गई। यह अभियान भारत में सर्वाइकल कैंसर से लड़ने और नारीशक्ति को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ हमारी बेटियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। यह पहल निवारक स्वास्थ्य देखभाल और ऐसे भविष्य के प्रति प्रधानमंत्री की गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जहां कोई भी परिवार टीके से रोके जा सकने वाले रोग के कारण अपने किसी प्रियजन को न खोए।




❒ स्वास्थ्य मंत्री ने बताया ऐतिहासिक पहल

उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक अभियान के तहत, सभी पात्र 14 वर्षीय लड़कियों को अब सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से एचपीवी का एक खुराक वाला टीका निःशुल्क उपलब्ध होगा। सर्वाइकल कैंसर ने अनगिनत परिवारों को चुपचाप प्रभावित किया है, लेकिन आज हम एक सशक्त संदेश दे रहे हैं कि सुरक्षा, जागरूकता और टीकाकरण की सुविधा देश के हर कोने तक पहुंचेगी। जब हम अपनी बेटियों की रक्षा करते हैं, तो हम अपने राष्ट्र को मजबूत बनाते हैं। कहां होगा टीकाकरणएचपीवी● शेष पेज 11 पर

### सीएम के विधानसभा क्षेत्र भवानीपुर में कटे 47 हजार नाम, भाजपा ने दोबारा चुनाव लड़ने की चुनौती

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्वाचन क्षेत्र भवानीपुर में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) ने राज्य के राजनीतिक गलियारों में भारी हलचल पैदा कर दी है। शनिवार को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची के अनुसार, दक्षिण कोलकाता के इस हाई-प्रोफाइल निर्वाचन क्षेत्र से कुल 47 हजार 94 मतदाताओं के नाम काट दिए गए हैं। इसके अलावा, 14154 मतदाताओं को विचाराधीन श्रेणी में रखा गया है, जिनका भविष्य दस्तावेज सत्यापन के बाद तय होगा। यदि इन विचाराधीन नामों को भी हटा दिया जाता है, तो भवानीपुर के कुल मतदाता आधार में एक बड़ी गिरावट देखने को मिल सकती है। यह घटनाक्रम राजनीतिक रूप से इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि 2021 के भवानीपुर उपचुनाव में ममता बनर्जी ने करीब 58 हजार मतों के अंतर से जीत हासिल की थी। अब हटाए गए 47 हजार से अधिक नामों की संख्या जीत के उस अंतर के काफी करीब पहुंच गई है, जिससे आगामी चुनाव के समीकरणों ● शेष पेज 11 पर

## राजस्थान विकास के नये पथ पर अग्रसर: मोदी

एजेंसी

साणंद । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के साणंद में माइक्रोन टेक्नोलॉजी की सेमीकंडक्टर असेंबली, टेस्ट और पैकेजिंग (एटीएमपी) फैसिलिटी का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि दुनिया तक यह संदेश स्पष्ट रूप से पहुंच चुका है कि इंडिया इज केपेबल, इंडिया इज कॉम्पिटिटिव, इंडिया इज कमिटेड। उन्होंने कहा कि यदि पिछली शताब्दी का रेगुलेटर तेल था, तो इस शताब्दी का रेगुलेटर माइक्रोचिप होने वाली है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में साणंद के परिवर्तन का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी आंखों से इस क्षेत्र को एक कार फैक्टरी से देश के प्रमुख ऑटोमोबाइल हब में बदलते देखा है। एक बड़ी ऑटोमोबाइल कंपनी के आने से यहां संपूर्ण औद्योगिक इकोसिस्टम विकसित हुआ, सहायक इकाइयां स्थापित हुईं, सप्लायर नेटवर्क बना, स्थानीय उद्योग



❒ माइक्रोचिप बनेगी इस सदी का रेगुलेटर विश्व पटल पर निर्णायक भूमिका निभाएगा भारतः मोदी

❒ प्रदेश को दी 16 हजार 686 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात

मजबूत हुआ और रोजगार एवं निवेश दोनों में वृद्धि हुई। आज देश-विदेश से लोग यहां काम करने ● शेष पेज 11 पर

### प्रधानमंत्री ने अजमेर से किया राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ

जयपुर/अजमेर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अजमेर से प्रदेशवासियों को 16 हजार 686 करोड़ रुपये की लागत के 43 प्रमुख कार्यों एवं परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण की सौगात दी। इनमें 8 हजार 554 करोड़ रुपये की 34 परियोजनाएं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों से संबंधित हैं, जबकि 8 हजार 132 करोड़ रुपये की 9 परियोजनाएं केंद्र सरकार के राष्ट्रीय राजमार्ग और ऊर्जा विभाग से जुड़ी हैं। प्रधानमंत्री ने कायड़ विश्रामस्थली में बने टीकाकरण स्थल से सर्वाइकल कैंसर के विरुद्ध राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ किया। उन्होंने 9 से 14 वर्ष की पांच बालिकाओं को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीका लगाए जाने के बाद उनसे ● शेष पेज 11 पर

## मुख्यमंत्री ने होली पर्व पर 1.86 करोड़ उज्ज्वला परिवारों को दिया सब्सिडी का उपहार,1500 करोड़ वितरित

### उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता ही हमारा परिवार है : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखनऊ में होली पर्व पर प्रदेश के 1.86 करोड़ उज्ज्वला परिवारों को बड़ा उपहार देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से गैस सिलिंडर रीफिल सब्सिडी की 1,500 करोड़ की धनराशि वितरित की । लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 10 महिला लाभार्थियों को प्रतीक स्वरूप चेक प्रदान किए और कहा कि उनकी सरकार महिलाओं की सुरक्षा, स्वावलंबन के लिए लगातार काम कर रही है। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी डिजिटल माध्यम से जुड़े।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपना संबोधन प्रदेशवासियों को होली की बधाई देकर शुरु किया और कहा कि होली पर्व समता का पर्व है । इस पर्व में न कोई बड़ा न कोई छोटा होता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश



❒ हमारी सरकार महिला सुरक्षा, स्वावलंबन और सशक्तीकरण पर काम कर रही है : मुख्यमंत्री

❒ चार दिवसीय विदेश यात्रा में उत्तर प्रदेश का भविष्य गढ़ने के लिए हर क्षण का उपयोग

में डबल इंजन सरकार ने यह योजना 2022 में शुरू की थी। इसी कड़ी में आज 1500 करोड़ की राशि उपलब्ध कराई गई है। लाभार्थी होली के पहले या होली के बाद अपने नजदीकी एजेंसी से भरा हुआ सिलिंडर ● शेष पेज 11 पर

### सिंगापुर और जापान दौरे में जीवंत कर्मयोग का उदाहरण बने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सिंगापुर और जापान का दौरा सिर्फ विदेशी दौरा भर नहीं था, बल्कि इस यात्रा ने दुनिया के सामने उनकी कर्मयोगी की छवि को और पुख्ता किया है। चार दिनों तक बिना थके, अनवरत और अदम्य ऊर्जा के साथ उद्यमियों, विदेशी प्रतिनिधिमंडलों और उद्योग संस्थानों में भ्रमण के साथ उन्होंने भारतीय प्रवासियों के साथ संवाद किया। यह उनकी कर्मठता, अनुशासन और अपने राज्य के विकास के प्रति प्रतिबद्धता का बेमिसाल उदाहरण है। सीएम योगी की मेहनत रंग भी लाई और उद्यमियों ने उत्तर प्रदेश में निवेश के प्रति जिस तरह उत्साह दिखाया, वह इस बात का प्रमाण है कि विश्व में यूपी को लेकर धारणा बदली है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ● शेष पेज 11 पर


### कांग्रेस ने भारतीयों की सुरक्षा और निकासी के लिए सरकार से की अपील

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने मध्य पूर्व में ईरान को लेकर बढ़ते सैन्य तनाव पर चिंता जताई है। दोनों नेताओं ने भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और सुरक्षित निकासी सुनिश्चित करने के लिए सरकार से तुरंत कदम उठाने की अपील की है। खरगे ने एक्स पर कहा कि हालिया सैन्य कार्रवाई के बाद मध्य पूर्व की स्थिति बिगड़ रही है और शांति एवं स्थिरता बनाए रखना बेहद जरूरी है। कांग्रेस भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को लेकर चिंतित है और सरकार से उनके संरक्षण के लिए हर संभव कदम उठाने की मांग करती है। वेणुगोपाल ने कहा कि इज़रायल-अमेरिका की संयुक्त सैन्य कार्रवाई और बढ़ते तनाव ने भारतीय नागरिकों में आशंका पैदा कर दी है। उन्होंने केरल के नागरिकों का जिक्र करते हुए कहा कि बड़ी संख्या में भारतीय इस क्षेत्र में रहते और काम करते हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री और विदेश मंत्रालय को तुरंत कूटनीतिक और लॉजिस्टिक कदम उठाने चाहिए। उन्होंने जोखिम में रह रहे भारतीयों की सुरक्षित निकासी और जो लोग लौटना चाहते हैं उनके लिए सुरक्षित मार्ग उपलब्ध कराने की मांग की।

## दिल्ली के मंच पर दिखेगा रूस और भारत की दोस्ती का महा-संगम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। रूस का 'कोस्त्रोमा रशियन नेशनल बैले' अपना अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट ''ग्लोबल डांस ओवरचर'' को दिल्ली में 2-3 मार्च को आयोजित करेगा। यह आयोजन सिर्फ एक डांस शो नहीं बल्कि दोनों देशों के बीच कला और प्रेम के जरिए दिलों को जोड़ने की एक बड़ी अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक पहल है। भारत में रूसी दूतावास के अनुसार यह दो दिवसीय कार्यक्रम दिल्ली के दो प्रमुख स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। इनमें संगीत नाटक अकादमी (रवींद्र भवन) में 2 मार्च शाम 4-7 बजे तक रूसी और भारतीय कलाकार कार्यशाला आयोजित करेंगे। इसमें एक-दूसरे को अपनी नृत्य कला सिखाई जाएगी। वहीं 3 मार्च शाम 07:00 बजे कमानी सभागार में रूस का 'वैश्विक नेशनल डांस शो' शुरू होगा। साझे सांस्कृतिक और मानवीय मूल्यों पर आधारित इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य दुनिया भर के लोगों को एक करना, सांस्कृतिक लेन-देन को बढ़ावा देना और सांस्कृतिक रिश्तों को बढ़ावा देना है। यह प्रोजेक्ट खास तौर पर ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका (ब्रिक्स) देशों के बीच सांस्कृतिक रिश्तों को मजबूत करने के लिए बनाया गया है। शो में रूस के अलग-अलग



इलाकों जैसे बर्फीले साइबेरिया और सुंदर काकेशस की लोक परंपराओं को शानदार रंगों और संगीत के साथ दिखाया जाएगा। शो का सबसे बड़ा आकर्षण ''जयति जया मामा भारतम'' होगा। इसमें भारतीय कलाकार रूस के बैले डांसरों के साथ मिलकर मंच साझा करेंगे। यह पहली बार होगा जब रूसी और भारतीय लोक नृत्यों का ऐसा अद्भुत तालमेल दर्शकों को देखने को मिलेगा। इस प्रोजेक्ट का एक हिस्सा 'एजुकेशनल एक्सचेंज' है। रूस का मशहूर 'गवर्नरेट बैले स्कूल' और भारत की 'संगीत नाटक अकादमी' मिलकर काम कर रहे हैं। इस दौरान भारतीय कलाकारों को रूसी डांस की बारीकियां सिखाई जाएंगी। वहीं रूसी कलाकारों को भारतीय कोरियोग्राफर सुभाष नकाशे भारतीय नृत्य के तत्वों से रूबरू कराएंगे। भविष्य में, चुनिंदा भारतीय कलाकारों को रूस के प्राचीन शहर कोस्त्रोमा में जाकर प्रशिक्षण लेने का मौका भी मिलेगा। यह प्रोजेक्ट ● शेष पेज 11 पर

# 'सविष्कार स्टार्टअप संगम 2026' का शुभारंभ

❒ नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने दी जलाकर कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ में आयोजित 'सविष्कार स्टार्टअप संगम 2026' का शुभारंभ किया। यह राष्ट्रीय स्तर का सम्मेलन विकसित भारत 2047 की परिकल्पना के अनुरूप आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य नवाचार, उद्यमिता तथा युवाओं के नेतृत्व में राष्ट्र निर्माण को प्रोत्साहित करना है।

कार्यक्रम में देशभर से 400 से अधिक विद्यार्थी, स्टार्टअप संस्थापक, नवप्रवर्तक, शोधकर्ता एवं उद्योग जगत के प्रतिनिधि सहभागी हुए।अपने संबोधन में मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि मा. प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नवाचार को केवल तकनीकी प्रयोग तक सीमित न रखकर उसे शासन, उद्योग, शिक्षा और सामाजिक विकास से जोड़ा गया है। नीतिगत समर्थन, डिजिटल आधार, वित्तीय प्रोत्साहन और वैश्विक दृष्टि के कारण आज भारत विश्व के प्रमुख स्टार्टअप हब के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि नवाचार अब महानगरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों तक भी पहुंच चुका है।मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि भारत में शोध कार्य बहुआयामी और तेजी से विकसित हो रहे हैं। युवा प्रतिभा, तकनीकी संसाधन और मजबूत नीति समर्थन के संयोजन से भारत वैश्विक नवाचार मानचित्र पर अपनी सशक्त पहचान स्थापित कर रहा है।उन्होंने कहा कि मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को विकास की नई गति और नई दिशा प्राप्त हुई है। विकसित उत्तर प्रदेश का लक्ष्य, विकसित भारत अ2047 के राष्ट्रीय संकल्प को मजबूत आधार प्रदान कर रहा है। राज्य सरकार युवाओं और स्टार्टअप्स के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है, जिनका लाभ लेकर युवा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री शर्मा ने युवा उद्यमियों एवं छात्रों से संवाद करते हुए उन्हें नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप इकोसिस्टम तभी सफल होगा जब हम आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को व्यवहार में उतारेंगे। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया और इसके साथ ही आयोजकों से आग्रह किया कि इस तरह के आयोजन में सरकारी स्टॉल भी लगाए जाएं।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रोफ़ेसर दीपक नगड़िया, संयोजक निसर्ग राठौर, अभय प्रताप सिंह, तेजस्विनी, सत्यम तिवारी सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आए युवा उद्यमी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# आधुनिक भारत में डॉ. बी आर अम्बेडकर के विचारों की महत्ता के बारे में बैठक कर की गयी चर्चा

❒ डॉ.अम्बेडकर के विचारों को न्यायमूर्ति डॉ. गौतम चौधरी ने मंच पर रखा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कोरांव, प्रयागराज। शनिवार को ''आधुनिक भारत में डॉ बी आर आंबेडकर के विचारों की महत्ता'' कार्यक्रम हुआ। विश्वनाथ जन कल्याण सेवा संस्थान और प्रगति शिक्षा न्यास ने इसका आयोजन किया था।मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति डॉ गौतम चौधरी ने ''एक पेड़ मां के नाम'' पौधारोपण किया और प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर नीरज त्रिपाठी, एसपी गौड, राजमणि कोल, राजेश शुक्ल ने भी पौधे रोपे।

डॉ.अम्बेडकर के विचारों को न्यायमूर्ति डॉ. गौतम चौधरी ने मंच पर रखा। उन्होंने कहा कि डॉ अम्बेडकर गरीब और मजलूम के साथ खड़े रहते थे और हर समाज के लोगों के साथ न्याय के लिए लड़ते थे। उनकी मूर्ति हर ऑफिस में लगी है, जो उनकी व्यापक पकड़ को दर्शाती है।उन्होंने कहा कि डॉ अम्बेडकर स्पष्ट विचार के थे और किसी धर्म के खिलाफ नहीं थे। 1932 में उन्होंने कहा था कि हिन्दू मरना नहीं चाहता, लेकिन दलितों को भी मंदिर में प्रवेश मिलना चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि हिन्दू एक संस्कृति है और जिंदगी जीने की एक पद्धति है, धर्म अनेक हो सकते हैं लेकिन किसी देश का कोई धर्म नहीं हो सकता।उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपनी सीक्रेट एजेंडा के लिए लोगों को भ्रमित न करें, बल्कि समाज के सब लोगों को जोड़ने का कार्य करें, जिससे भारत मां की शिर ऊंचा हो। उन्होंने कहा कि सबका हित और सबका विकास ही सबका कल्याण है। लोगों ने उनके विचारों का समर्थन किया।कार्यक्रम में नर सिंह केशरी, ओम प्रकाश केशरी, अजीत प्रताप सिंह, राम अवध त्रिपाठी, मुकेश कोल, संतरा देवी, हेमवती अधिवक्ता, रामेश्वर द्विवेदी, बबलू सिंह बहियारी (कवि )मथुरा यादव डिप्टी रेंजर, मानवेन्द्र सिंह वन दरोगा, जगपत कुशवाहा वन रक्षक गुलजार अहमद सहित कई लोग शामिल हुए। सुरक्षा व्यवस्था में थाना कोरांव इंस्पेक्टर राकेश कुमार वर्मा और पुलिस बल मौजूद रहे।

## अनिश्चितकालीन धरना को एसीपी ने कराया समाप्त



**कोरांव, प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भूदान विवादित मामले को लेकर बरनपुर गांव के लोगों ने तहसील कोरांव कैंपस में पांच दिन से अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया था। शनिवार को एसीपी मेजा संत प्रसाद उपाध्याय, तहसीलदार कोरांव विनय कुमार बरनवाल, और इंस्पेक्टर कोरांव राकेश कुमार वर्मा ने धरने पर बैठे लोगों से वार्ता की। एसीपी ने आश्वासन दिया कि विभाग के उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजी गई है और जल्द ही फसल कुर्क होगी। इस आश्वासन पर लोगों ने अनिश्चितकालीन धरना समाप्त कर दिया। अगर मंगलवार तक कार्यवाही नहीं हुई, तो लोग फिर से धरने पर बैठेंगे।

## यमुनानगर में आधी रात असलहाधारियों का आतंक, पुराना मकान और चार दुकानें जमींदोज, फायरिंग से दहशत

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज के यमुनानगर इलाके में शुक्रवार आधी रात उस समय हड़कंप मच गया, जब 15 से 20 की संख्या में पहुंचे असलहाधारियों ने करछना थाना क्षेत्र के डीहा गांव में पुराना मकान और चार गुमटी दुकानों को बैकहो लोडर (बुलडोजर) से जमींदोज कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आरोपितों ने बाजार के समीप नहर पर जाकर हवाई फायरिंग भी की, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। सूचना पर पुलिस पहुंची, लेकिन तब तक सभी आरोपी फरार हो चुके थे।जानकारी के अनुसार, डीहा गांव में स्थित पुरानी साधन सहकारी समिति का भवन जर्जर होने के कारण पहले ही दूसरी जगह स्थानांतरित किया जा चुका था। इसी भवन में राज प्रताप सिंह रह रहे थे। पास में नन्हे निषाद, हरी लाल यादव, बाबा दिन सोनकर और प्रदीप शर्मा की गुमटी दुकानें संचालित थीं, जिन्हें भी क्षति पहुंची है।घटना शुक्रवार रात करीब 12 बजे की बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने शोरगुल और तोड़फोड़ की आवाज सुनकर पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों का दावा है कि आरोपितों ने जाते समय नहर के पास फायरिंग की। हालांकि करछना थाना प्रभारी ने फायरिंग की घटना से इंकार करते हुए कहा है कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।ग्रामीणों में घटना को लेकर रोष व्याप्त है। वहीं पुलिस प्रशासन ने स्थिति सामान्य बताते हुए जांच के बाद तथ्य स्पष्ट करने की बात कही है।

## आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के आरोप में नामित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज के यमुनानगर क्षेत्र अंतर्गत थाना कौंधियारा पुलिस टीम ने आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के एक मामले में नामित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार, मु0अ0सं0 57/26 धारा 115(2)/351(2)/108 बीएनएस के तहत दर्ज मुकदमे में नामजद अभियुक्त सत्यप्रकाश पुत्र बटुक नारायण पाण्डेय, निवासी ग्राम लहबरा थाना कौंधियारा, को शनिवार को मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।मामले की वादिनी श्रीमती कोमल पत्नी स्वर्गीय अंकुर पाण्डेय, निवासी ग्राम लहबरा अकोढ़ा, ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि अभियुक्तगणों द्वारा उनके पति अंकुर पाण्डेय के साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। इससे आहत होकर अंकुर पाण्डेय ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। तहरीर के आधार पर थाना कौंधियारा में संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था।पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त सत्यप्रकाश (उम्र करीब 33 वर्ष) ने बताया कि मृतक अंकुर पाण्डेय के साथ मुंबई से लाए गए साउंड सिस्टम के बंटवारे को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद यह घटना घटित हुई।गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सत्येंद्र प्रताप सिंह एवं कांस्टेबल आशीष सिंह शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि प्रकरण की विस्तृत जांच जारी है।

## आगरा मंडल के छाता-कोसीकलां खंड में ऑटोमैटिक सिग्नलिंग शुरू

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल में छाताऽकोसीकलां खंड की तीसरी और चौथी लाइन पर ऑटोमैटिक सिग्नलिंग प्रणाली सफलतापूर्वक शुरू कर दी गई है। यह कार्य महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह के मार्गदर्शन में प्रोजेक्ट यूनिट टूंडला द्वारा पूरा किया गया। नई प्रणाली लागू होने से ट्रेनें अब कम दूरी पर भी सुरक्षित रूप से चलाई जा सकेंगी, जिससे लाइन क्षमता बढ़ेगी और समयपालन में सुधार आएगा।इस परियोजना के तहत 10.20 किलोमीटर खंड में नई रिले हट्स का निर्माण, ख्रख्रख-ऋइलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम में तकनीकी उन्नयन, ख्रट्टक्ङ्मए ड्यूल डिटेक्शन सिस्टम की स्थापना तथा फायर अलार्म और इंटीग्रेटेड पावर सप्लाई जैसी आधुनिक व्यवस्थाएं लागू की गई हैं। साथ ही लेवल क्रॉसिंग गेट्स पर भी तीसरी और चौथी लाइन के अनुरूप आवश्यक तकनीकी परिवर्तन किए गए हैं।वर्तमान वित्तीय वर्ष में आगरा मंडल के विभिन्न खंडों में कुल 40 किलोमीटर लंबाई में तीसरी और चौथी लाइनों पर ऑटोमैटिक सिग्नलिंग प्रणाली चालू की जा चुकी है। यह उपलब्धि रेलवे की संरक्षा, क्षमता वृद्धि और समयबद्ध संचालन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## झूंसी में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज के झूंसी क्षेत्र में कथित अवैध प्लाटिंग के विरोध में एक दर्जन से अधिक अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को सिविल लाइंस स्थित इंदिरा भवन में प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) उपाध्यक्ष कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं का आरोप है कि जोनल अधिकारी और अवर अभियंताओं की मिलीभगत से मनमाने ढंग से बड़े पैमाने पर अवैध प्लाटिंग कराई जा रही है, जबकि छोटी बाउंड्री दीवारों पर त्वरित कार्रवाई कर दी जाती है।प्रदर्शनकारियों ने कहा कि शिकायतों के बावजूद उच्च अधिकारी गंभीरता नहीं दिखाते। उनका आरोप है कि ध्वस्तीकरण के नाम पर धन उगाही की जा रही है और दबाव में की गई कार्रवाई के बाद भी कुछ ही दिनों में दोबारा निर्माण हो जाता है। अधिवक्ता लवलेश मिश्र ने बताया कि सात और नौ फरवरी को लिखित शिकायत देने के बाद भी अवैध प्लाटिंग पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।धरने के दौरान झूंसी के जोनल अधिकारी ने वार्ता कर शनिवार को अवैध निर्माण हटाने का आश्वासन दिया। वहीं पीडीए सचिव अजीत सिंह ने कहा कि अवैध निर्माण के खिलाफ लगातार कार्रवाई हो रही है और यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है तो जांच कर संबंधित अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया जाएगा।

## करछना में अधिवक्ता से मारपीट के आरोप पर थाने का घेराव

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** करछना थाना क्षेत्र में एक अधिवक्ता के साथ पुलिस कर्मियों द्वारा मारपीट के आरोप को लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश फैल गया। घटना के विरोध में अधिवक्ता थाने पहुंचे और संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन किया।मामले की जानकारी मिलने पर सुनील कुमार सिंह, एसीपी करछना, मौके पर पहुंचे और अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों से वार्ता की। उन्होंने निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद स्थिति शांत हुई।अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा। पुलिस प्रशासन ने मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कही है।

# यूजीसी एक्ट 2026 की बहाली को लेकर डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज । प्रयागराज में 'यूजीसी एक्ट 2026 बचाओ समता आंदोलन' के राज्यव्यापी आह्वान पर जिलाधिकारी कार्यालय (इलाहाबाद) परिसर में दोपहर 12 बजे शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी कार्यालय प्रयागराज के समक्ष यूजीसी एक्ट 2026 की बहाली तथा शिक्षण संस्थानों में कथित जातिगत भेदभाव और उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाई।प्रदर्शन को संबोधित करते हुए संयोजक डॉ. कमल उसरी ने कहा कि यूजीसी एक्ट 2026 की बहाली सामाजिक न्याय की लड़ाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कानून छात्रों के लंबे संघर्ष, जनहित याचिकाओं और सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद अस्तित्व में आया, किंतु वर्तमान में स्थगनादेश के कारण प्रभावी रूप से लागू नहीं हो पा रहा है। उन्होंने एक्ट के समर्थन में बंद किए गए लोगों की रिहाई की मांग भी उठाई।प्रदर्शन में अधिवक्ता अशोक धुरिया, धीरेन्द्र यादव, कमलेश पाल सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। आयोजकों ने घोषणा की कि यूजीसी एक्ट 2026 की बहाली तक आंदोलन जारी रहेगा।

# देसी गाय के गोबर से तैयार हो रहे होलिका दहन के लट्ठे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । होली के पावन पर्व को पर्यावरण अनुकूल बनाने के उद्देश्य से नगर निगम लखनऊ द्वारा एक सराहनीय पहल की जा रही है। नगर निगम के कान्हा उपवन में देसी गाय के गोबर से होलिका दहन के लिए विशेष लट्ठे तैयार किए जा रहे हैं। इन लट्ठों का धार्मिक, आध्यात्मिक तथा पर्यावरणीय दृष्टि से विशेष महत्व बताया जा रहा है।पशु कल्याण अधिकारी डॉ अभिनव वर्मा के अनुसार देसी गाय के गोबर से बने लट्ठों के दहन से वातावरण शुद्ध एवं पवित्र होता है तथा प्रदूषण में कमी आती है। पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार गोबर से किया गया होलिका दहन सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है और पर्यावरण को नुकसान भी कम पहुंचाता है।इच्छुक नागरिक देसी गाय के गोबर से तैयार लट्ठे मात्र 5 रुपये प्रति लट्ठे की दर से प्राप्त कर सकते हैं। 200 से अधिक लट्ठों की खरीद पर निशुल्क होम डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके लिए श्री सोनू सिंह से मोबाइल नंबर 9140876200 एवं 9451149355 पर संपर्क किया जा सकता है।

# आखिर होलिका दहन की भूमि से कब हटेगा कब्जा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव, प्रयागराज। प्रयागराज के ग्राम पंचायत खपटिहा में होलिका दहन के नाम पर दर्ज भूमि पर अवैध कब्जा का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि हजारी लाल गुप्ता और राजेश कुमार गुप्ता ने इस भूमि पर कब्जा कर रखा है और यहां तक कि मकान भी बना लिया है।ग्रामीणों ने कई बार तहसील प्रशासन को शिकायत की है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। एसडीएम ने राजस्व निरीक्षक से रिपोर्ट मांगी थी, लेकिन अभी तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया है।होलिका दहन में मात्र एक दिन बचा है, लेकिन अभी तक भूमि खाली नहीं हुई है। ग्रामीणों में आक्रोश है और वे कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## जनपद न्यायालय परिसर में फल/जूस व फोटोस्टेट दुकानों की नीलामी 16 मार्च को

प्रयागराज। प्रयागराज स्थित जनपद न्यायालय परिसर में संचालित फल/जूस तथा फोटोस्टेट दुकानों की नीलामी वित्तीय वर्ष 2026ऽ2027 के लिए 16 मार्च 2026 को आयोजित की जाएगी। नीलामी प्रक्रिया अपराह्न 4:30 बजे 24 न्याय भवन के प्रथम तल पर स्थित अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-1 के न्याय कक्ष में संपन्न होगी।नीलामी समिति के अध्यक्ष एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-1, राम प्रताप सिंह राणा ने जानकारी दी है कि इच्छुक व्यक्ति कार्यालय समय में केन्द्रीय नजारत से संबंधित दुकान का नीलामी विवरण एवं शर्तें प्राप्त कर सकते हैं।प्रशासन ने सभी इच्छुक अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की है।

# शहीद भगत सिंह वार्ड में स्वास्थ्य केंद्र के सामने कूड़े का अंबार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। स्मार्ट सिटी और स्वच्छता के बड़े-बड़े दावों के बीच ज़मीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। शहीद भगत सिंह वार्ड 13 प्रथम, अमराई गांव में स्थित आयुष्मान नगरीय आरोग्य मंदिर स्वास्थ्य केंद्र के ठीक सामने सड़क पर फैला कूड़े का अंबार नगर निगम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।स्थानीय लोगों के अनुसार, करीब 20 फीट चौड़ी सड़क का लगभग आधा हिस्सा कूड़े से घिरा हुआ है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है और अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है।

बची हुई संकरी सड़क से लोगों को गुजरना पड़ता है, वहीं चारों ओर फैली दुर्गंध से राहगीरों और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।चिंताजनक पहलू यह है कि इसी गंदगी के सामने आयुष्मान नगरीय आरोग्य मंदिर स्थित है, जहां इलाज के लिए आने वाले मरीजों को संक्रमण और बीमारी के खतरे के बीच आना-जाना पड़ रहा है। इसके बावजूद न तो यहां कूड़ेदान की व्यवस्था है और न ही नियमित सफाई।स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि सफाई के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई जाती है और वास्तविक कार्रवाई शून्य है। यह हालात साफ तौर पर नगर निगम कर्मचारियों और संबंधित अधिकारियों की लापरवाही को उजागर करते हैं।अब सवाल यह है कि क्या यही स्मार्ट सिटी की पहचान है? और क्या जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर समस्या पर कोई ठोस कदम उठाएंगे या तस्वीरें ही जवाब बनकर रह जाएंगी।


## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

## होली विशेष रेलगाड़ियाँ-2026 की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी होली त्यौहार के दौरान पहले से ही घोषित अनेक होली विशेष रेलगाड़ियों के अलावा रेलवे द्वारा निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:—

**02877/02878 राँची जं. – आनन्द विहार (ट.) – राँची जं. होली स्पेशल रेलगाड़ी** — 03 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 02877 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 02878 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 16:25 | राँची जं. | 19:10 | -- |
| 18:00 | -- | आनन्द विहार (ट.) | -- | 19:30 |

चलने के दिन: **02877 राँची जं.** से (शनिवार) दिनांक 07.03.2026 को एवं **02878 आनन्द विहार (ट.)** से (प्रत्येक रविवार) दिनांक 01.03.2026 एवं 08.03.2026 को।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: मेसरा, बरकाकाना, खलारी, टोरी जं., लातेहार, डाल्टनगंज, गढ़वा रोड जंक्शन, नगर उंटारी, रेनुकूट, चोपन, सोनभद्र, चुनार, मिर्जापुर, सुबेदारगंज, गोविंदपुरी, टूण्डला जंक्शन एवं गाजियाबाद स्टेशन।

**04654/04653 अमृतसर जं. – न्यू जलपाईगुड़ी – अमृतसर जं. सुपरफास्ट स्पेशल रेलगाड़ी** — 08 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04654 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04653 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 08:35 | अमृतसर जं. | 16:20 | -- |
| 17:45 | -- | न्यू जलपाईगुड़ी | -- | 06:45 |

चलने के दिन: **04654 अमृतसर जं.** से (प्रत्येक बुधवार) दिनांक 04.03.2026 से 25.03.2026 तक एवं **04653 न्यू जलपाईगुड़ी जं.** से (प्रत्येक शुक्रवार) दिनांक 06.03.2026 से 27.03.2026 तक।
स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: सहारनपुर जंक्शन, मुरादाबाद, सीतापुर जंक्शन, गोरखपुर जंक्शन, छपरा, मुज़फ्फरपुर जंक्शन, समस्तीपुर जंक्शन, कटिहार जंक्शन एवं किशनगंज स्टेशन।

**04823/04824 जोधपुर जं. – मऊ जं. – जोधपुर जं. स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 10 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04823 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04824 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 17:00 | जोधपुर जं. | 08:40 | -- |
| 13:25 | 13:35 | लखनऊ जं. | 11:35 | 11:45 |
| 23:20 | -- | मऊ जं. | -- | 04:00 |

चलने के दिन: **04823 जोधपुर जं.** से (प्रत्येक रविवार) दिनांक 01.03.2026 से 29.03.2026 तक एवं **04824 मऊ जं.** से (प्रत्येक रविवार) दिनांक 03.03.2026 से 31.03.2026 तक।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: पीपाड़ रोड जं., गोतन, मेड़ता रोड जं., रेन, डिगाना जं., मकराना जं., कुचामन सिटी, नावा सिटी, फुलेरा जं., जयपुर जं., बांदीकुई जं., मंडावर एम. रोड, खेड़ली, नदबई, भरतपुर जं., मथुरा जं., हाथरस सिटी, कासगंज जं., फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ जं., अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., शाहगंज जं., खोरासन रोड, आजमगढ़ एवं मुहम्मदाबाद स्टेशन।

**05101/05102 गोरखपुर जं. – नई दिल्ली – गोरखपुर जं. स्पेशल रेलगाड़ी** — 10 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05101 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05102 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 18:00 | गोरखपुर जं. | 23:45 | -- |
| 07:30 | -- | नई दिल्ली | -- | 09:45 |

चलने के दिन: **05101 गोरखपुर जं.** से (प्रत्येक मंगलवार, गुरूवार, शनिवार) दिनांक 05.03.2026 से 14.03.2026 तक एवं **05102 नई दिल्ली जं.** से (प्रत्येक बुधवार, शुक्रवार, रविवार) दिनांक 06.03.2026 से 15.03.2026 तक।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा जंक्शन, बुढ़वल जंक्शन, सीतापुर जंक्शन, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद एवं गाजियाबाद स्टेशन।

**04684/04683 अमृतसर जं. – अयोध्या धाम जं. – अमृतसर जं. स्पेशल रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04684 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04683 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 14:30 | अमृतसर जं. | 16:30 | -- |
| 10:35 | -- | अयोध्या धाम जं. | -- | 17:30 |

चलने के दिन: **04684 अमृतसर जं.** से (गुरूवार) दिनांक 05.03.2026 को एवं **04683 अयोध्या धाम जं.** से (शनिवार) दिनांक 07.03.2026 को।
स्थान: शयनयान।
ठहराव: जलंधर सिटी जं., लुधियाना जंक्शन, धूरी जंक्शन, पटियाला, अंबाला छावनी जंक्शन, सहारनपुर जंक्शन, मुरादाबाद जंक्शन एवं लखनऊ स्टेशन।

**09019/09020 बांद्रा टर्मिनस – गोरखपुर जं. – बांद्रा टर्मिनस अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09019 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09020 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 08:35 | बांद्रा टर्मिनस | 09:45 | -- |
| 14:48 | 14:53 | लखनऊ जं. | 05:10 | 05:15 |
| 20:40 | -- | गोरखपुर जं. | -- | 23:35 |

चलने के दिन: **09019 बांद्रा टर्मिनस** से (रविवार) दिनांक 01.03.2026 को एवं **09020 गोरखपुर जं.** से (सोमवार) दिनांक 02.03.2026 को।
स्थान: सामान्य।
ठहराव: बोरीवली, पालघर, दहानू रोड, वापी, वलसाड, नवसारी, उधना जंक्शन, सूरत, सायन, भरूच जंक्शन, वडोदरा जंक्शन, गोधरा जंक्शन, दाहोद, रतलाम जंक्शन, नागदा जंक्शन, उज्जैन जंक्शन, मकसी जंक्शन, शुजालपुर, सीहोर, संत हिरदाराम नगर, बीना जंक्शन, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जंक्शन, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, बाराबंकी जंक्शन, गोंडा जंक्शन, मानिकपुर जंक्शन, बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशन।

**09713/09714 फुलेरा जं. – दिल्ली सराय रोहिल्ला – फुलेरा जं. अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09713 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09714 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 11:40 | फुलेरा जं. | 02:30 | -- |
| 18:05 | -- | दिल्ली सराय रोहिल्ला | -- | 19:10 |

चलने के दिन: **09713 फुलेरा जं.** एवं **09714 दिल्ली सराय रोहिल्ला** से (सोमवार एवं बुधवार) दिनांक 02.03.2026 से 04.03.2026 तक।
स्थान: सामान्य।
ठहराव: रेनवाल, रिंगस जंक्शन, श्री माधोपुर, कानवत, नीम का थाना, मावंडा, डाबला, नारनौल, अटेली, कुंड, रेवाड़ी जंक्शन, पटौदी रोड, गुरुग्राम एवं दिल्ली कैंट स्टेशन।

**05089/05090 छपरा जं. – आनन्द विहार (ट.) – छपरा जं. स्पेशल रेलगाड़ी** — 08 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05089 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05090 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 20:00 | छपरा जं. | 15:30 | -- |
| 18:10 | -- | आनन्द विहार (ट.) | -- | 19:40 |

चलने के दिन: **05089 छपरा जं.** से (प्रत्येक गुरूवार एवं शनिवार) दिनांक 05.03.2026 से 14.03.2026 तक एवं **05090 आनन्द विहार (ट.)** से (प्रत्येक शुक्रवार एवं रविवार) दिनांक 06.03.2026 से 15.03.2026 तक।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: मशरख जंक्शन, दिघवा दुबौली, थावे, पडरौना, रुड़की, कप्तानगंज, गोरखपुर जंक्शन, खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बुढ़वल, सीतापुर, शाहजहाँपुर, बरेली जंक्शन, मुरादाबाद एवं गाजियाबाद जंक्शन।

**05071/05072 छपरा जं. – आनन्द विहार (ट.) – छपरा जं. स्पेशल रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05071 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05072 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 15:00 | छपरा जं. | 08:15 | -- |
| 10:20 | -- | आनन्द विहार (ट.) | -- | 11:30 |

चलने के दिन: **05071 छपरा जं.** से (प्रत्येक सोमवार) दिनांक 02.03.2026 से 16.03.2026 तक एवं **05072 आनन्द विहार (ट.)** से (प्रत्येक मंगलवार) दिनांक 03.03.2026 से 17.03.2026 तक।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: मशरख जंक्शन, दिघवा दुबौली, थावे, पडरौना, रुड़की, कप्तानगंज, गोरखपुर जंक्शन, खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बुढ़वल, सीतापुर, शाहजहाँपुर, बरेली जंक्शन, मुरादाबाद एवं गाजियाबाद जंक्शन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# एआई डॉक्टरों का विकल्प नहीं, बल्कि उनकी क्षमता बढ़ाने का सशक्त माध्यम: विशेषज्ञ

❒ कार्यक्रम का उद्घाटन प्रो. सोनिया नित्यानंद, कुलपति, किंग जॉर्ज ' मेडिकल यूनिवर्सिटी द्वारा किया गया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखनऊ। एआईडीएए लखनऊ सिटी ब्रांच द्वारा एयरवे मैनेजमेंट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं सिमुलेशन की भूमिका विषय पर एक महत्वपूर्ण सीएमई (कंटिन्यूग मेडिकल एजुकेशन) एवं हैंड्स-ऑन कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में एनेस्थीसिया एवं क्रिटिकल केयर क्षेत्र के विशेषज्ञों ने आधुनिक चिकित्सा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सिमुलेशन तकनीक की बढ़ती भूमिका पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रो. सोनिया नित्यानंद, कुलपति, किंग जॉर्ज ' मेडिकल यूनिवर्सिटी द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रो. मोनिका कोहली, विभागाध्यक्ष एनेस्थीसिया, केजीएमयू; डॉ. सोहन सोलंकी (टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल); डॉ. तन्मय तिवारी तथा डॉ. हेमलता सहित अनेक वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित रहे। विशेषज्ञों ने बताया कि एआई आधारित तकनीक एयरवे मैनेजमेंट के दौरान रोगी की सुरक्षा को कई गुना बढ़ा सकती है। यह कठिन एयरवे की पूर्वानुमान (Prediction), रियल-टाइम डेटा विश्लेषण, और आपातकालीन स्थितियों में त्वरित निर्णय लेने में सहायक सिद्ध हो रही है। एआई से युक्त मॉनिटरिंग सिस्टम रोगी के शारीरिक मानकों का अधिक सटीक विश्लेषण कर संभावित जटिलताओं की पहले से पहचान कर सकते हैं।कार्यशाला में सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण पर विशेष बल दिया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि हाई-फिडेलिटी सिमुलेशन लैब में डॉक्टरों को जटिल परिस्थितियों का अभ्यास कराया जा सकता है, जिससे वास्तविक ऑपरेशन थिएटर में त्रुटियों की संभावना कम होती है। सिमुलेशन तकनीक से टीमवर्क, संचार कौशल और संकट प्रबंधन क्षमता भी बेहतर होती है।डॉ विशाल देव , Indian Council of Medical Research ने एनेस्थीसिया में एआई के जिम्मेदार और वैज्ञानिक उपयोग पर बल देते हुए इसे एक उन्नत सहायक तकनीक बताया, जो उपचार की गुणवत्ता को मानकीकृत (Standardize) करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।डॉ. तनमय तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि एआई डॉक्टरों का विकल्प नहीं है, बल्कि उनकी बौद्धिक क्षमता और क्लिनिकल निर्णय को सशक्त बनाने का साधन है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एआई का उपयोग नियमित प्रशिक्षण, सतत शिक्षण और कौशल विकास कार्यक्रमों के साथ मिलकर किया जाना चाहिए।

मानव अनुभव और तकनीकी बुद्धिमत्ता का संतुलित समन्वय ही भारत में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।उन्होंने यह भी बताया कि एआई आधारित निर्णय-सहायता प्रणाली और टेली-सपोर्ट तकनीक के माध्यम से ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों में भी उच्च गुणवत्ता वाली एनेस्थीसिया एवं एयरवे सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एनेस्थीसियोलॉजिस्ट, रेजिडेंट डॉक्टरों एवं स्नातकोत्तर छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डॉ अपर्णा शुक्ला , डॉ दिनेश कौशल, डॉ मनोज चौरसिया डॉ मनोज गिरी डॉ आशीष कन्नौजिया आदि उपस्थित रहे

## प्राथमिक विद्यालय में मनाया गया वार्षिक उत्सव के साथ सम्मान समारोह




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ । गोसाईगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिठौली खुर्द के प्राथमिक विद्यायल में वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक अमरेश कुमार रावत रहे। गोसाईगंज के ब्लॉक प्रमुख विनय कुमार वर्मा (डिम्पल) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।मौक़े पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक की ओर से सभी लोगों को प्रेम भाव के साथ होली मनाने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि होली रंगों का त्यौहार है।इसे हिल मिल कर मनाए। उन्होंने इस दिन सभी लोगो से नशे से दूर रहते हुए होली का पूर्ण आनंद ले ने की बात कही गई।।इस कार्यक्रम में बच्चों द्वारा स्वागत गीत ,स्वागतम स्वागतम गाया गया ।इससे पहले बहुत ही मनोरंजक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।संचालन जमील अहमद अमेठवी ने किया। इस मौके परप्राध्यापिका आभा यादव, आयोजक ब्लॉक अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ,देवेंद्र प्रताप सिंह बच्चों के अभिभावक भी मौजूद रहे।

# धतिंगरा में रात तीन बजे छापा, 2192 घन मीटर अवैध मिट्टी खनन पकड़ा

❒ तीन भरे व तीन खाली डंपर और जेसीबी सीज, खातेदारों पर 5 लाख का जुर्माना

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बख्शी का तालाब, लखनऊ। तहसील क्षेत्र के धतिंगरा गांव में बीती रात प्रशासन ने अवैध मिट्टी खनन पर बड़ी कार्रवाई की। उपजिलाधिकारी साहिल कुमार और नायब तहसीलदार आकाश पांडेय के नेतृत्व में टीम ने रात्रि करीब तीन बजे छापेमारी कर गाटा संख्या 218 रकबा 0.1320 और गाटा संख्या 252 रकबा 1.0290 पर व्यापक स्तर पर अवैध खनन पकड़ा। जांच में मौके पर कुल 2192 घन मीटर मिट्टी का अवैध खनन पाया गया।

प्रशासन ने संबंधित जमीन के खातेदारों भारती नागपाल व प्रिया तनरेजा पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। कार्रवाई के दौरान खनन में संलिप्त तीन मिट्टी से भरे डंपर और तीन खाली डंपर को सीज कर सैरपुर थाना के सुपुर्द कर दिया गया। साथ ही मौके पर खड़ी एक जेसीबी मशीन भी जब्त कर ली गई।नायब तहसीलदार आकाश पांडेय ने बताया कि जेसीबी चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी गई है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी रात्रि गश्त व औचक निरीक्षण जारी रहेंगे।रात के सन्नाटे में चल रहे इस अवैध कारोबार पर प्रशासन की अचानक कार्रवाई से खनन माफिया में हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोगों ने भी कार्रवाई का स्वागत करते हुए अवैध खनन पर स्थायी रोक लगाने की मांग की है।

# होली पर सम्मान का रंग: रसोइयों को साड़ी मिठाई और गुलाल भेंट कर दी शुभकामनाएं



**कैनविज टाइम्स संवाददात**

नगराम, लखनऊ। होली के पावन अवसर पर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय गुमानी खेड़ा में सादगी और सम्मान के साथ रसोइयों को साड़ी, मिठाई और गुलाल भेंट कर होली की शुभकामनाएं दी गईं। उपहार पाकर रसोइयों के चेहरों पर होली की मुस्कान खिल उठी।

विद्यालय में आज से होली अवकाश प्रारंभ हो रहा है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार वर्मा एवं सहायक अध्यापिका वंदना ने विद्यालय की रसोइया जगदेई और बबली तथा विद्यालय में जनसेवा करने वाले रामसागर को साड़ी, मिठाई और गुलाल देकर सम्मानित किया। प्रधानाध्यापक अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि विद्यालय की रसोइयां अत्यंत मेहनतकश हैं और विद्यालय के हरियाली एवं सुव्यवस्थित वातावरण में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। विद्यालय परिवार द्वारा प्रत्येक त्यौहार पर उन्हें उपहार देकर सम्मानित करने की परंपरा निभाई जाती है। कार्यक्रम के दौरान आपसी स्नेह, सम्मान और उत्साह का वातावरण बना रहा तथा सभी ने एक-दूसरे को रंगों के पर्व होली की शुभकामनाएं दीं।

## शहजादेपुर में भक्ति का सैलाब: कथा पूर्णाहुति पर भव्य मूर्ति स्थापना



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज क्षेत्र के शहजादेपुर गांव में शनिवार को श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रीमद्भागवत कथा की पूर्णाहुति के साथ काशी विश्वनाथ मंदिर में शिवलिंग सहित शिव परिवार, राधा–कृष्ण एवं हनुमान जी की प्रतिमाओं की विधिवत स्थापना की गई। इस पावन अवसर पर हवन–यज्ञ के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का आयोजन पीएस एंड एमएस ग्रुप के डायरेक्टर मोहित शर्मा के नेतृत्व में अत्यंत भव्य और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हवन–यज्ञ से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। भंडारे में दूर–दराज से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर दीपक शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज, अमन सिंह, विपुल सिंह, रवि द्विवेदी, रवि शर्मा एवं हरिओम पटेल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में शोभित और मोनू वर्मा ने विशेष परिश्रम किया। ॄहर–हर महादेवॅ और ॄराधे–राधेॅ के जयघोष से शहजादेपुर गूंजता रहा।

## बलरामपुर अस्पताल को मिले व्हील चेयर और स्ट्रेचर

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मरीजों को चिकित्सीय सहायता पहुंचाने के लिए शनिवार को ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा बलरामपुर अस्पताल को व्हील चेयर और स्ट्रेचर दिए गए। इस मौके पर भाजपा युवा नेता नीरज सिंह, डा0 कविता आर्या निदेशक बलरामपुर अस्पताल, सीएमएस डॉ हिमांशु चतुर्वेदी, ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के राजीव मिश्रा समेत अन्य मौजूद रहे।

## नगराम में युवक पर सोते समय हमला, मुकदमा दर्ज



**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम थाना क्षेत्र के ग्राम अमवा मर्तजापुर में बीती रात एक युवक पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित मो. तौफीक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार रात करीब 12:30 बजे वह घर के बाहर सो रहा था, तभी मो. इरशाद और उसके दो साथियों ने लोहे की रॉड व बांका से उसके सिर पर हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी पहले भी उसे धमकी दे चुके हैं। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## अवैध शराब कारोबार पर पुलिस का शिकंजा

**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक महिला सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गांव के माइनर नहर के पास मुखबिर की सूचना पर की गई कार्रवाई में पुलिस ने कनेरी निवासी कृष्णावती और समित कुमार को दबोच लिया। दोनों के पास से पांच–पांच लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

## पुनः ग्रहण की लखनऊ व्यापार मंडल की सदस्यता



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कंचन स्वीट हाउस इंदिरा नगर में लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र की उपस्थिति में सतनाम सिंह, गुंजन तुलानी, नरेंद्र तुलानी एवं नितिन अग्रवाल ने पुनः लखनऊ व्यापार मंडल की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर सतनाम सिंह ने कहा कि लखनऊ व्यापार मंडल के प्रति उनका विशेष लगाव और आत्मीय जुड़ाव रहा है। उन्होंने कहा कि यह संगठन केवल व्यापारियों के अधिकारों की आवाज़ नहीं, बल्कि एक परिवार की तरह सदस्यों के सुख–दुख में साथ खड़ा रहने वाला सशक्त मंच है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संगठन की कार्यशैली, नेतृत्व क्षमता और व्यापारी हितों के प्रति प्रतिबद्धता से प्रभावित होकर उन्होंने पुनः सदस्यता ग्रहण की है। बैठक में मुख्य रूप से अमरनाथ मिश्र, उत्तम कपूर, देवेंद्र गुप्ता, सुहैल हैदर अल्वी, आदर्श सिंह, पवन सिंह, मनीष वर्मा, नरेश अग्रवाल, चिराग जाखोदिया, अभिषेक सिंह चौहान, आयुष बाजपेई सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा की पूर्णाहुति के साथ काशी विश्वनाथ मंदिर में हुई मूर्ति स्थापना

लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के गांव शहजादेपुर में शनिवार को श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रीमद्भागवत कथा की पूर्णाहुति के साथ काशी विश्वनाथ मंदिर में शिवलिंग सहित, शिव परिवार, राधा-कृष्ण एवं हनुमान की प्रतिमाओं की स्थापना की गई। इस अवसर पर हवन-यज्ञ के साथ विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम मे हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का आयोजन पीएस एंड एमएस ग्रुप के डायरेक्टर मोहित शर्मा की देख रेख में संपन्न हुआ। इस मौके पर पूरा क्षेत्र भक्तिमय रहा। आयोजित विशाल भंडारे में दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। प्रमुख रूप से दीपक शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज, अमन सिंह, विपुल सिंह, रवि द्विवेदी, रवि शर्मा एवं हरिओम पटेल सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शोभित और मोनू वर्मा ने विशेष परिश्रम किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान हर-हर महादेव और ॄराधे-राधे के जयघोष सुनाई देते रहे।

# मोहनलालगंज मे पं. दीनदयाल उपाध्याय भव्य पशु आरोग्य मेला सम्पन्न

❒ उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और विधायक अमरेश रावत ने फीता काटकर किया उद्घाटन, पशुपालकों को दी आधुनिक तकनीक की सौगात

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



मोहनलालगंज, लखनऊ। विकास खण्ड मोहनलालगंज के गनियार मजरा भौदरी में शनिवार को मण्डल स्तरीय पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला शिविर का भव्य आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक और विधायक अमरेश रावत ने फीता काटकर किया।

उद्घाटन के पश्चात गौमाता का विधिवत पूजन एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।उप मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार पशुपालकों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसे मेले किसानों और पशुपालकों को आधुनिक तकनीक, उन्नत नस्ल, टीकाकरण तथा रोग नियंत्रण संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पशुपालकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।

मेले में पशुपालन एवं अन्य विभागों की ओर से कुल 12 काउंटर लगाए गए, जिनमें से 10 काउंटर पशुओं के उपचार, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, दवा वितरण एवं परामर्श के लिए समर्पित रहे। पशुपालकों को अत्याधुनिक उन्नत तकनीकों, संतुलित आहार, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के उपाय तथा पशु रोगों की रोकथाम के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

### बड़ी संख्या में पहुंचे जनप्रतिनिधि व किसान

आयोजन में पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष देवेंद्र कुमार सिंह, निगोहा अभय कात दीक्षित,सूर्यकुमार द्विवेदी कनेरी बृजेश वर्मा, विकास पटेल रामकुमार, विपिन रावत सुनील कुमार पटेल समेसी अशोक कुमार पुरहिया, प्रभाकर त्रिवेदी, सहित दूरदराज क्षेत्रों से आए सैकड़ों कृषक एवं पशुपालक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. अजय कुमार कनौजिया अपर निदेशक ग्रेड-2, पशुपालन विभाग मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश कुमार, जनपद लखनऊ के पशु चिकित्साधिकारी, पशुधन प्रसार अधिकारी, वेटनरी फार्मासिस्ट तथा अन्य कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। मंच संचालन डॉ. नीलम बाला द्वारा किया गया।

### मेले की भव्यता से गदगद दिखे मुख्य अतिथि

मेले में उमड़े अपार जनसमूह ने शिविर का भरपूर लाभ उठाया। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक भाजपा विधायक अमरेश रावत सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने आयोजन की सफलता और भव्यता पर प्रसन्नता व्यक्त की। ग्रामीणों ने भी सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए ऐसे आयोजन नियमित रूप से कराने की मांग की।पशु आरोग्य मेला न केवल पशुपालकों के लिए लाभकारी सिद्ध हुआ, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में जागरूकता और तकनीकी जानकारी के प्रसार का प्रभावी मंच भी बना।

# बिजली विभाग की कथित लापरवाही से संविदा लाइनमैन की मौत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । थाना गुडंबा क्षेत्र में बिजली विभाग की कथित लापरवाही के चलते एक संविदा लाइनमैन की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और सहकर्मियों में भारी आक्रोश देखने को मिला।घटना कल्याणपुर इलाके में जगरानी अस्पताल मुख्य मार्ग (रिंग रोड के पास) की है। मृतक परशुराम (45 वर्ष), पिछले लगभग 20 वर्षों से विद्युत विभाग में संविदा लाइनमैन के रूप में कार्यरत थे।

बताया गया कि देर रात करीब 1:30 से 2:00 बजे के बीच वह 33 केवी लाइन की मरम्मत के लिए पोल पर चढ़े थे। परिजनों का आरोप है कि बिना पूरी तरह शटडाउन किए ही उन्हें कार्य पर भेजा गया, जिससे करंट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई।परिजनों ने विद्युत विभाग के टीजी-2 धीरज रावत पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए इंदिरा नगर सेक्टर-25 पावर हाउस के बाहर प्रदर्शन किया। मौके पर थाना गाजीपुर पुलिस मौजूद रही। समझाइश के बाद विभाग ने मृतक की पत्नी को पेंशन, 2 लाख की आर्थिक सहायता, ?50 हजार अतिरिक्त सहायता तथा बड़ी बेटी को संविदा पर नौकरी देने का आश्वासन दिया, जिसके बाद परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए ले गए।

## होली पर शहर में रहेगी सुचारू जलापूर्ति

लखनऊ। होली पर्व को देखते हुए नगर निगम लखनऊ के जलकल विभाग ने शहर में निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विशेष तैयारियां पूरी कर ली हैं। 04 मार्च 2026 को होली के दिन शहर के सभी क्षेत्रों में पानी की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के लिए विस्तृत व्यवस्था लागू की जाएगी। जीएम जलकल कुलदीप सिंह ने बताया कि नगर निगम के तीनों जलकल प्लांट, सभी ओवरहेड टैंक तथा शहर के सभी नलकूप पूरी तरह से चालू रहेंगे। होली के दिन सभी जोनों में प्रातः 05:00 बजे से 09:00 बजे तक नलकूपों से सीधे जलापूर्ति की जाएगी, ताकि लोगों को सुबह के समय किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके अलावा सभी ओवरहेड टैंकों से दोपहर 12:00 बजे से 02:00 बजे तक उच्च दबाव के साथ पानी की सप्लाई दी जाएगी। वहीं ऐशबाग जलकल, बालागंज जलकल और तृतीय जलकल कठौता से भी निर्धारित समय के अनुसार जलापूर्ति की जाएगी।

## अतुल्या सिंह और दीपांषु रहे उत्कर्ष 2026 के मिस एंड मिस्टर विजेता




लखनऊ । बाबू बनारसी दास एजूकेशनल ग्रुप के वार्षिकोत्सव उत्कर्ष-2026 का शनिवार को समापन हुआ। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कर्ष 2026 की थीम विरासत से विकास तक की श्रृखंला में ग्रुप डांस का बेहतरीन प्रदर्शन किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि बीबीडी यूनिवर्सिटी की चांसलर अलका दास गुप्ता बीबीडी ग्रुप के प्रेसीडेंट एवं प्रो चांसलर बीबीडी यूनिवर्सिटी विराज सागर दास, डायरेक्टर एडीजी स्कूल देवांशी दास एवं बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसीडेंट सोनाक्षी दास रही। उत्कर्ष 2026 के मिस एंड मिस्टर उत्कर्ष के विजेता अतुल्या सिंह और दीपांषु यादव रहे। ओवरआल चैम्पियनशिप ट्राफी बीबीडी यूनिवर्सिटी को प्रदान किया गया।

# वास्तविक इंजीनियर वही है जिसकी शिक्षा समाज व देश के लिए हितकर हो: प्रो. वी. के. सिंह



❒ बंसल इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में दो दिवसीय फ़ेस्ट सृजन 2026 का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। सीतापुर रोड स्थित बंसल इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में दो दिवसीय फ़ेस्ट सृजन 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. वी के. सिंह(पूर्व कुलपति महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर राजस्थान) रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वास्तविक इंजीनियर वही है जिसकी शिक्षा समाज व देश के लिए हितकर हो। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो. सुशील कुमार अग्रवाल ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। दो दिवसीय उत्सव में कॉलेज के छात्र छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें मॉडल प्रजेंटेशन, टेक्निकल क्विज, टेक्निकल राइटिंग, पेपर प्रजेंटेशन जैसे टेक्निकल इवेंट व गायन और नृत्य एवं फैशन शो मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम के दौरान मानवी तिवारी ने एंकर की भूमिका निभाई।

# सरकार विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, सुरक्षा, सम्मान स्वालम्बन व समृद्धि के प्रति निरन्तर प्रयासरत: सांसद

❒ लाभार्थियों को बांटे नि:शुल्क गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का प्रतीकात्मक चेक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा होली के अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 1,500 करोड़ रूपए की धनराशि से उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ उज्जवला परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी वितरण कार्यक्रम लोकभवन सभागार लखनऊ में आयोजित किया गया।

जिसका सीधा प्रसारण शाहजहांपुर में अटल बिहारी बाजपेई प्रेक्षागृह में राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया, ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह, डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह एवं लाभार्थियों की उपस्थिति में देखा गया और उनके द्वारा लाभार्थियों को नि:शुल्क गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का प्रतीकात्मक चेक बांटे गए। इस दौरान राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं सुरक्षा, सम्मान, स्वालम्बन एवं समृद्धि के प्रति निरन्तर प्रयासरत है। प्रधानमंत्री की उज्ज्वला योजना गरीबों के लिए बहुत ही महत्वाकांक्षी है और मुख्यमंत्री ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए आज प्रदेश में 1.86 करोड़ लाभार्थियों के खाते में सीधे गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी धनराशि भेजी है। कहा कि देश में 10 करोड़ से अधिक प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ लाभार्थी ले रहे हैं। इसके अलावा सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी जनकल्याणी योजनाओं का लाभ लोगों को बिना भेदभाव के मिल रहा है। कार्यक्रम के दौरान विधायक अरविन्द सिंह आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। डीएम ने बताया कि जनपद के 3.62 लाख लाभार्थी को लाभ मिला है, प्रत्येक लाभार्थी के उज्ज्वला योजना की सब्सिडी रूपए-553.83 की धनराशि भेजी गई है। इस अवसर पर सहायक आयुक्त (खाद्य)।।/अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन चंद्रशेखर मिश्र, आपूर्ति अधिकारी चमन शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थी आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीण पत्रकार एशोसिएशन इकाई सीतापुर के जिलाध्यक्ष ने परिक्रमा महोत्सव में किया विशाल भंडारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मिश्रित, सीतापुर। अमांवस्या तिथि से मिश्रित नैमिषारण्य तीर्थ की चल रही 84 कोशीय धार्मिक होली परिक्रमा अपने बाहरी 10 पड़ाव पार करके कस्बा मिश्रित आ गई है । यहां पर सभी परिक्रमार्थी पांच दिनों तक अपना टिकासन लगाकर महर्षि दाधीचि की स्मृति में कस्बा मिश्रित की पंच कोसी परिक्रमा करेंगे । तथा पूर्णिमां तिथि को महर्षि दधीचि कुंड तीर्थ में स्नान करके सभी अपने-अपने गृह जनपदों को वापस चले जाएंगे ।

इन सभी परिक्रमार्थियों के स्वागत अभिनंदन में लोग जगह जगह पांडाल लगाकर नि:शुल्क जलपान और भंडारों का आयोजन कर रहे हैं । जिसमें सब्जी , पूड़ी , हलुवा खीर , कढ़ी चावल प्रसाद के रूप में वितरित किया जा रहा है । संत , महंतों , मठाधीशों को भोजनों परांत दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद लिया जा रहा है । इसी क्रम में आज शनिवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जनपद सीतापुर इकाई के जिला अध्यक्ष सुदीप मिश्रा द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया । आयोजित भंडारे में सब्जी , पूड़ी , हलुवा खीर आदि का प्रसाद परिक्रमार्थियों को वितरित किया गया । वहीं संत , महंतों और संन्यासियों को वैदिक रीति रिवाज के अनुसार भोजन कराकर दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया । आयोजित भंडारे में नैमिषारण्य पहला आश्रम के संरक्षक अनिल मिश्र , शुशील मिश्र , राजेश मिश्र , आशुतोष मिश्र , आयुष मिश्र , ऋषिकांत मिश्र , शशीकांत मिश्र , शिवम मिश्र , देवा भैइया के साथ ही संगठन के पत्रकार ज्ञानेंद्र मौर्य , विजय कुमार यादव , श्रवण कुमार मिश्र , प्रथम मिश्रा , रवि शंकर , श्यामा कुमार मौर्य आदि ने प्रसाद ग्रहण कर संत महत्माओं का आशीर्वाद प्राप्त किया ।

# श्याम मंदिर में सतरंगी फागुन महोत्सव भव्य भजन संध्या से गूंजा बिसवां

❒ भजनों पर झूमे श्रद्धालु, श्याम दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब कोई खाली हाथ ना लौटा दरबार से, भाव-विभोर हुए भक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां, सीतापुर। कोतवाली के निकट स्थित स्थानीय श्री श्याम मंदिर में आयोजित श्री श्याम सतरंगी फागुन महोत्सव के अंतर्गत भव्य भजन संध्या श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ गायक मयूर वर्मा ने गणेश वंदना एवं हनुमान स्तोत्र की प्रस्तुति से किया, जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा।

भजन संध्या में देव शुक्ला द्वारा प्रस्तुत भजन ल्लकोई खाली हाथ ना लौटा दरबार सेङ्क ने श्रद्धालुओं को विशेष रूप से भाव-विभोर कर दिया। भजन के दौरान पूरा मंदिर परिसर जयकारों से गूंज उठा और भक्तगण झूमते नजर आए। प्रसिद्धि भजन गायिका दीपांशी तिवारी 'सनातनी' ने ल्लवृंदावन में डोलोगे तो राधे-राधे बोलोगेङ्क एवं ल्लजगन्नाथ चक नेना लीलांचल वाले, तू न संभाले तो हमें कौन संभालेङ्क जैसे भजनों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। वहीं कुमार शुभम ने ल्लकीर्तन की है रात बाबा, आज ठाणे आना हैङ्क भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया।भारी संख्या में उपस्थित श्याम भक्तों ने भजन संध्या का आनंद लिया। कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में डूबे रहे।इस अवसर पर शिव कुमार खेतान, नरेश खेतान, मुकेश खेतान, मनीष खेतान, सौरभ बंसल, रमेश बंसल, अंकित बंसल, अमित नौसरिया, अंकित धवन, सचिन सिंह, संतोष गुप्ता, संजू, श्रवण गुप्ता, डॉ. विमल गुप्ता, विजय अवस्थी, दीपक अग्रवाल, सचिन गुप्ता, राम मिश्रा, श्याम मिश्रा, अनूप श्रीवास्तव, लकी सरदार, अनिल रस्तोगी, अनमोल गुप्ता सहित हजारों की संख्या में श्याम भक्त उपस्थित रहे ।

## प्रतिबंधित पशु काटने की सूचना पर खीरी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चार आरोपी गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। जनपद के थाना खीरी क्षेत्र अंतर्गत कस्बा खीरी के मोहल्ला जोशी टोला इलाके में प्रतिबंधित पशु काटे जाने की सूचना पर खीरी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर छापेमारी कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी निराला तिवारी के नेतृत्व में खीरी कस्बा चौकी इंचार्ज संजीव कुमार यादव तथा उपनिरीक्षक शुभम कुमार सहित पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर संदिग्ध मकान पर दबिश दी। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से हसीन पुत्र रफीक सहित तीन महिलाओं,अलीमुन्निशा, जमीला और सबीना, को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस जांच के दौरान आरोपियों के घर से दो प्रतिबंधित पशु बरामद किए गए, जिन्हें तत्काल सुरक्षित रूप से गौशाला भिजवा दिया गया। वहीं मौके से पशु काटने में प्रयुक्त धारदार छूरी, कुल्हाड़ी, तराजू, बाट सहित अन्य उपकरण भी बरामद किए गए। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध गौ हत्या अधिनियम एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

# होली पर्व को आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्द के साथ मनाने की अपील

❒ डीएम की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर । होली पर्व एवं जुलूसों को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मोहल्ला किला स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में डीएम ने होली को आपसी भाईचारे, शांतिपूर्ण सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। कहा कि होली पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दिया जाए और न ही ऐसी सूचनाओं को आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने विशेष रूप से सोशल मीडिया पर सतर्कता बरतने की अपील की। कहा कि किसी भी प्रकार की भ्रामक, भड़काऊ अथवा सांप्रदायिक सौहार्द को प्रभावित करने वाली पोस्ट न करें और न ही ऐसे संदेशों को साझा करें। यदि किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या आपात स्थिति की जानकारी मिले, तो उसकी सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस या प्रशासन को दें। जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। एसपी राजेश द्विवेदी ने कहा कि होली पर्व के दृष्टिगत संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाएगी तथा पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। उन्होंने सभी से अपील की है कि वो कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। जनपदीय पुलिस शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, आयोजकों आदि ने होली पर्व को आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्द के साथ मनाने का संकल्प लिया तथा प्रशासन को पूर्ण सहयोग करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने तहसील सदर का किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता एवं जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह ने शुक्रवार को तहसील सदर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण की सूचना मिलते ही तहसील परिसर में हड़कंप की स्थिति देखने को मिली और कर्मचारी अपने-अपने कार्यों में सक्रिय नजर आए।

निरीक्षण के दौरान एडीएम ने तहसीलदार न्यायालय, नायब तहसीलदार न्यायालय, आरके कार्यालय, संग्रह अनुभाग तथा आरसी कार्यालय का गहन निरीक्षण कर अभिलेखों एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व से संबंधित फाइलों के रख-रखाव, वादों के निस्तारण की स्थिति तथा कार्यालयों में संचालित कार्य प्रणाली का बारीकी से जायजा लिया।एडीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राजस्व वादों का समयबद्ध निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा फरियादियों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने अभिलेखों को व्यवस्थित रखने और कार्यालयों में साफ-सफाई एवं अनुशासन बनाए रखने के निर्देश भी दिए।इस दौरान एसडीएम सदर अश्वनी कुमार सिंह एवं तहसीलदार मुकेश कुमार वर्मा मौजूद रहे। एडीएम ने दोनों अधिकारियों को जनहित से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता बरतने तथा शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी कार्य प्रणाली अपनाने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान तहसील परिसर में आने वाले फरियादियों से भी एडीएम ने बातचीत कर समस्याओं की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। प्रशासनिक अधिकारियों के इस औचक निरीक्षण को कार्यप्रणाली में सुधार और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# थाना समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी जनसमस्याएं, निस्तारण के दिए सख्त निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जनसुनवाई व्यवस्था को प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान भूमि विवाद, आपसी मारपीट, कब्जा, रास्ता एवं पुलिस से संबंधित विभिन्न मामलों की सुनवाई कर शिकायतों के त्वरित निस्तारण की कार्रवाई की गई।

थाना खीरी में आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल एवं पुलिस अधीक्षक डॉ ख्याति गर्ग स्वयं पहुंचीं और फरियादियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने एक-एक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संबंधित राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि राजस्व एवं पुलिस विभाग से जुड़े मामलों का समाधान आपसी समन्वय के साथ किया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पीड़ित पक्ष की समस्या को गंभीरता से समझते हुए आवश्यकतानुसार राजस्व टीम और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर विवादों का समाधान सुनिश्चित करें।डीएम ने कहा कि यदि कोई मामला जटिल या संवेदनशील प्रकृति का हो तो तत्काल संबंधित एसडीएम एवं तहसीलदार को अवगत कराया जाए, ताकि वरिष्ठ अधिकारी स्वयं मौके पर पहुंचकर विवाद का स्थायी समाधान करा सकें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि भूमि विवाद जैसे मामलों में पैमाइश, सीमांकन और मौके की जांच प्राथमिकता के आधार पर कराई जाए।पुलिस अधीक्षक डॉ ख्याति गर्ग ने थाना स्तर पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर जोर देते हुए कहा कि पुलिस कर्मी शिकायतकर्ताओं के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाएं तथा प्रत्येक प्रार्थना पत्र की विधिक प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस आम जनता को त्वरित न्याय उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम है, इसलिए शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा में किया जाना अनिवार्य है।

## पंचम व पंद्रहवें वित्त में अनियमितता, सादे बाउचर पर भुगतान

**बेहटा, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मानपुर, मल्लापुर बेहटा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत मानपुर में पांचवे एवं पंद्रहवें वित्त से बिना वर्क नेम के सादे बाउचर पर वर्तमान समय में तैनात ग्राम विकास अधिकारी आशीष कुमार यादव व प्रधान नवी अहमद की सांठ गांठ से 1,50,000 लाख के लगभग धन आहरित कर सरकारी धन का दुरुपयोग का मामला प्रकाश में आया है जो सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को चुनौती है अब देखना यह है कि मामला प्रकाश में आने के बाद जिम्मेदार विभागीय अधिकारी धन की रिकवरी के साथ सरकारी धन के दुरुपयोग से संबंधित कार्यवाही सुनिश्चित करते हैं या महोदय पर मेहरबान हो जाते हैं जो अगले अंक में देखने को मिलेगा।

## होली व रमजान को लेकर महोली थाना में पीस कमेटी बैठक



**महोली, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आगामी होली व रमजान पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना महोली परिसर में शनिवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक महोली तथा नायब तहसीलदार महोली ने संयुक्त रूप से की।बैठक में थाना क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधान, संभ्रांत नागरिक व गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से त्योहारों को आपसी भाईचारे, सौहार्द और शांति के साथ मनाने की अपील की। साथ ही किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने तथा संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए गए।प्रभारी निरीक्षक ने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नायब तहसीलदार ने कहा कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और सभी से सहयोग की अपेक्षा है।बैठक के अंत में उपस्थित लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया और क्षेत्र में शांति बनाए रखने का संकल्प लिया।

## मेहनत रंग लाई,सीएसआईआर-नेट में उमम फातिमा अव्वल




**बिसवां, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सेठ देवेश्वर दयाल मॉटेसरी स्कूल की पूर्व छात्रा उमम फातिमा पुत्री गुफरान अहमद खां जिन्होने सन 2012 में इसी विद्यालय से जूनियर हाई स्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की ,ने सी एस आई आर नेट दिसम्बर 2025 की परीक्षा में आल इंडिया में 18 वीं रैंक प्राप्त करके विद्यालय का गौरव बढाया ।विद्यालय प्रबंधक व वरिष्ठ राजनीतिज्ञ महेश चंद्र मेहरोत्रा बबुआ जी ने उमम फातिमा को हार्दिक बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की ।विद्यालय के सहप्रबंधक आनंद कुमार खत्री, प्रधानाचार्य विवेक सिन्हा, उपप्रधानाचार्य शीबा खान ,हिन्दी मीडियम इंचार्ज रामकुमार कुमार,अंगेजी मीडियम इंचार्ज अजरा खान, जी पी श्रीवास्तव,शैलेन्द्र बाजपेयी, स्मृति श्रीवास्तव,रीतू मिश्रा , नायला शफ़े ,गीता वर्मा ,मीना श्रीवास्तव सहित समस्त स्टाफ ने बधाई प्रेषित करीं।

## निर्माणाधीन गौशाला की व्यवस्थाएं परखी, गुणवत्ता पर दिए सख्त निर्देश

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 ने आज सिधौली स्थित वृहद गौसंरक्षण केंद्र सराय निर्माणाधीन का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। जिलाधिकारी ने गौवंश हेतु पानी, भूसा एवं हरे चारे को रखने की व्यवस्था देखी। गौशाला के निकट सड़क न बने होने पर खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि क्षेत्र पंचायत से सड़क निर्माण कार्य कराया जाये। जिलाधिकारी ने गौवंश के लिये टीन शेड व्यवस्था को देखते हुये संबंधित को निर्देश दिये कि सभी कार्यों पूरी गुणवत्ता के साथ ससमय पूर्ण करते हुये मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को 15 दिन के भीतर हैण्डओवर किया जाये तथा गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाये। साथ ही जिलाधिकारी ने लागत की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा0 एम0पी0 सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# चार जुआरी गिरफ्तार, 04 लाख रूपए 16 बाइकें व ताश के पत्ते बरामद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। थाना रोजा पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर गांव मानपुर चचरी जंगल से जुआ खेलते हुए चार जुआरियों को गिरफ्तार किया और मौके से ताश के पत्ते, माल फड़ से तीन लाख 11 हजार पांच सौ रुपये, जामा तलाशी से 86 हजार 800 रुपये, 04 मोबाइल व 16 मोटर साइकिलें बरामद की।

पकड़े गए अभियुक्त थाना रोजा क्षेत्र के गांव मुकरमपुर रहीमपुर निवासी दिनेश यादव पुत्र सुरेश कुमार, लोधीपुर का मोहम्मद जैन पुत्र इरशाद, थाना कोतवाली के मोहल्ला रोशनगंज निवासी दिनेश मौर्या पुत्र बाबूराम मौर्या और जनपद लखीमपुर खीरी के थाना उचैलिया क्षेत्र क गांव सिसोरा नासिर का रहने वाला कल्लू पुत्र एजाज खां है। पुलिस ने चारों अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार, छापेमारी के दौरान जुआ खेल रहे कई जुआरी अपनी मोटर साइकिल छोड़कर भाग गए। मौके से 16 मोटर साइकिलें बरामद की गई हैं। उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना रोजा के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार के साथ उपनिरीक्षक राकेश कुमार, शिवम अग्रवाल, हेड कां. दीपक कुमार, नितिन कुमार और विपिन नैन आदि मोजूद रहे।

# डीएम व जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में लाभार्थियों को मिला योजना का लाभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। होली पर्व से पूर्व महिलाओं को राहत और आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत जनपद लखीमपुर खीरी की लाखों महिलाओं को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का लाभ दिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश स्तर से 1500 करोड़ की धनराशि जारी कर उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को इस योजना से लाभान्वित किया गया, जिसमें खीरी जनपद की 5 लाख 38 हजार 961 महिलाएं शामिल हैं।

कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनपदीय कार्यक्रम में लखनऊ से मुख्यमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण किया गया, जिसे जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने देखा। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक योगेश वर्मा, विधायक विनोद शंकर अवस्थी तथा जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह एवं जिला पूर्ति अधिकारी अंजनी कुमार सिंह के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत उज्ज्वला योजना की चयनित लाभार्थी महिलाओं को प्रतीकात्मक चेक वितरित किए गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि उज्ज्वला योजना का दूसरा चरण जल्द प्रारंभ किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवारों को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराया जा सकेगा। साथ ही महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए सर्वाइकल कैंसर के मुफ्त टीकाकरण कार्यक्रम को भी जल्द लागू किए जाने की बात कही।

धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने उपस्थित महिलाओं को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि त्योहारों के अवसर पर सरकार द्वारा दी जा रही गैस रिफिल सब्सिडी से गरीब परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी और पारंपरिक ईंधन पर निर्भरता कम होगी। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जा रहा है। उज्ज्वला योजना के माध्यम से महिलाओं को न केवल स्वच्छ ईंधन मिल रहा है बल्कि त्योहार के समय आर्थिक सहयोग भी प्राप्त हो रहा है, जिससे परिवारों की घरेलू व्यवस्था मजबूत होती है। जिला पूर्ति अधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत लाभार्थी पहले निर्धारित उपभोक्ता दर पर 14.2 किलोग्राम का गैस सिलेंडर रिफिल कराएंगे, जिसके बाद सब्सिडी की धनराशि सीधे आधार प्रमाणित बैंक खाते में ऑयल कंपनियों द्वारा हस्तांतरित की जाएगी।

# त्योहारों पर कोई नयी परम्परा न डाली जाए: जिलाधिकारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जनपद स्तरीय पीस कमेटी की बैठक का किया गया आयोजन।

❒ त्योहारों के दृष्टिगत पुलिस की रहेगी चाक चौबंद व्यवस्था: एसपी

सम्भल, बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ.राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की अध्यक्षता में आगामी त्योहारों, रंग एकादशी, होलिका दहन, होली, रमजान, आदि को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जनपद स्तरीय पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा ने पीस कमेटी के सदस्यों से होलिका दहन स्थलों को लेकर कोई विवाद,अतिक्रमण तथा रास्ता खराब, ढीले एवं नीचे तथा जर्जर तार तो नहीं है उसके विषय में जानकारी प्राप्त की। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि होलिका दहन स्थल पर लेखपाल एवं ग्राम सचिव जाकर निरीक्षण कर लें कहीं कोई व्यवधान तो नहीं है। होली के पर्व पर अवैध शराब की बिक्री ना हो यह सुनिश्चित किया जाए तथा अगर कहीं अवैध शराब की शिकायत प्राप्त हो तो उसकी तत्काल सूचना जिला आबकारी अधिकारी या संबंधित थाने को दें। होलिका दहन स्थल के पास साफ़ सफाई सुनिश्चित की जाए। पेयजल एवं विद्युत की सुचारू व्यवस्था को लेकर भी निर्देशित किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को एम्बुलेंस तथा दवाईयों की पर्याप्त व्यवस्था के लिए निर्देशित किया तथा चिकित्सक भी त्योहारों पर अपने तैनाती स्थल पर रहें यह भी सुनिश्चित किया जाए। अपर जिलाधिकारी द्वारा जिला पंचायती राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में निर्बाध रूप से पेयजल आपूर्ति हो अगर कोई हैंड पंप रिबोर होना है तो उसको रिबोर करा लें। डीजे का प्रयोग निर्धारित मानक के अनुसार हो। निर्धारित रुट पर ही होली का जुलूस निकाला जाए।जो परम्परा में नहीं हो उस जुलूस को ना निकाला जाए। होली जुलूस को आयोजक लीड करें, जुलूस को निर्धारित मार्ग से लेकर जाएं तथा वॉलंटियर भी रहें, जुलूस में आयोजक आगे रहें।

पीस कमेटी के सदस्यों से समस्याएं एवं सुझाव प्राप्त किये गये। बदायूं चुंगी चंदौसी के पास बस के खड़े होने तथा त्योहारों पर बैंक एवं एटीएम में पैसे की कमी, सिरसी के मोहल्ला चौधरियान में होलिका दहन स्थल के पास विद्युत तार का नीचे होने तथा सम्भल में पुरानी तहसील के पास सड़क में गडढे होने जैसी समस्याएं रखीं जिसको लेकर जिलाधिकारी ने समस्याओं के निस्तारण को लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

धर्मगुरु मुफ्ती अलाउद्दीन काजी ए शहर ने कहा कि अमन और शांति से त्योहार मनाये जाएं। किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं देना चाहिए। कमल कंात तिवारी ने कहा कि त्योहार खुशियों का पैगाम लेकर आते हैं। उन्होंने होली एवं रमजान तथा ईद को लेकर शुभकामनाएँ दीं। संजय पोली ने कहा कि सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली एवं ईद का त्यौहार मनाया जाए। धर्मगुरु जहिरुल इस्लाम एवं तंजीम अशरफ द्वारा भी संबोधित किया।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कानून व्यवस्था सुदृढ़ रहेगी , किसी भी अफवाह पर ध्यान न दिया जाए अगर कोई अफवाह फैलाता पाया गया उस पर कड़ी कार्यवाही संज्ञान में लायी जाएगी। त्योहारों पर कोई भी नयी परम्परा न डाली जाए। पुलिस की चाकचौबंद व्यवस्था रहेगी। उन्होंने बताया कि जनपद में 64 जुलूस एवं शोभायात्रा निकाली जाएंगी जनपद में 1215 होलिका दहन स्थल हैं तथा 17 मेले लगेंगे,पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था है। पुलिस अधीक्षक द्वारा मेला स्थलों के भ्रमण से संबंधित थानाध्यक्षों से जानकारी प्राप्त की। सोशल मीडिया पर भी निगरानी रहेगी तथा कोई भी भ्रामक पोस्ट दिखे तो उसकी तत्काल सूचना दी जाए। अगर कोई भ्रामक पोस्ट करता है तो उस पर कड़ी कार्यवाही संज्ञान में लायी जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारी गण मौके पर जाकर व्यवस्थाओं को देख लें अगर कोई व्यवधान उत्पन्न होता है तो उसकी सूचना तत्काल उच्च अधिकारी को दें। त्योहारों पर कोई नयी परम्परा न डाली जाए । सौहार्द का संदेश दें। रात्रि 10 बजे के बाद शोरगुल ना हो डीजे मानक के अनुसार बजें। जनपद में कोई अवैध शराब न बिके उस पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायत को निर्देशित करते हुए कहा कि होली पर्व के बाद साफ़ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, उप जिलाधिकारी सम्भल रामानुज,उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी, उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार, डिप्टी कलक्टर विकास चन्द, क्षेत्राधिकारी चंदौसी दीपक तिवारी, क्षेत्राधिकारी बहजोई डॉ प्रदीप कुमार सिंह एवं समस्त क्षेत्राधिकारी तथा संबंधित अधिकारी तथा पीस कमेटी के सदस्य अखिल भारतीय युवा व्यापार मण्डल के अध्यक्ष सागर गुप्ता, एवं अखिल भारतीय युवा व्यापार मण्डल के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष शाह आलम मंसूरी एवं सम्भ्रान्त नागरिक आदि उपस्थित रहे।

# श्रेयांश ने किया खैराबाद का नाम रोशन

❒ केनरा बैंक मे पीओ पद पर तथा एस बी आई मे लिपिक वर्ग मे हुआ चयन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर। प्रधानाध्यापक अरविंद मिश्र के पुत्र तथा जनपद के महान शिक्षाविद दिवंगत मिश्रीलाल मिश्र ''गुरूजी '' के पौत्र है श्रेयांश खैराबाद नगर क्षेत्र के मोहल्ला अर्जुनपुर निवासी महान शिक्षाविद दिवंगत मिश्रीलाल मिश्र उर्फ गुरु जी के पौत्र तथा प्रधान अध्यापक अरविंद विश्व के एकमात्र पुत्र श्रेयांश ने केनरा बैंक के पीओ पद पर तथा एस बी आई मे लिपिक के पद पर एक साथ चयनित होकर नगर क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

विदित हो कि जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में चार दशको तक परीक्षा प्रभारी रहे तथा दो दशको तक सुमित्रा इंका के प्रधानाचार्य रहे प्रसार अध्यापक मिश्रीलाल मिश्र के सुपौत्र है श्रेयांश मिश्र। श्रेयांश के घर पर परिवार में काफी खुशी का माहौल है तथा श्रेयांस ने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता लखनऊ विश्वविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफ़ेसर अर्जिता मिश्रा ताऊ डी जे कालेज प्रवक्ता प्रभात मिश्र परिवार जनो तथा गुरु जनो को दिया है।माता आराधना मिश्रा बहन अनन्या मिश्रा ने काफी हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि श्रेयांश के भगीरथी स्वध्याय एंव घर पर पिता की देखभाल करते हुए दोनों सफलताएं एक साथ अर्जित की। श्रेया की सफलता पर पालिका अध्यक्ष श्रीमती बेबी गुप्ता अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्त ममता मिश्रा पूर्णिमा मिश्रा अभ्युदित मिश्र प्रज्ञा मिश्रा प्रसून मिश्र जनार्दन शुक्ला सोमेन्द्र तिवारी एस पी तिवारी उषा मिश्रा शोभित मिश्र शोभना मिश्रा संजीव मिश्र श्वेता रक्षिता देवेंद्र मिश्र आदि हर्ष व्यक्त किया है।

## चौक बाजार में चैन चोरी करते दो महिलाएं पकड़ी गईं

प्रयागराज । प्रयागराज के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत चौक बाजार में रविवार को लोगों ने चैन चोरी करते हुए दो महिलाओं को पकड़ लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों महिलाएं ई-रिक्शा से बाजार में घूम रही थीं और भीड़ का फायदा उठाकर लोगों के गले से चैन काटने का प्रयास कर रही थीं। शक होने पर स्थानीय लोगों ने उन्हें दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।बताया जा रहा है कि चौक बाजार में हर रविवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार के दौरान चोरी की घटनाएं बढ़ जाती हैं। सड़क के बीचों-बीच ठेले और दुकानें लगने से ट्रैफिक व्यवस्था भी बाधित होती है, जिससे भीड़भाड़ और अव्यवस्था का माहौल बना रहता है।स्थानीय व्यापारियों और लोगों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि यदि बाजार में नियमित गश्त और पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती होती तो ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता था। भीड़भाड़ वाले इस संवेदनशील इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं।

# भक्ति रस के रंग में डूबी वीरांगना भूमि साधो द बैंड टीम ने बांधा शमां

❒ युवा सामाजिक कार्यकर्ता परन शर्मा के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

झांसी । शहर में पहली बार अनोखे तरह के महाभक्ति कंसर्ट कार्यक्रम में शनिवार शाम साधो द बैंड की टीम ने मुक्ताकाशी मंच पर शमां बांध दिया। साधो द बैंड टीम का यह कार्यक्रम इस मायने में भी अनूठा रहा कि मुकेश अंबानी के एंटीलिया में कार्यक्रम की प्रस्तुति के बाद यह पहली प्रस्तुति झांसी में रही।

युवा सामाजिक कार्यकर्ता परन शर्मा के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर युवाओं में खासा उत्साह दिखा। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मंडलायुक्त विमल दुबे एवं सदर विधायक रवि शर्मा उपस्थित रहे।भक्ति संगीत के इस अनूठे आयोजन में बैंड के कलाकारों ने कई तरह के भक्ति गीतों से युवाओं का मन मोहा। उपस्थित जनसमूह भक्ति के रंगों में सरावोर दिखे। साधो द बैंड के इस आयोजन में सांस्कृतिक एवं भक्तिमय विरासत को संगीतमय धुनों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया, जिसमें श्रोता मंत्रमुग्ध रहे।झांसी मंडल के आयुक्त विमल कुमार दुबे ने आयोजन की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के आयोजन से युवा पीढ़ी को भक्ति का मार्ग प्राप्त होता है। इस अवसर पर नगर विधायक रवि शर्मा ने कहा कि आज युवा अपने सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत को पहचान रहा है और उसका संवर्धन करने का कार्य भी कर रहा है।

आज के इस भक्तिमय कार्यक्रम में युवाओं का जो जोश और उनकी रूचि व उत्साह दिखाई दिया, इससे यह बात निश्चित है कि आने वाले समय में प्रत्येक युवा भक्तिमय मार्ग पर चलकर अपने देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। आयोजक परन शर्मा ने कहा कि प्रत्येक युवा अपनी सांस्कृतिक विरासत को पहचानें, मेरा यही संदेश है।इस अवसर पर अभिषेक भार्गव,हर्ष गोस्वामी,देवेन्द्र दुबे,नरेन्द्र यादव, सौरभ वाजपेई, हिमांशु गोपालरानी, अमित जादौन,आलोक वशिष्ठ लोग उपस्थित रहे।

# डीएम–एसएसपी ने देखी शहर की सुरक्षा व्यवस्था, दिए दिशा–निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बदायूँ। जिलाधिकारी बदायूँ एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बदायूँ द्वारा आगामी होली पर्व के दृष्टिगत शहर क्षेत्र के मुख्य बाजार एवं भीड़-भाड़ वाले व्यस्तम स्थानों पर भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया गया व आमजनमानस से संवाद किया गया। जिलाधिकारी बदायूँ अवनीश राय व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बदायूँ डा0 बृजेश कुमार सिंह द्वारा आगामी होली पूर्व के दृष्टिगत शहर क्षेत्रान्तर्गत अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था कायम रखने तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से शहर के व्यस्तम भीड़-भाड़ वाले प्रमुख एवं मुख्य चौराहों पुलिस लाइन चौराहा, इंद्रा चौक, लावेला चौक, छःसड़का, सर्राफा बाजार तथा आदि मुख्य जगहों पर भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा आमजनमानस से वार्ता कर सुरक्षा का एहसास कराया व होली पर्व की शुभकामनाएं दी गई तथा होली पर्व को शान्तिपूर्वक तरीके से मनाने की अपील की गई। कानून व्यवस्था के दृष्टिगत सभी पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण को संयुक्त रुप से लगातार शहर में फुट पेट्रोलिग/निगरानी, क्विक रिस्पांस टीम गठित करने एवं पुलिस की सक्रियता बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया जिससे होली पर्व को सकुशल, हर्षोल्लास और निर्बाध रूप से मनाया जा सके । इस दौरान ए.डी.एम. (ई) अरूण कुमार व सिटी मजिस्ट्रेट सुरेश पाल, प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइन हरेन्द्र सिंह आदि मय पुलिस बल के मौजूद रहे।

# गन्ना बिचौलियों पर विभाग की कार्यवाही कराई गई प्राथमिकी दर्ज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। जिला गन्ना अधिकार अशर्फी लाल ने जानकारी देते हुए बताया कि यदु शुगर लि. सुजानपुर बिसौली के बन्द हो जाने के कारण क्षेत्र के कृषकों के पेराई योग्य गन्ने के निस्तारण हेतु गन्ना आयुक्त उ0प्र0 के आदेश द्वारा चीनी मिल बदायूँ सहित वाह्य जनपद की चीनी मिलों, यथा मझावली, रजपुरा (सम्भल), रूपापुर, एवं फरीदपुर को आवंटित किया है।

उन्होंने बताया कि 25 फरवरी 2026 को स्टाफ के साथ क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्राम सिलहरी के पास मोहन पुत्र मथुरा लाल निवासी ग्राम अन्नी एवं जितेन्द्र सिंह पुत्र राम भरोसे सिंह निवासी ग्राम सिलहरी जिला बदायूँ द्वारा कृषकों से कम दर पर गन्ना खरीद कर भरवाया जा रहा था। पूछताछ करने पर इनके द्वारा बताया गया कि चीनी मिल मझावली के मालिक व अध्यासी हमारे गन्ने को खरीद कर नकद भुगतान करते है। इस प्रकार विभाग को चुनौती देते हुए सुरक्षण आदेश के विपरीत सटटा नीति का उल्लंघन कर अवैध गन्ना खरीद कर बिचौलियों द्वारा वाहय जनपद की चीनी मिल वीनस व अन्यत्र अधिक दर पर बेचा जा रहा है, जिससे राजस्व की क्षति हो रही है। अवैध खरीद कराने/ करने पर 26 फरवरी 2026 को सचिव, सहकारी गन्ना विकास समिति राजीव कुमार सिंह द्वारा थाना सिविल लाईल, बदायूँ में चीनी मिल, मझावली जिला सम्भल के मिल मालिक अतुल कुमार व अध्यासी, अनुपम सिंह सहित दो गन्ना बिचौलियों मोहन पुत्र मथुरा लाल निवासी ग्राम अन्नी एवं जितेन्द्र सिंह पुत्र राम भरोसे सिंह निवासी ग्राम सिलहरी जिला बदायूँ के विरूद्ध धोखधड़ी करते हुए सरकारी कार्य में बाधा पहुँचाने एवं अवैध रूप से गन्ना खरीदने में सम्मिलित पाये जाने पर सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है!

# इविवि के बरगद लॉन में सांस्कृतिक संध्या के तहत हुआ कवि सम्मेलन




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

प्रयागराज । पुराछात्र सम्मेलन में सीनेट परिसर स्थित बरगद लॉन में सांस्कृतिक संध्या के तहत कवि सम्मेलन का आयोजन शनिवार की सायं किया गया। जिसका शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव ने अतिथि कवियों का स्वागत अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न प्रदान कर किया। कवि सम्मेलन में पद्मश्री अवार्डी डॉ. अशोक चक्रधर, डॉ. सुनील जोगी और वसीम बरेलवी की उपस्थिति रही। पद्श्री अवार्डी डॉ. अशोक चक्रधर और डॉ. सुनील जोगी ने मंत्रमुग्ध करने वाली कविताओं से सभी का मन मोह लिया। वसीम बरेलवी ने अपने शायरना अंदाज में उपस्थिति जनों को खूब लुभाया।कवि सम्मेलन के दौरान मंच का संचालन कवि श्लेष गौतम ने किया। उन्होंने बताया कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय का प्रांगण नवीन रचनाओं के सृजन का केंद्र रहा है। एलुमिनाई एसोसिएशन के सचिव प्रो. कुमार बीरेंद्र ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन डॉ. सोनल शेकर, डॉ. रितांभरा मालवीय ने किया।इसके पूर्व पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के डॉ रवि सूर्यवंशी के डायरेक्शन में बनी एक फिल्म के माध्यम से विश्वविद्यालय में हुए बदलाओं को दिखाया गया।

# नवोन्मेषी अनुसंधान के आह्वान के साथ मनाया गया बीएचयू में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ भारतीय वैज्ञानिक अनुसंधान और विकास के भविष्य की संभावनाओं पर विचार

वाराणसी । काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) विज्ञान संस्थान में शनिवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 पर संगोष्ठी संकुल में आयोजित ज्ञानवर्धक व्याख्यान में सर सी. वी. रमन की विरासत को सम्मानपूर्वक स्मरण किया गया। कार्यक्रम में भारतीय वैज्ञानिक अनुसंधान और विकास के भविष्य की संभावनाओं पर विचार किया गया।

संस्थापक निदेशक, भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान मोहाली प्रो. एन. सत्यामूर्ति ने भारत में प्राकृतिक विज्ञान के विकास और विभिन्न विषयों में उनके दूरगामी योगदान की चर्चा की।प्रो. सत्यमूर्ति ने वैज्ञानिक पद्धति तथा अवलोकन, परिकल्पना और पूर्वानुमान के सतत चक्र को पुनः स्मरण करते हुए बताया कि वैज्ञानिक चिंतन और अनुसंधान की परंपरा भारतीय बौद्धिक परंपराओं में लंबे समय से विद्यमान रही है। तर्कसंगत सोच के महत्व पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि ऌवैज्ञानिक दृष्टिकोणङ्क राष्ट्रीय प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्रो. सत्यमूर्ति ने शोध में नवाचार की केंद्रीय भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि यदि आपको विज्ञान में बने रहना है, तो नए विचार प्रस्तुत करने होंगे।ङ्क उन्होंने भारत में प्राचीन शिक्षण केंद्रों जैसे तक्षशिला से लेकर स्वतंत्रता-पूर्व संस्थानों जैसे काशी हिन्दू विश्वविद्यालय तक, और स्वतंत्रता-उपरांत स्थापित संस्थानों जैसे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान तथा भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान तक शिक्षा के विकास की यात्रा का भी वर्णन किया।प्रो. सत्यमूर्ति ने सशक्त संस्थानों के निर्माण में प्राचीन विद्वानों जैसे आर्यभट्ट और भास्कराचार्य की विरासत को स्मरण करते हुए आधुनिक भारतीय वैज्ञानिकों मेघनाद साहा, सत्येन्द्र नाथ बोस, होमी जहाँगीर भाभा और विक्रम साराभाई की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। बीएचयू कुलपति प्रो. अजित कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि वास्तव में ऌविज्ञानङ्क क्या है, इस पर गंभीर चर्चा और विमर्श का भी दिन होना चाहिए। प्रो. चतुर्वेदी ने कहा कि आज विज्ञान अनेक विधाओं में विस्तृत हो चुका है और इसमें 'इंजीनियरिंग विज्ञान' जैसे उभरते अंतर्विषयक क्षेत्र भी शामिल हैं। कुलपति ने दैनिक जीवन में अधिक वैज्ञानिक सोच को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। विज्ञान संकाय के प्रमुख प्रो. राजेश कुमार श्रीवास्तव ने सर सी. वी. रमन और काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के बीच ऐतिहासिक संबंधों को स्मरण किया। उन्होंने उल्लेख किया कि वर्ष 1916 में विश्वविद्यालय की स्थापना के अवसर पर उनकी उपस्थिति रही थी तथा वे यहाँ अतिथि प्राध्यापक के रूप में भी कार्यरत रहे थे। कार्यक्रम के दौरान वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रो. आर. एन. खरवार का अभिनंदन किया गया।

## डीएम ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी अवनीश राय द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बन्दी बैरकों, पाक शाला, चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक व प्रतिबंधित सामाग्री का मिलना प्रकाश में नहीं आया है। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम ने किया होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने शनिवार को पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विभिन्न होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने देश में सभी त्यौहार आपसी प्रेम व सदभाव से त्यौहार मनाए जाते हैं। उन्होंने विभिन्न व्यवस्थाओं के सम्बंध में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।
डीएम ने बनाए गए केन्द्रों का किया निरीक्षण

## 14 व 15 मार्च होगी उप निरीक्षक परीक्षा

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उप निरीक्षक एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती 2025 की 14 एवं 15 मार्च 2026 को प्रस्तावित लिखित परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुचारू संचालन के दृष्टिगत जनपद में बनाए गए परीक्षा केन्द्रों का जिलाधिकारी अवनीश राय ने निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शनिवार को जिलाधिकारी अवनीश राय ने उप निरीक्षक (एसआई) परीक्षा के लिए बनाए गए परीक्षा केन्द्र श्री कृष्णा इंटर कॉलेज बदायूँ आदि में की गई प्रकाश, पार्किंग, साफ–सफाई, पेयजल परीक्षा कक्ष, सीसीटीवी, प्रवेश द्वार आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर अधिकारियों व परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापकों को परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी, सुचितापूर्ण व सकुशल रूप से सम्पन्न कराने तथा परीक्षा के लिए समस्त व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## होली पर 03 मार्च को भी रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने संबंधित विभागों को संशोधित आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश शासन ने वर्ष 2026 की अवकाश सूची में संशोधन करते हुए होली पर्व के अवसर पर 03 मार्च 2026 को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। शासन के सामान्य प्रशासन अनुभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार 02 मार्च को होलिका दहन तथा 04 मार्च को होली का राजपत्रित अवकाश पूर्व से घोषित है। उन्होंने बताया कि अब 03 मार्च को भी निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट, 1881 के तहत सार्वजनिक अवकाश रहेगा। इससे पहले जनपद की अवकाश तालिका में 03 मार्च को स्थानीय अवकाश अंकित था, जिसे शासनादेश के बाद सार्वजनिक अवकाश में परिवर्तित कर दिया गया है।

## 11 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला आयोग की सदस्य करेंगी जनसुनवाई

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह 11 मार्च 2026 को प्रातः 11:00 बजे जनपद के लोक निर्माण विभाग, बदायूं के गेस्ट हाउस में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला जनसुनवाई करेंगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं से संबंधित समस्याओं, शिकायतों एवं मुद्दों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया है कि वे समस्त सूचनाओं सहित समय से उपस्थित होकर कार्यक्रम में सहभागिता करें, साथ ही उन्होंने जनपद की समस्त महिलाओं से अपील है कि वे अपनी समस्याओं के समाधान हेतु निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होकर लाभ उठाएं।

## धुलहेंडी पर 4 मार्च को शाम 6 बजे तक बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला मजिस्ट्रेट/लाईसेन्स प्राधिकारी अवनीश राय ने आदेश जारी किए है कि इस वर्ष होली का त्योहार (धुलहेंडी) 04 मार्च 2026 को मनाया जायेगा। जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गत वर्ष की भाँति उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम 1910 की धारा 59 के अन्तर्गत होली के पर्व (धुलहेंडी) रंग वाले दिन 04 मार्च 2026 का नियत सायंकाल 06:00 बजे तक जनपद की समस्त देशी शराब/कम्पोजिट शॉप/मॉडल शॉप/भाँग एवं सी0एल0–2, एफ0एल0–2/2बी0, एफ0एल0–6/7/09/9ए की थोक एवं फुटकर दुकानें पूर्णतया बन्द रहेंगी। इन बन्दी दिवस के लिए अनुज्ञापियों को कोई अतिरिक्त प्रतिफल देय नहीं होगा।

## होली को पर्यावरण शुद्धि का पर्व बनाने की मुहिम

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बिल्सी में आर्य समाज गुणी के वैदिक विद्वान आचार्य संजीव रूप ने होली को पर्यावरण शुद्धि का पर्व के रूप में मनाने की पहल करते हुए 1200 लोगों को होली यज्ञ सामग्री वितरित की। उन्होंने प्रशासनिकअधिकारियों को सामग्री भेंट कर अपील की कि होली में गंदी वस्तुएँ न जलाएँ और अधिक लकड़ी का प्रयोग न करें। एसडीएम प्रेमपाल सिंह ने इस पहल को पर्यावरण हित में सराहनीय बताते हुए समर्थन किया। कार्यक्रम में नगर के कई व्यापारी व शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## शिव देवी सरस्वती शिशु मन्दिर एवं विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज में हर्षोल्लास से मनी होली

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शिव देवी सरस्वती शिशु मन्दिर एवं विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज में होली का पर्व उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना से हुआ। विद्यार्थियों ने होली गीत व सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। मुख्य वक्ता सुबोध मिश्रा ने होली को प्रेम और एकता का प्रतीक बताया। प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने हर्बल रंगों के प्रयोग की सलाह दी। अंत में भैया–बहिनों और शिक्षकों ने एक–दूसरे को रंग–गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं।

## स्काउट प्रशिक्षण शिविर का समापन

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बिसौली में भारत स्काउट गाइड के तत्वावधान में संविलयन विद्यालय हर्रायपुर में आयोजित त्रिदिवसीय स्काउट प्रशिक्षण शिविर का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम व पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। मुख्य अतिथि राजेंद्र प्रसाद ने अनुशासन और संकल्प को सफलता की कुंजी बताया, जबकि मनोज पाल सिंह ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण की शक्ति कहा। स्काउट वर्ग में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप टोली और गाइड वर्ग में रानी लक्ष्मीबाई कंपनी प्रथम रहीं तथा दोनों संयुक्त रूप से ओवरऑल चैंपियन बनीं।

## उत्तर क्षेत्रीय किसान मेले में पुष्प प्रदर्शनी रही आकर्षण का केंद

**बांदा, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । उत्तर प्रदेश के जनपद बांदा में कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के उद्यान महाविद्यालय के पुष्प एवं भूदृश्य निर्माण विभाग की ओर से क्षेत्रीय किसान मेला में पुष्प प्रदर्शनी आयोजित की गई। इस प्रदर्शनी में बुंदेलखंड की जलवायु में सफलता पूर्वक लगाए जाने वाले एवं घर की बागवानी को सुगंधित और सुसज्जित करने के लिए लगाए जाने वाले अलंकृत पौधों को प्रदर्शित किया गया। जिनमें मुख्य रूप से गेंदा, ग्लेडियोलस, रजनीगंधा, गुलाब, स्वीट विलियम, स्वीट अलाईसम, बोगेनवेलिया, स्टॉक, डॉग फ्लावर, वरबीना, डिमोरफोथेका, कैलेंडुला, जैसे फूलों को दिखाया गया ।घर के अंदर लगाए जाने वाले पौधे जैसे स्नेक प्लांट, रोहिओ, एरिका पाम, जैसे पौधों को भी प्रदर्शित किया गया ।विभाग के अध्यक्ष डॉ अजय कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि इन पौधों को थोड़ी से सावधानी और ध्यान रखने पर घर की बगिया महकाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि इन पौधों की नर्सरी विभाग में तैयार की जाती है जिसे अक्टूबर, नवंबर में खरीदा जा सकता है। इसे लगाए जाने की तकनीकी जानकारी भी विभाग की ओर से उपलब्ध कराई जाती है ।विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ अमित कनोजिया ने बताया कि गेंदा और रजनीगंधा जैसे फूलों की व्यावसायिक खेती भी की जा सकती है और किसान भाई इससे आर्थिक लाभ ले सकते हैं और आय बढ़ा सकते है। विभाग के एमएससी एवं पीएचडी के छात्र छात्राओं ने काफी उत्साहित होकर इस प्रदर्शनी को सफल बनाने में सहयोग किया।

## काशी विश्वनाथ धाम में होली पर्व को लेकर बैठक, शिवभक्त खेलेंगे पुष्प होली

वाराणसी । श्री काशी विश्वनाथ धाम में बाबा विश्वनाथ के गौना उत्सव (रंगभरी एकादशी) सकुशल सम्पन्न होने के बाद मंदिर प्रशासन रंगों के पर्व होली में उमड़ने वाली भीड़ की सुरक्षा और सुगम दर्शन के लिए तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गया है। शनिवार शाम होली पर्व को लेकर धाम स्थित सभागार (बोर्ड रूम) में व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।


## सूचना

मैंने अपने पुत्र का नाम DEVANSH से बदलकर DEVANSH SINGH रख लिया है। भविष्य में मेरे पुत्र को उसके नये नाम DEVANSH SINGH से जाना वह पहचान जाये।

अजय पाल सिंह पुत्र श्री तेज सिंह निवासी म0न0-S-13 रिजर्व पुलिस लाइन, बदायूं

# डीएम ने थाने में सुनी फरियादियों की समस्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के नेतृत्व में थाना समाधान दिवस पर थाना धानेपुर में जन सुनवाई में फरियादियों की फरियाद सुनी गई।इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रियंका निरं जन द्वारा उपस्थित फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित अधि कारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से आए नागरिकों ने भूमि विवाद, अवैध कब्जा, रास्ता अवरोध, राजस्व अभिलेखों में त्रुटि, पारिवारिक विवाद तथा अन्य स्थानीय समस्याओं से संबंधि त प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए।जिलाधिकारी ने प्र त्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबं धित अधिकारियों से प्रकरण की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की।जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्राप्त सभी शिकायतों को गंभीर ता से लिया जाए और उनके निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।उन्होंने क हा कि राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टी म मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करे तथा समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करे। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि शिकायतकर्ता एवं विपक्षी पक्ष दोनों को बुलाकर पारदर्शी तरीके से प्रकरण का समा धान कराया जाए, जिससे भविष्य में विवाद की पुनरावृत्ति न हो।समाधान दिवस के दौरान कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों के लिए संबंधित विभागों को निश्चित समयसीमा निर्धारित कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि आमजन को न्याय पाने के लिए अनावश्यक रूप से कार्याल यों के चक्कर न लगाने पड़ें।समाधान दिवस जैसी पहल जनता और प्रशासन के बीच विश्वास को मजबूत करती है।जिलाधिकारी ने सभी अ धिकारियों को निर्देशित किया कि वे संवेदन शीलता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करें तथा प्रत्येक शिकायत का संतोषजनक समाधान सु निश्चित करें।कार्यक्रम में नायब तहसीलदार अ नुराग पाण्डेय, थाना प्रभारी तथा राजस्व एवं पु लिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एक्सईएन के बिगड़े बोल, लाठी से मारकर सारी गुंडागर्दी निकाल दूंगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले में लोक निर्माण विभाग (घ्डक) के अधिशासी अभियंता(एक्सईएन)विनोद त्रिपाठी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वा यरल हो रहा है,वायरल वीडियो में वे एक शिका यतकर्ता राहुल गोस्वामी को धमकाते और गा ली दे रहे हैं।यह घटना करनैलगंज कोतवाली क्षे त्र के गुरसड़ी गांव में सड़क निर्माण की शिकाय त की जांच के दौरान हुई।वीडियो में अधिशासी अभियंता विनोद त्रिपाठी शिकायतकर्ता से कह ते सुनाई दे रहे हैं, मार लाठी तुमको तोड़कर के दुरूस्त कर देंगे सरकारी कार्य में बाधा डालोगे तो। तुम्हारी सारी गुंडेगर्दी निकाल देंगे। जिसको बुलाना हो बुला लो मैं यहीं पर खड़ा हूं। इसके बाद वे अपशब्दों का प्रयोग करते हुए कहते हैं, ''यार अभी यहां पर काम हो रहा है, काम हो जाए तो बताइए।फोन करके इसने पागल कर दिया है।एक काम करो



### गोंडा में अधिकारी की शिकायत करोगे तो लाठी डंडे से मारे जाओगे और मिलेगी धमकी

थाने पर फोन करो पु लिस को बुलाओ,इसको अभी हम गाड़ी में ला द करके ले जाकर बंद करवा देंगे।वायरल वीडि यो में अधिकारी यह भी कहते सुने जा रहे हैं कि हमारे मुख्यमंत्री ने कहा है जो जिस भाषा में समझे उसे उसी भाषा में समझाओ।शिकाय तकर्ता राहुल गोस्वामी का आरोप है कि मौजू दा सड़क को दो-दो मीटर बढ़ाने का प्रस्ताव था ठेकेदार ने निशान तो दोनों तरफ सही लगाए, लेकिन उनके खेत की तरफ सड़क को दो मीट र के बजाय चार मीटर बढ़ा दिया गया, जबकि दूसरी तरफ दो मीटर ही बढ़ाई गई।इसी शिका यत की जांच के लिए अधिशासी अभियंता वि नोद कुमार त्रिपाठी मौके पर पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि इस सड़क का निर्माण कार्य जि ला पंचायत सदस्य और भाजपा नेता ठेकेदार राम तीरथ वर्मा द्वारा किया जा रहा है।पीड़ित शिकायतकर्ता राहुल गोस्वामी ने इस पूरे मामले में कठोर कार्रवाई की मांग की है।अधिशासी अ भियंता विनोद त्रिपाठी ने बताया-हमारे मुख्यमं त्री भी कह रहे हैं कि जो जिस भाषा में समझे, उसको उसी भाषा में समझाना चाहिए।सरका री काम में कोई भी अड़ंगा डालेगा और समझा ने पर नहीं मानेगा तो हम लोगों को कानून का सहारा लेना पड़ेगा।

# आठ महीने बाद हुआ बीजेपी कार्यालय का शुद्धिकरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले क़े वरिष्ठ भाजपा नेता अकबाल ब हादुर तिवारी ने आज भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया है।उन्होंने भाजपा कार्यालय में विधि-विधान से हवन पूज न कर अपना कार्यभार संभाला।पदभार ग्रहण करने से पहले, कार्यालय के उस कक्ष का ताला खोला गया जो पिछले आठ महीने पंद्रह दिन से बंद था।इसके बाद,वैदिक मंत्रोच्चार और शंख नाद के साथ जिले के सभी जनप्रतिनिधियों ने अकबाल बहादुर तिवारी को जिलाध्यक्ष की कु र्सी पर बैठाया गया।कार्यभार संभालने के बाद, नवागत जिलाध्यक्ष अकबाल बहादुर तिवारी ने बताया कि वह इससे पहले भी दो बार जिलाध्य क्ष के रूप में पार्टी की सेवा कर चुके हैं।उन्होंने कहा कि उनके परिश्रम, मेहनत और ईमानदारी को देखते हुए पार्टी ने उन्हें तीसरी बार यह अव सर दिया है।तिवारी ने पंचायत चुनावों की तैया री शुरू करने की बात भी कही,उन्होंने कहा कि पदभार ग्रहण करने के बाद में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर जिले के संगठन को मजबूत करने की रणनीति बनाएंगे।इस अवसर पर,कर नैलगंज के भाजपा विधायक अजय कुमार सिं ह ने कहा कि गोंडा को आठ महीने पंद्रह दिन बाद नया भाजपा जिलाध्यक्ष मिला है। उन्होंने अकबाल बहादुर तिवारी को अपना अभिभाव क और अनुभवी कार्यकर्ता बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में काम करने का अलग ही अनुभ व होगा।कटरा बाजार के भाजपा विधायक बा वन सिंह ने अकबाल बहादुर तिवारी को अच्छे व्यक्तित्व का धनी बताया और विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में गोंडा भाजपा संगठन और बेहतर काम करेगा। तरबगंज के भाजपा विधायक प्रेम नारायण पांडेय ने भी कहा कि तिवारी को संगठन चलाने का अच्छा अनुभव है,जिसका लाभ पार्टी को मिलेगा।

# रेलवे नियमों की धज्जियां उड़ा रहे वेंडर प्लेट फार्म का लायसेंस, ट्रेन में सामग्री बेच रहे वेंडर



गोंडा । रेलवे स्टेशन पर रेलवे के नियमों की खुले आम वेंडर धज्जियां उड़ा रहे है।ट्रेन में प्रतिबंधि त होने के बाव जूद प्लेटफार्म पर खड़ी ट्रेन में अवैध रुप से चढ़करवेंडर सामग्री बेचते है।गोंडा रेलवे स्टेशन में दर्जनों कैंटीन स्टॉलों के रोजना दर्जनों से अधिक वेंडर ट्रेन पर सामग्री बेचते हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार एजेंसी इन पर कोई कार्रवाई नहीं करती है।बताया जा रहा है यात्रि यों की सुरक्षा को लेकर रेलवे स्टेशन के अंदर बिकने वाले खाद्य व पेय पदार्थों की सूची जारी करता है।रेलवे के अधिकृत खाद्य पदार्थ ही प्ले टफार्म में बिक सकते हैं। इसके लिए अधिकृत वेंडर प्लेटफार्म के अंदर फ़ेरी लगाकर स्टॉल की सामग्री बेच सकते हैं।लेकिन स्टॉलों पर यह वेंड र ट्रेन के अंदर अवैध रुप से चढ़कर सामग्री वि क्रय करते है।इसके बावजूद इन पर कामर्शिय ल विभाग एवं आरपीएफ कार्रवाई नहीं करता है।रेलवे एक्ट के तहत इन्हीं को अधिकार दिया गया है। रेलवे स्टेशन में कैंटीन संचालक व फुड प्लाजा के संचालन अपने अवैध वेंडरों से ट्रेनों में सामग्रियों को विक्रय करवाते है।इन पर औ पचारिकता के नाम पर महीनें में कही एक दिन चालान काट

### गोंडा रेलवे स्टेशन पर निर्धारित से अधिक वेंडर

गोंडा रेलवे स्टेशन में वर्तमान में दर्जनों कैंटीन व एक फुड प्लाजा खाने पीने के स्टॉल है।इन में कैंटीन संचालक एवं फुड प्लाजा अपनी साम ग्री को बेचने के लिए प्लेटफार्म में वेंडर नियुक्त कर रखे है।दोनों को मिलाकर लगभग दर्जनों वेंडर की अनुमति ले रखी है।इसके बावजूद यह इससे अधिक संख्या में वेंडर सामग्री बेचते है।

### बिना रसीद के खाद्य पदार्थ की बिक्री

रेलवे स्टेशन में सामग्री की गुणवत्ता एवं ओंवर चार्जिंग को लेकर बिना रसीद खाद पदार्थों का विक्रय प्रतिबंधित कर रखा है। इसका कड़ाई से पालन करने के लिए रेलवे नो बिल नो पेमेंट का नियम बनाया है।इसमें बिल नहीं देने पर यात्रि यों को अधिकार दिया है कि वह सामग्री का पैसा अदा नहीं करे।इसके बावजूद इसका अमल स्टेशन में नहीं हो पा रहा है।

### रेलवे स्टेशन पर पंद्रह की बोतल बीस में –

रेलवे स्टेशन में रसीद नहीं देने के कारण सबसे अधिक पानी की बोतल में ओवर चार्जिंग वसूल करते है।स्टेशन में पंद्रह रुपए की पानी की बोत ल बीस रुपए में बेचते है।इसके अतिरिक्त कोल ड्रिंक व अन्य पेय पदार्थों में भी ओवर चार्जिंग वसूल रहे हैं।इसके बावजूद कामिर्शियल विभा ग कार्रवाई नहीं कर रहा है।

### रेलवे स्टेशन पर न कोई ड्रेस न नेम प्लेट

गोंडा रेलवे स्टेशन में अधिकृत वेंडर को ड्रेस कोड एवं नेम प्लेट आवंटित किया जाता है। जिससे उनकी पहचान हो सके।लेकिन गोंडा रेलवे स्टेशन क़ेप्लेटफार्म पर वेंडर बिना ड्रेस व नेम प्लेट लगाए ही घूम रहे हैं।

# पुरानी बाजार में होली धमाल कार्यक्रम सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। नगर के पुरानी बाजार क्षेत्र में संजय गुप्ता के आवास पर होली धमाल कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम देर रात तक उत्साह और उमंग के साथ चलता रहा तथा हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह आयोजन होली महोत्सव समिति, नानपारा के अध्यक्ष अतुल जायसवाल एवं महामंत्री मनोज गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित किया गया। समिति द्वारा नगर के विभिन्न मोहल्लों एवं आवासों पर लगातार होलियारों के माध्यम से धमाल कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। समिति पदाधिकारियों ने नगरवासियों से अपील की कि वे अपने इष्ट-मित्रों के साथ कार्यक्रमों में पहुंचकर होली धमाल का आनंद लें और होली पर्व को आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ मनाएं। कार्यक्रम में पुरुषोत्तम गुप्ता, अजय गुप्ता, सचिन गुप्ता, प्रमोद नाग सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान रंग, संगीत और पारंपरिक होली धमाल ने सभी को उत्सव के रंग में सराबोर कर दिया। धमाल उत्सव में नीरज गुप्ता, पंकज कुमार गुप्ता, गौतम गुप्ता, अजय गुप्ता, पुरुषोत्तम गुप्ता, राकेश गुप्ता, विकास श्रीवास्तव, संदीप गुप्ता, अंकित गुप्ता, अंकित मित्तल, प्रमोद नाग, पंकज मित्तल, सीताराम नन्दा, दिलीप नन्दा, राजेन्द्र कुमार गुप्ता, धर्मेन्द्र नाग, शिवम नाग, रितेश नाग, सिपाही लाल, राहुल कश्यप, रमेश चौरसिया, मिथिलेश गुप्ता, गौरव गुप्ता एवं मानस गुप्ता सहित अनेक लोग मौजूद रहे ।

# सरस्वती शिशु मंदिर में बच्चों ने खेली होली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। होली पर्व से पूर्व बहराइच रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में बच्चों के साथ पारंपरिक रूप से होली का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में बच्चों ने रंग-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएँ दीं और उल्लासपूर्ण वातावरण में पर्व का आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को होली के महत्व, आपसी प्रेम, भाईचारे एवं सौहार्द का संदेश दिया गया तथा सुरक्षित तरीके से होली मनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बालमुकुंद तिवारी सहित आचार्यगण हनुमान सिंह, अवधेश कुमार, बैकुंठनाथ अवस्थी, शिवकुमार मिश्र एवं अरविंद पाठक आदि उपस्थित रहे। सभी आचार्यों ने बच्चों को होली की शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नानपारा में भक्ति-भाव से सजा श्री श्याम प्रभु रानी सती मंदिर, देर रात तक चला धार्मिक आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। फागुन सुदी ग्यारस के पावन पर्व पर नानपारा स्थित श्री श्याम प्रभु रानी सती मंदिर में पूरे दिन विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनका समापन देर रात भव्य भजन संध्या के साथ हुआ। इस दौरान मंदिर परिसर श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण से सराबोर नजर आया।

मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों से सजाया गया था। श्याम बाबा का मनमोहक पुष्प श्रृंगार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना रहा। मंदिर की भव्य सजावट और सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं की चर्चा श्रद्धालुओं की जुबान पर रही। भजन संध्या में भक्त भाव-विभोर दिखाई दिए। इस अवसर पर नानपारा धाम के सुप्रसिद्ध भजन गायक कुमार शानू एवं मोनू गुप्ता ने अपने सुमधुर भजनों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। देर रात तक मंदिर परिसर में श्याम नाम की गूंज सुनाई देती रही। सुबह से ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु निशान लेकर मंदिर पहुंचे। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन करते हुए नगर भ्रमण किया और विश्वनाथ मंदिर पहुंचकर पुनः मंदिर प्रांगण में आकर निशान अर्पित किया। रुपईडीहा से भारी संख्या में श्याम भक्त निशान लेकर पहुंचे। इसके अलावा मटेरा, कोयलहवा, रेउसा, बरदहा, शिवपुर, बहराइच एवं तिकुनिया सहित आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। नगर के विभिन्न स्थानों पर विशाल भंडारों का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर कमेटी द्वारा हजारों की भीड़ के बीच दर्शन एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था अत्यंत प्रशंसनीय रही।आयोजन में मंदिर समिति के सुरेश गोयल, रामस्वरूप अग्रवाल, राजेंद्र मनीरामका, नरेश चंद्र अग्रवाल, राजेश भीमराजका, उमेश चंद्र शाह, अजय अग्रवाल, पीयूष डालमिया, अजय टेकरीवाल, दिनेश शाह, आशीष खेमका, गुड्डू ऐरन, आनंद अग्रवाल, नवीन शाह सहित अन्य सदस्यों ने देर रात तक सक्रिय रहकर व्यवस्थाएं संभालीं। फागुन सुदी ग्यारस पर आयोजित यह भव्य धार्मिक आयोजन नानपारा धाम में श्रद्धा, भक्ति और समर्पण का अनुपम उदाहरण बन गया।

## प्रभारी मंत्री ने महर्षि बालार्क चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण

बहराइच । प्रदेश के मा. मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच श्री सूर्य प्रताप शाही ने विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह व मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ महर्षि बालार्क चिकित्सालय बहराइच का औचक निरीक्षण कर चिकित्सालय भवन की साफ-सफाई, चिकित्सालय की ओर से मरीज़ों व उनके तीमारदारों को उपलब्ध करायी जा रही सेवाओं एवं सुविधाओं का जायजा लिया। प्रभारी मंत्री श्री शाही ने इमरजेन्सी वार्ड, आई.सी.यू. वार्ड, ओ.पी.डी., ई.एन.टी. ओ.पी.डी., मेडिसिन ओ.पी.डी., औषधि वितरण केन्द्र, हिसंक पशुओं के हमलों में घायलों उपचार के लिए स्थापित आईसोलेशन, कैंसर वार्ड सहित अन्य वार्डों तथा ब्लड बैंक का निरीक्षण किया। प्रभारी ने वार्डों के निरीक्षण के दौरान मरीज़ों एवं तीमारदारों से चिकित्सालय द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि शासन की मंशानुरूप मरीज़ों को अनुमन्य सुविधायें प्रदान की जाएं। श्री शाही ने सुझाव दिया कि वार्डों में एक मरीज़ के साथ एक अटेन्डेन्ट को अलाउड किया जाय जिससे अनावश्यक लोगों के कारण मरीज़ों के इलाज में बाधा न आये। प्रभारी मंत्री ने चिकित्सालय की साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए प्राचार्य मेडिकल कालेज प्रो. डॉ. संजय खत्री व प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. परितोष मिश्रा को निर्देश दिया कि साफ-सफाई व्यवस्था के स्तर को बनाये रखें तथा चिकित्सालय औषधियों एवं संसाधन की कमी न होने पाये।

## टिकरी बजार तिराहे के पास मारपीट व लूट का खुलासा, तीन गिरफ्तार

गोंडा कैनविज टाइम्स संवाददाता। टिकरी बजार तिराहे के पास दंपति से हुई लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने इनके कब्जे से दो मोबाइल व एक चारपहिया वाहन की चाभी एवं घटना में प्रयुक्त एक ह्युण्ड ई वेन्यू कार बरामद की है।पुलिस के अनुसार शिवपाल पुत्र रामदीन निषाद निवासी ग्राम नैपु रिया बहादुरा थाना वजीरगंज पर लिखित तह रीर दी की 25 फरवरी को वे रात में करीब साढ़े बजे अयोध्या से अपनी कार से वापस घर आ र हे थे कि रास्ते में टिकरी बाजार तिराहा के पास रास्ता संकरा होने के कारण अपनी कार खड़ी करके सामने से आ रही कार से साइड मांगी तो उसमें बैठे व्यक्ति जे नशे में थे उनके द्वारा गाली गलौज व मार पीट की गई तथा जान से मारने की धमकी देते हुए शिवपाल की दो मोबाइल व कार की चाभी लेकर फरार हो गये थे। शिकायत क़ेआधार पर अज्ञात क़ेखिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था।घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी के पर्यवेक्षण में घटना के खुलासे के लि ए गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज, पूछताछ व सर्विलांस की मदद से 27 फरवरी को थाना व जीरगंज की पुलिस टीम द्वारा कड़ी मेहनत व अथक प्रयास से शिवमधर दुबे पुत्र राजेशधर दुबे,आलोकधर दुबे पुत्र अखिलानन्द धर दुबे शिवेन्द्र चतुर्वेदी पुत्र शरद कुमार को ग्राम काले सर के पास से गिरफ्तार किया है।

## राज्यकर अधिकारियों व नानपारा टैक्स बार अधिवक्ताओं ने होली मिलन समारोह में साझा की खुशियाँ

नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। शनिवार को राज्यकर अधिकारी खंड, नानपारा एवं समस्त स्टाफ द्वारा नानपारा टैक्स बार के अधिवक्ताओं के साथ उपायुक्त कार्यालय, नानपारा परिसर में होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में सहायक आयुक्त राज्यकर अमित अग्रवाल एवं राज्यकर अधिकारी राजीव सिंह सहित उपस्थित अधिवक्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं तथा मिठाई खिलाकर पर्व की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम का वातावरण सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण रहा। होली मिलन समारोह में नानपारा टैक्स बार के संस्थापक सदस्य प्रेम नाथ मिश्रा एडवोकेट, अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा एडवोकेट, महासचिव सौरभ मद्धेशिया एडवोकेट एवं विकास कुमार गुप्ता एडवोकेट सहित अन्य अधिवक्ता एवं राज्यकर विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी ने आपसी भाईचारे, सौहार्द और सहयोग की भावना को और मजबूत करने का संकल्प लिया तथा एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं।

# बाबा गम्भीरदास मिनी स्टेडियम से युवाओं की प्रतिभाओं में आयेगा निखार : मयंकेश्वर शरण सिंह

## दो करोड़ रुपये की लागत से निर्मित छब्बीस विकास कार्यों का राज्यमंत्री ने किया लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




तिलोई अमेठी,क्षेत्र की ग्राम पंचायत रमई में प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने शनिवार को बाबा गम्भीरदास मिनी स्टेडियम का फोटो काटकर लोकार्पण किया और लगभग दो करोड़ रुपये की लागत से निर्मित दो दर्जन से अधिक विकास कार्यों का लोकार्पण कर आम जनमानस को समर्पित किया। रमई के ग्राम प्रधान द्वारा अयोध्या धाम तक पदयात्रा कर दर्शनोपरांत आयोजित विशाल भण्डारा में हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि ग्रामीणांचल में निर्मित बाबा गम्भीरदास मिनी स्टेडियम इस क्षेत्र के युवाओं के लिये वरदान साबित होगा। इस स्टेडियम प्रांगण से ग्रामीण इलाके की प्रतिभाओं में निखार आयेगा और उनको प्रदेश स्तर पर पहुंचने का अवसर मिलेगा। राज्यमंत्री ने ग्राम पंचायत रमई में लगभग दो करोड़ रुपये की लागत से निर्मित छब्बीस विकास कार्यों का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ लोकार्पण किया। विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि इस ग्राम पंचायत ने मिनी स्टेडियम के निर्माण से जनपद में अपनी एक अलग पहचान बनाई है और इसके विकास में हरसंभव मदद की जायेगी। ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने कहा कि इस स्टेडियम निर्माण से यह प्रतीत होता है कि यहां की ग्राम प्रधान अंकिता सिंह बबलू सिंह ने पूरी निष्ठा लगन और ईमानदारी के साथ कार्य किया है और अन्य लोगों को इनसे सीख लेने की जरूरत है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि वीर बहादुर सिंह उर्फ बबलू सिंह, दान बहादुर सिंह, अखिलेश सिंह,मोहन लाल मौर्या ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी राज कुमार शर्मा,पूर्व ब्लाक प्रमुख रमेश सिंह,अरुण प्रताप सिंह, आदित्य पाण्डेय, प्रदीप कुमार सिंह, नीलू सिंह, शुभम सिंह, मारुत मिश्रा, अर्जुन सिंह भदौरिया, देव नारायण, बबलू मिश्रा, मोहम्मद अशरफ, संतोष तिवारी,अमिता गौतम, राज कपूर सिंह,मोनू जायसवाल, आंसू राजावादी, धीरेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य तमाम ग्राम प्रधान एवं क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।

# होली पर शहर को मिली सौगात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के सौंदर्यीकरण और ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जेपी रोड वार्ड-25 स्थित ऐतिहासिक घंटाघर का जीर्णोद्धार कराया गया। जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण होने के बाद नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने विधिवत लोकार्पण कर इसे शहरवासियों को समर्पित किया। इस घंटाघर में लगाई गई लाइटें 15 तरह से रंग बदलेंगी। जिसका नियंत्रण मोबाइल से रहेगा। जैसे राष्ट्रीय पर्वों पर इनका रंग तिरंगा कर दिया जाएगा।नगर पालिका द्वारा कराए गए कार्यों के अंतर्गत घंटाघर में चारों दिशाओं में नई आधुनिक घड़ियां स्थापित कराई गई हैं, जिससे अब शहर के विभिन्न हिस्सों से समय स्पष्ट रूप से देखा जा सकेगा। इसके साथ ही घंटाघर को आकर्षक बनाने के लिए रंग-बिरंगी फसाड लाइटें लगाई गई हैं। पूरे ढांचे का रंग-रोगन कराकर इसे नया रूप दिया गया है।घंटाघर की विशेष सजावट में जनपद की पहचान को भी प्रमुखता दी गई है। संरचना पर पीलीभीत की प्रसिद्ध बांसुरी तथा जिले की शान माने जाने वाले टाइगर की आकर्षक कलाकृतियां बनवाई गई हैं, जो स्थानीय संस्कृति और पहचान को दर्शाती हैं।इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा कि होली के पर्व पर घंटाघर का पुनः संचालन शहरवासियों के लिए नगर पालिका की ओर से एक उपहार है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से बंद पड़े इस घंटाघर के घंटे अब एक बार फिर सुनाई देने लगे हैं, जिससे शहर की पुरानी पहचान और विरासत को नई ऊर्जा मिली है। नगर पालिका शहर के विकास, सौंदर्यीकरण और ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।लोकार्पण कार्यक्रम में सभासद साकेत सक्सेना, वतनदीप मिश्रा, राशीद हुसैन, विपिन कुमार उर्फ राजू फौजी, निजाकत अली कादरी, निर्मल सिंह टीटू, सुनीता सिंह, विकास बाबू, इमरान अंसारी, शरीफ अंसारी, शिवम श्रीवास्तव, मोहन स्वरूप, विपिन त्यागी सहित बड़ी संख्या में शहरवासी, व्यापारी जितेंद्र गुप्ता, सोनू महातीया, रतन नाथ मिश्रा, स्वतन्त्र देवल, अरुण जैसवार एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों ने नगर पालिका की इस पहल की सराहना की और घंटाघर के नए स्वरूप पर खुशी व्यक्त की।




पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने जीर्णोद्धार के बाद घंटाघर का किया लोकार्पण

# अटल आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा आठ मार्च को होगी

## प्रवेश पत्र व आधार कार्ड के बिना परीक्षा केंद्र में नही मिलेगा प्रवेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अमेठी । सहायक श्रमायुक्त छत्रसाल बरनवाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन आठ मार्च को किया गया है। यह परीक्षा राजकीय बालिका इंटर कालेज गौरीगंज में सम्पन्न होगी।उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा छह एवं कक्षा नौ में प्रवेश हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र दिनांक अठाइस फरवरी से सात मार्च तक सायं पांच बजे तक वितरित किए जाएंगे। अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र कार्यालय सहायक श्रमायुक्त, ब्लॉक परिसर गौरीगंज, अमेठी से प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश पत्र प्राप्त करते समय अभ्यर्थी अभिभावक को दो पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना अनिवार्य होगा। परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये प्रवेश पत्र एवं आधार कार्ड साथ लाना आवश्यक है। बिना प्रवेश पत्र के किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। सहायक श्रमायुक्त ने अभ्यर्थियों एवं अभिभावकों से अपील की है कि निर्धारित तिथि के भीतर प्रवेश पत्र अवश्य प्राप्त कर लें तथा परीक्षा के दिन आठ मार्च को निर्धारित समय से कम से कम एक घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंचें। विस्तृत जानकारी हेतु अभ्यर्थी कार्यालय सहायक श्रमायुक्त, ब्लॉक परिसर गौरीगंज से संपर्क कर सकते हैं अथवा मोबाइल नम्बर 7905201875, 7565847970, 7985130661 एवं 7704866171 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## पूरनपुर में पीस कमेटी की बैठक: होली, रमजान, ईद को लेकर पुलिस ने की चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।पूरनपुर में आगामी होली और रमजान ईद के त्योहारों के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई बैठक में प्रभारी निरीक्षक ने थानाक्षेत्र से आए सम्भ्रान्त जनों का स्वागत कर परिचय प्राप्त किया प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि पर्व पर कोई भी नई परंपरा नहीं डाली जाएगी और सभी लोग पूर्व की भांति शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाएं उन्होंने कहा कि कोई भी सूचना उनको कभी भी दी जा सकती है पुलिस सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के लिए प्रतिबद्ध है पुलिस पूरी तरह से सतर्क है और क्षेत्र में निगाह रखी जा रही है थानाध्यक्ष ने कहा कि सभी लोग त्योहारों को आपसी सौहार्द के साथ मनायें, त्योहारों के दौरान ही चुनाव भी शुरू हो रहे है, इसलिए किसी भी प्रकार कोई भी गैरकानूनी हरकत न करें, अन्यथा कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी इस दौरान सीओ प्रतीक दहिया ने सभी से आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की यह बैठक पूरनपुर कोतवाली पर हुई इसमें क्षेत्र के दोनों समुदायों के सम्मानित नागरिक शामिल हुए बैठक का नेतृत्व प्रभारी निरीक्षक पवन पाण्डेय ने किया क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी लोग प्रेम भाव से अपने त्योहारों का आनंद लें उन्होंने किसी भी बहकावे में न आने की सलाह दी और कहा कि यदि कोई समस्या आती है, तो तत्काल पुलिस या संबंधित पुलिसकर्मी को सूचित करें कानून को अपने हाथ में न लें उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई व्यक्ति उपद्रवी तत्वों का समर्थन करता हुआ या उनके साथ कोई गलत कार्य करता हुआ पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी उन्होंने नागरिकों से अपने आसपास उपद्रवी व्यक्तियों की पहचान कर पुलिस को तत्काल सूचित करने का आग्रह किया, यह भी बताया कि पुलिस उनका नाम गुप्त रखेगी बैठक को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी ने कहा, ''हमारा उद्देश्य है कि सभी त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाएं होलिका दहन निर्धारित स्थानों पर ही किया जाए डीजे को रोडो न चलाने का जिक्र भी किया उन्होंने नशे का सेवन कर किसी भी प्रकार से त्योहारों में व्यवधान न डालने की हिदायत दी और आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की है।

### नगर पंचायत में बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का हुआ आयोजन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश अनुसार नगर पंचायत न्यूरिया हुसैनपुर में वार्ड बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महिला कल्याण विभाग से काउंसलर अभिषेक शुक्ला द्वारा समिति के सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया गया एवं बताया गया कि समिति के माध्यम से जनपद के जरूरतमंद बच्चों को योजनाओं से अवगत कराना एवं लाभ प्राप्त करना है। इसी क्रम में कर्मा राव द्वारा विभागीय योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, उ0प्र0 कन्या सुमंगला योजना,निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना सखी वन स्टॉप सेंटर एवं चाईल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित सदस्यों को बाल विवाह के दुष्परिणाम बताये गए एवं उपस्थित सभासदों को हेल्पलाइन नम्बरों इत्यादि की जानकारी दी गई। ततपश्चात बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत शपथ काउंसलर अभिषेक शुक्ला द्वारा दिलाई गई।बैठक में सभी सभासद, शिक्षिका सुनीता कार्की वं महिला कल्याण विभाग से काउंसलर अभिषेक शुक्ला ,कर्मा राव एवं रुबीना खातून उपस्थित रहें हैं।

### अवैध खनन में लिप्त जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर ट्राली सीज

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जायस पुलिस के साथ ही खनन विभाग की संयुक्त टीम ने गांव बीबी डोला मजरे मुबारकपुर मुखेतिया में अवैध खनन में लिप्त एक जेसीबी मशीन व दो ट्रैक्टर मय ट्राली को सीज किया गया। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को थाना जायस पुलिस क्षेत्र में मौजूद थी तभी मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बीबी डोला मजरे मुबारकपुर मुखेतिया के पास में अवैध खनन हो रहा है। थाना जायस के प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र सिंह खनन निरीक्षक दुष्यंत कुमार विश्वकर्मा द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच कर अवैध खनन करने वाली एक जेसीबी व दो ट्रैक्टर मय ट्राली को कब्जे में लिया गया।ट्रैक्टर जेसीबी चालकों से खनन परिवहन अनुमति व उपरोक्त वाहन संबंधित प्रपत्र मांगने पर दिखा न सके।थाना जायस के प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा जेसीबी व ट्रैक्टर मय ट्राली को कब्जे में लेकर एमवी एक्ट में नियमानुसार अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### तिलोई के प्रत्येक गांव तक पहुंची क्षेत्र पंचायत निधि : अर्चना सिंह

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र पंचायत तिलोई की बैठक में गांव के विकास के लिये सात करोड़ से अधिक के विकास कार्यों पर चर्चा हुई। ब्लाक प्रमुख की अध्यक्षता में आयोजित बैठक की कार्यवाही गत वर्ष की बैठक की कार्यवाही के अनुमोदन के साथ हुई। बैठक में जल जीवन मिशन योजना के अधिकारी नदारद होने पर नाराजगी जाहिर की गई है।क्षेत्र पंचायत की बैठक में ब्लाक प्रमुख अर्चना सिंह ने कहा कि गांव के विकास में क्षेत्र पंचायत के बैठक की अहम भूमिका होती है।उन्होंने कहा कि क्षेत्र पंचायत की बैठक में प्रतिनिधियों को अवश्य आना चाहिये।इन बैठकों में हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है और मैं आप सबके सुझाव पर ही क्षेत्र का विकास कर तिलोई को आदर्श ब्लाक बनाने के लिये संकल्पित हूं। उपजिलाधिकारी अमित सिंह एवं क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से होली का त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गई और अगर किसी गांव में कोई भी समस्या उत्पन्न हो रही हो तो उसकी सूचना से स्थानीय पुलिस को अवगत कराये। प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र तिवारी ने बाल विकास परियोजना द्वारा संचालित राशन वितरण प्रणाली पर सवालिया निशान लगाया गया और कहा कि ग्राम पंचायत सवितापुर के दो राजस्व गांव के लाभार्थियों को इधर से उधर दौड़ाया जाता है और उनको योजना का लाभ नही मिल पाता है। ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने कहा कि क्षेत्र पंचायत के द्वारा गांव स्तर पर अनेक प्रकार के विकास कार्य करवाये जाते हैं अगर कही नाली ,खडंजा आदि की जरूरत है तो प्रतिनिधि क्षेत्र पंचायत की कार्य योजना में मांग दर्ज करा सकते है। ग्राम पंचायत छतहुवां के ग्राम प्रधान छबिलाल के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।खण्ड विकास अधिकारी राज कुमार शर्मा ने सभी प्रतिनिधियों से विकास कार्यों के प्रस्ताव मांगे एवं योजनाओं को बताते हुये आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन गंगा विभूति ने किया।इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी राम किशुन कश्यप,जिला पंचायत सदस्य राम कृष्ण भारती, राज कुमार तिवारी, ग्राम प्रधान देवी शरण बाजपेई, संतोष तिवारी, प्रदीप सिंह, भास्कर सिंह, दिनेश सिंह राठौर, अमिता गौतम, बबलू मिश्रा, हेमेंद्र प्रताप सिंह, नितेश कुमार यादव, मनीष सिंह, करुणा शंकर, आशीष सिंह, शिव भूषण शुक्ला, चंद्र भान सिंह सहित अन्य क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

### सेवानिवृत्त डिपो अधिकारी का दी गई विदाई

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर वन क्षेत्र के डिपो वनाधिकारी राजकुमार बॉथम के सेवानिवृत्त होने पर वनाधिकारी की ओर से शनिवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया इस मौके अनमोल सक्सेना स्केलर द्वारा किया गया दोस्तों और परिजनों की मौजूदगी ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए सभी ने जंगल व स्वादिष्ट व्यंजनों का खूब लुत्फ उठाया जहाँ पुराने किस्से साझा हुए और हंसी-मजाक के बीच सभी मित्रों और शुभचिंतकों ने इस पल का भरपूर आनंद लिया इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान,संजय कुमार मिश्रा,मानस शुक्ला,रितेश गुप्ता 'पारू',मोहित गुप्ता,सुमित कुशवाहा,दुर्गेश मिश्रा,आलोक त्रिवेदी,रामपाल वर्मा, कुमार अभिषेक,श्मुकुल गुप्ता,नितिन गुप्ता सनी,सचिन गुप्ता,राजेश श्रीवास्तव, अशोक राठौर,अर्जुन आज़ाद और वन निगम के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे राज कुमार बाथम को उनके आगामी सुखद और स्वस्थ जीवन के लिए ढेर सारी शुभकामनाएँ दी है।

### रोजा रखने से समूह में सहानुभूति का माहौल उत्पन्न हो ता है : मौलाना फकीह हैदर

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाज में रोज़े का योगदान भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है। यह एक विशाल दीवार की तरह काम करता है जो फिजूलखर्ची और व्यर्थ के खर्चों को रोकता है, और समाज के विभिन्न वर्गों के बीच आर्थिक असमानता को समाप्त करने में मदद करता है। रोज़ा अमीर और गरीब के बीच समानता और संतुलन स्थापित करने में सहायक है, क्योंकि यह अमीरों को यह एहसास दिलाता है कि गरीबों की स्थिति क्या है और उन्हें अपनी ज़िम्मेदारी समझाकर उनकी मदद करने की प्रेरणा देता है। यह माहौल समाज में एकता और सहानुभूति को बढ़ावा देता है और हमें यह सिखाता है कि हम सब एक ही इंसानियत के हिस्से हैं, और हर व्यक्ति की मदद करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। रोज़ा रखने से समुदाय में एकता और सहानुभूति का अद्वितीय माहौल उत्पन्न होता है, जो समाज को आपसी समझ और सहयोग की ओर अग्रसर करता है। इस पवित्र महीने की आध्यात्मिक महिमा न केवल हमारे दिलों को रोशन करती है, बल्कि यह हमें हमारी जिम्मेदारियों का सच्चा एहसास भी कराती है, जिससे हम अपने जीवन को और अधिक श्रेष्ठ और बेहतर बनाने के लिए प्रेरित होते हैं। इस महीने में हम अपनी ईमानदारी, नेक इरादों और सच्चाई की ओर लौटते हैं, और अल्लाह से अपने पापों की माफी मांगते हैं, साथ ही अपने समाज में भी एक सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करते हैं।

### एसआईआर लिस्ट में छोटी सी गलती मोहल्ले के नाम गलत होने पर मतदाता परेशान

पुरनपुर। नगर के मोहल्ला गणेशगंज पूर्वी वॉर्ड नम्बर 15 की सभासद नुसरत परवीन पत्नी तौफीक अहमद कादरी ने जिला निर्वाचन अधिकारी को लिखे पत्र मे बताया कि 129 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की ट्रूत्र 2026 की पूर्व भाग संख्या 299 बूथ स्थल पब्लिक इण्टर कॉलेज पूरनपुर था वर्तमान में ट्रूत्र 2026 में भाग संख्या 299 मोहल्ला गनेशगंज पूर्वी पूरनपुर जनपद-पीलीभीत को दो सूचियों में विभाजित कर 324 व 329 बनाई गयी है भाग संख्या 324 में मोहल्लें का नाम गनेशगंज पूर्वी पूरनपुर जनपद-पीलीभीत सही है जबकि भाग संख्या 329 की लिस्ट में ऋटिवश मोहल्ला चौक पश्चिमी कर दिया गया है जबकि ट्रूत्र 2026 में भाग संख्या 299 में भरने के लिए आये सभी फार्म में मोहल्ला गनेशगंज पूर्वी ही दर्शाया गया है सभासद ने मांग की कि उक्त त्रुटि का सही किया जाना अत्यन्त आवश्यक है क्योंकि उपरोक्त भाग संख्या 329 के सभी मतदाताओं की सरकारी कागजो जैसे आधार कार्ड, पहचान पत्र, मकान के कागजात, पासपोर्ट, राशन कार्ड इत्यादि में मोहल्ला गनेशगंज पूर्वी ही अंकित है भाग संख्या 329 में मोहल्ला गलत अंकित होने से भाग संख्या 329 के सभी मतदाताओ में रोष व्याप्त है उपरोक्त समस्या पर गम्भीर रूप से विचार कर समस्या का निस्तारण करनें की माँग की है।

### थाना समाधान दिवस में पांच शिकायत आई, एक का मौके पर निस्तारण

पूरनपुर। पूरनपुर कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस के दौरान पांच शिकायतें प्राप्त हुई इनमें मौके पर एक शिकायत का निस्तारण कर दिया गया शनिवार को कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक पवन पाण्डेय की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया इस अवसर पर विभिन्न मामलों से संबंधित कुल पांच शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए इनमें से मौके पर एक का निस्तारण कर दिया गया शेष शिकायती पत्रों के यथाशीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# सुलतानपुर चीनी मिल के आधुनिकीकरण की मांग तेज, मंत्री को सौंपा गया पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर, । जनपद की एकमात्र सहकारी चीनी मिल के आधुनिकीकरण और पेराई क्षमता बढ़ाने की मांग ने जोर पकड़ लिया है। 188-सुलतानपुर के पूर्व मंत्री/विधायक विनोद सिंह ने 27 फरवरी को कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र सिंह को पत्र भेजकर मिल के विस्तार और तत्काल सुधार की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि 1973 में स्थापित और 1984 से संचालित यह मिल करीब 42 वर्ष पुरानी होकर जर्जर स्थिति में पहुंच चुकी है। वर्तमान पेराई क्षमता लगभग 12,500 कुंतल प्रतिदिन है, जबकि इसे 40,000 कुंतल प्रतिदिन तक बढ़ाने का आश्वासन दिया गया था। कम क्षमता के कारण किसानों को गन्ना अन्य जिलों की मिलों में ले जाना पड़ रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि जिले में औद्योगिक विकास सीमित होने से बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर है। ऐसे में चीनी मिल का आधुनिकीकरण न केवल किसानों को राहत देगा, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ाएगा।उन्होंने सरकार से शीघ्र निर्णय लेकर मिल के विस्तार और आधुनिकीकरण का आदेश जारी करने की मांग की है।

### भाकपा माले का जेएनयू के छात्रों परहुए लाठीचार्ज को लेकर विरोध प्रदर्शन

पूरनपुर।पूरनपुर भाकपा माले का जेएनयू के छात्रों पर हुए लाठीचार्ज को लेकर विरोध प्रदर्शन कर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन यूजीसी लागू करने और जेएनयू छात्रों पर लाठी चार्ज के विरोध में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माले) के जिला प्रभारी अफरोज आलम के नेतृत्व में तहसील परिसर पूरनपुर पहुंचकर यूजीसी लागू करने, जेएनयू के छात्रों पर कथित रूप से 27 फरवरी को लाठी चार्ज के विरोध आदि मांगों को लेकर महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन नया तहसीलदार पूरनपुर को दिया गया। ज्ञापन में प्रमुख रूप से यूजीसी को लागू करने, जेएनयू के गिरफ्तार छात्र-छात्राओं को रिहा करने, जेएनयू कुलपति को बर्खास्त करने, छात्रों पर लाठी चलाने वाले अधिकारियों को दंडित करने आदि मांगे शामिल हैं, ज्ञापन देने में प्रमुख रूप से ब्लॉक सचिव देवी दयाल, लाल बहादुर कोहली जिला सचिव, सईद खान, संजय पासवान मारिया, नरेश आदि शामिल रहे

# पंचायत चुनाव समय पर ही कराए जाएंगे : राजभर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जिला समन्वय समिति की बैठक में शामिल होने पहुंचे ओम प्रकाश राजभर ने दिल्ली शराब घोटाले में आए कोर्ट के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सीबीआई, ईडी और अन्य स्वतंत्र एजेंसियों को यदि शिकायत मिलती है तो वे जांच करती हैं। इसमें सरकार का कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि एजेंसी ही मुकदमा दर्ज करती है, एजेंसी ही जांच करती है और यदि सबूत नहीं मिल पाते तो यह एजेंसी की जिम्मेदारी है, सरकार की नहीं। ऐसे मामलों में संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए और वे इसके पक्षधर हैं। शराब घोटाले के फैसले पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा दिए गए नैतिक मृत्युदंड वाले बयान पर राजभर ने पलटवार करते हुए कहा कि सत्ता से बाहर होने पर लोग इस तरह के बयान देते हैं। उन्होंने 1990 के शंकराचार्य प्रकरण का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय लाठीचार्ज किसकी सरकार में हुआ था। सत्ता में रहने वाला व्यक्ति संविधान की शपथ लेकर कार्य करता है और उसी के अनुसार कार्रवाई होती है। शंकराचार्य प्रकरण से सनातन धर्म को नुकसान होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इससे सनातन को कोई नुकसान नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में भी शंकराचार्य के खिलाफ केस दर्ज हुआ था और लाठीचार्ज हुआ था। धर्मगुरुओं का कार्य अपने धर्म का प्रचार-प्रसार करना और लोगों को उससे जोड़ना है, न कि मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री के खिलाफ बयानबाजी करना। पंचायत चुनाव को लेकर फैली भ्रम की स्थिति पर उन्होंने स्पष्ट किया कि मतपत्र छपकर जिलों में भेजे जा चुके हैं। 15 अप्रैल को मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। एसआईआर की प्रक्रिया चल रही है, अधिकारी उसी में व्यस्त हैं। साथ ही परीक्षाएं और जनगणना का कार्य भी सामने है, जिससे लोगों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। हालांकि उन्होंने भरोसा दिलाया कि पंचायत चुनाव समय पर ही कराए जाएंगे।

## सम्पादकीय

# विदेश नीति को बदलते प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इतिहास में अपना नाम किन अक्षरों में दर्ज कराना चाहते हैं, ये तो पता नहीं, लेकिन भारत की विदेश नीति का जो गौरवशाली स्वर्णिम इतिहास रहा है, उसे वो पूरी तरह मटियामेट करना चाहते हैं, यह साफ नजर आ रहा है। वैसे भी जब इतिहास की पूरी समझ न हो, या जानबूझकर इतिहास को नजरंदाज किया जाता है तो वर्तमान और भविष्य दोनों किस तरह खतरे में पड़ जाते हैं, इसका बड़ा उदाहरण नरेन्द्र मोदी की इजरायल यात्रा से मिल ही रहा है। महज दो दिनों के लिए मोदी इजरायल गए, लेकिन वहां जो कुछ उन्होंने कहा, उससे भारत की बरसों की मेहनत पर पानी फिर गया है। बुधवार को इजरायली संसद नेसेट में जिस तरह का भाषण प्रधानमंत्री मोदी ने दिया है, उसमें वैश्विक स्तर पर भारत की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं। क्योंकि इजरायल ने फिलीस्तीन में हमास को खत्म करने के नाम पर जो नरसंहार किया, उस पर दुनिया भर में चिंता जाहिर की जा रही है, लेकिन भारत के प्रधानमंत्री ने इजरायली संसद में जाकर हमास की न केवल आलोचना की, बल्कि तीन साल पहले 7 अक्टूबर को इजरायल पर हुए हमले की तुलना भारत में मुंबई के आतंकी हमले से कर दी। माना कि दोनों में निर्दोष लोगों की ही जान गई, लेकिन सोचने वाली बात ये है कि नरेन्द्र मोदी को यूपीए सरकार में हुआ मुंबई हमला अगर याद आया तो खुद की सरकार में हुए पुलवामा और पहलगाम जैसे बड़े आतंकी हमलों को वो कैसे भूल गए। होता तो यही है कि इंसान को हाल की बात पहले याद आती है और पुरानी बात बाद में। लेकिन मोदीजी के साथ उल्टा ही हो रहा है। उन्हें अपने कार्यकाल का कुछ याद नहीं रहता, केवल कंग्रेस की सरकारों की बातें याद पड़ती हैं। अपने संबोधन में मोदी ने गजा शांति पहल को क्षेत्र में न्यायपूर्ण और स्थायी शांति की दिशा में एक रास्ता बताया। यानी सीधे-सीधे अमेरिका की तारीफ उन्होंने की। इसके साथ ही इजरायल के साथ एकजुटता का संदेश देते हुए कहा कि कहीं भी आतंकवाद शांति को हर जगह खतरे में डालता है। गौर कीजिए कि मोदी ने इजरायल की कुर्बानियों का जिक्र किया लेकिन गजा में मारे गए 70 हजार लोगों की हत्या और हमदर्दी के लिए एक शब्द नहीं कहा, वो कह भी नहीं सकते थे, क्योंकि उन्हें तो ट्रंप और नेतन्याहू से दोस्ती निभानी है। मोदी ने गजा नरसंहार को पूरी तरह नजरन्दाज किया, यहां तक तो ठीक है, लेकिन दुख इस बात का है कि अपने साथ-साथ उन्होंने पूरे देश की जनता को इजरायल के साथ खड़ा दिखाया। मोदी ने कहा, श्मैं भारत की जनता की ओर से हर खोई हुई जान के लिए गहरी संवेदना लेकर आया हूं और हर उस परिवार के लिए जिनका संसार 7 अक्टूबर 2023 को हमास के बर्बर आतंकवादी हमले में टूट गया। हम आपका दर्द महसूस करते हैं। हम आपका दुख साझा करते हैं। भारत इजरायल के साथ मजबूती से, पूरे विश्वास के साथ, इस पल में और उसके आगे भी खड़ा है। कोई भी कारण नागरिकों की हत्या को जायज नहीं ठहरा सकता। कुछ भी आतंकवाद को जायज नहीं ठहरा सकता।श कितने सुविधाजनक तरीके से मोदी ने गजा में नेतन्याहू के इजरायली आतंकवाद का जिक्र तक नहीं किया। जबकि खुद इजरायल की जनता अपनी सरकार के ऐसे बर्बर रवैये के खिलाफ है। कंग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने मोदी के भाषण पर उन्हें इतिहास की याद दिलाते हुए नेहरू के इजरायल के निर्माण पर आइंस्टीन को लिखे पत्र में व्यक्त विचारों का हवाला दिया। रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया- अप्रैल 1955 में आइंस्टीन के निधन से कुछ समय पहले, आइंस्टीन और नेहरू ने परमाणु विस्फोटों और हथियारों के मुद्दे पर पत्रों का आदान-प्रदान किया था।श नेहरू ने 11 जुलाई 1947 को आइंस्टीन को जवाब में लिखारू श्मैं मानता हूं कि जबकि मेरी यहूदियों के लिए बहुत अधिक हमदर्दी है, मुझे अरबों की दुर्दशा के लिए भी उतनी ही हमदर्दी है। किसी भी घटना में, पूरा मुद्दा दोनों पक्षों की ओर से उच्च भावना और गहरे जुनून का हो गया है।

# सरहदों की दीवारों में सिसकती संवेदनाएं

मनुष्य का समूचा इतिहास वस्तुतः उसकी निरंतर गति और अदम्य जिज्ञासा का ही इतिहास है। पुरातन काल के उस आदिम मनुष्य की कल्पना कीजिए, जिसकी आँखों में पूरा आकाश समाया था और जिसके पाँव किसी कृत्रिम सीमा को नहीं पहचानते थे। तब धरती माँ थी, और उसका असीम विस्तार ही 'घर' था। कबीले चलते थे, सभ्यताएँ प्रवास करती थीं और संस्कृतियाँ किसी अविरल बहती नदी की तरह एक-दूसरे में विलीन हो जाती थीं। तब न देशों के बीच कोई कँटीली बाड़ थी, न कोई पासपोर्ट न ही वीजा । मनुष्य की पहचान उसके पदचिह्नों और उसके कर्म से थी, काग़ज़ के किसी बेजान टुकड़े से नहीं। वह 'स्व' और 'पर' के संकुचित बोध से मुक्त, प्रकृति का एक अभिन्न हिस्सा था। समय का चक्र घूमा और मनुष्य ने प्रकृति की चुनौतियों को स्वीकार करना सीखा। जब उसने लकड़ी के लट्ठों को जोड़कर पानी पर तैरना सीखा, तो समुद्र की अगाध दूरियां छोटी पड़ने लगीं। वह अन्वेषण का युग था। वास्को-डि-गामा, कोलंबस और मैगेलन जैसे साहसी नाविकों ने केवल नए भूखंड ही नहीं खोजे, बल्कि विचारों और व्यापार के ऐसे सेतु बनाए जिन्होंने दुनिया का नक्शा बदल दिया। जहाज तब केवल मसाले, स्वर्ण या रेशम नहीं ढोते थे , वे अपने साथ दर्शन, कला और जीवन पद्धति , संस्कृति भी ले जाते थे। समुद्र ने देशों को जोड़ा, पर उसी जुड़ाव की कोख से साम्राज्यवाद की महत्वाकांक्षा ने भी जन्म लिया। ताक़तवर राष्ट्रों ने मानचित्रों पर अपनी लकीरें बढ़ानी शुरू कीं और यहीं से 'अधिकार क्षेत्र' की अवधारणा प्रबल हुई। विज्ञान और तकनीक की उड़ान ने इस विस्तार को नई ऊँचाई दी। राइट ब्रदर्स के सपनों ने जब हवा में पंख फैलाए, तो बादलों के ऊपर से नीचे की सरहदें बौनी और अर्थहीन लगने लगीं। इंटरनेट आया तो लगा कि अब हम सचमुच एक 'वैश्विक ग्राम' (क्वद्यधथ्थद्य ठ्ठद्बद्यद्यथद्दद्न) के नागरिक बन गए हैं। सूचना क्रांति और इंटरनेट ने तो मानो भूगोल की दूरी बहुत बौनी ही कर दी । न्यूयॉर्क की हलचल मुंबई के स्क्रीन पर और बीजिंग का बाज़ार लंदन की गलियों में आ पहुँचा। 'वसुधैव कुटुंबकम्' का प्राचीन भारतीय दर्शन आधुनिक तकनीक के चश्मे से यथार्थ जैसा दिखने लगा। उदारवाद और वैश्वीकरण ने एक ऐसे भविष्य का सुनहरा स्वप्न दिखाया, जहाँ बाज़ार और मानवता दोनों एक साझी ज़मीन पर खड़े होंगे। किंतु, इस भौतिक प्रगति के समानांतर एक विडंबना भी अत्यंत सूक्ष्मता से आकार ले रही थी। जैसे-जैसे हमारी संचार गति बढ़ी, हमारी मानसिक संकीर्णता के द्वार भी गहरे होते गए। जिस तकनीक ने हमें 'ग्लोबल' बनाया, उसी ने नियंत्रण की नई प्रणालियाँ भी विकसित कर दीं। प्रथम विश्व युद्ध के बाद की दुनिया ने 'पासपोर्ट' और 'वीज़ा' जैसे शब्दों को सुरक्षा का कवच बनाया, पर अंततः ये हमारी नैसर्गिक स्वतंत्रता की बेड़ियाँ बन गए। आज मनुष्य एक चलती-फिरती धड़कन और स्वतंत्र चेतना बाद में है, पहले वह डेटा, बायोमेट्रिक्स और दस्तावेज़ों का एक बंडल है। हवाई अड्डों की लंबी कतारें और इमिग्रेशन काउंटरों पर होने वाली पूछताछ उस आधुनिक दासता की प्रतीक हैं, जहाँ आपकी गरिमा आपकी राष्ट्रीयता के 'रैंक' पर निर्भर करती है। आज का दौर और भी चुनौतीपूर्ण और विरोधाभासी है। हम एक अजीबोगरीब द्वंद्व में जी रहे हैं। एक ओर हम मंगल और चंद्रमा पर बस्तियाँ बसाने की योजना बना रहे हैं, दूसरी ओर अपनी ही धरती पर पड़ोसी के विरुद्ध दीवारें ऊँची कर रहे हैं। वैश्विकता का वह सुंदर स्वप्न अब संकुचित क्षेत्रीय राजनीति के शोर में दम तोड़ रहा है। दक्षिणपंथी सोच और धार्मिक कट्टरपंथ के नए उभार ने मनुष्यता को पुनः कबीलों में बाँट दिया है। 'माय कंट्री फर्स्ट',का नारा सुनने में आकर्षक लग सकता है, पर जब यह 'साझा मानवता' की कीमत पर उछाला जाता है, तो यह आत्मघाती हो जाता है। संरक्षणवाद की आड़ में हम अपनी खिड़कियाँ बंद कर रहे हैं, यह

विज्ञान और तकनीक की उड़ान ने इस विस्तार को नई ऊँचाई दी। राइट ब्रदर्स के सपनों ने जब हवा में पंख फैलाए, तो बादलों के ऊपर से नीचे की सरहदें बौनी और अर्थहीन लगने लगीं। इंटरनेट आया तो लगा कि अब हम सचमुच एक 'वैश्विक ग्राम' (क्वद्यधथ्थद्य ठ्ठद्बद्यद्यथद्दद्न) के नागरिक बन गए हैं। सूचना क्रांति और इंटरनेट ने तो मानो भूगोल की दूरी बहुत बौनी ही कर दी । न्यूयॉर्क की हलचल मुंबई के स्क्रीन पर और बीजिंग का बाज़ार लंदन की गलियों में आ पहुँचा। 'वसुधैव कुटुंबकम्' का प्राचीन भारतीय दर्शन आधुनिक तकनीक के चश्मे से यथार्थ जैसा दिखने लगा। उदारवाद और वैश्वीकरण ने एक ऐसे भविष्य का सुनहरा स्वप्न दिखाया, जहाँ बाज़ार और मानवता दोनों एक साझी ज़मीन पर खड़े होंगे। किंतु, इस भौतिक प्रगति के समानांतर एक विडंबना भी अत्यंत सूक्ष्मता से आकार ले रही थी। जैसे-जैसे हमारी संचार गति बढ़ी, हमारी मानसिक संकीर्णता के द्वार भी गहरे होते गए। जिस तकनीक ने हमें 'ग्लोबल' बनाया, उसी ने नियंत्रण की नई प्रणालियाँ भी विकसित कर दीं। प्रथम विश्व युद्ध के बाद की दुनिया ने 'पासपोर्ट' और 'वीज़ा' जैसे शब्दों को सुरक्षा का कवच बनाया, पर अंततः ये हमारी नैसर्गिक स्वतंत्रता की बेड़ियाँ बन गए। आज मनुष्य एक चलती-फिरती धड़कन और स्वतंत्र चेतना बाद में है, पहले वह डेटा, बायोमेट्रिक्स और दस्तावेज़ों का एक बंडल है। हवाई अड्डों की लंबी कतारें और इमिग्रेशन काउंटरों पर होने वाली पूछताछ उस आधुनिक दासता की प्रतीक हैं, जहाँ आपकी गरिमा आपकी राष्ट्रीयता के 'रैंक' पर निर्भर करती है। आज का दौर और भी चुनौतीपूर्ण और विरोधाभासी है। हम एक अजीबोगरीब द्वंद्व में जी रहे हैं। एक ओर हम मंगल और चंद्रमा पर बस्तियाँ बसाने की योजना बना रहे हैं, दूसरी ओर अपनी ही धरती पर पड़ोसी के विरुद्ध दीवारें ऊँची कर रहे हैं। वैश्विकता का वह सुंदर स्वप्न अब संकुचित क्षेत्रीय राजनीति के शोर में दम तोड़ रहा है। दक्षिणपंथी सोच और धार्मिक कट्टरपंथ के नए उभार ने मनुष्यता को पुनः कबीलों में बाँट दिया है। 'माय कंट्री फरस्ट',का नारा सुनने में आकर्षक लग सकता है, पर जब यह 'साझा मानवता' की कीमत पर उछाला जाता है, तो यह आत्मघाती हो जाता है। संरक्षणवाद की आड़ में हम अपनी खिड़कियाँ बंद कर रहे हैं, यह भूलकर कि बंद कमरों में हवा दूषित हो जाती है और सभ्यताएँ सड़ जाती हैं। कट्टरपंथ का यह नया चेहरा दरअसल हमारे भीतर के गहरे असुरक्षा बोध और 'पराये' के प्रति भय की उपज है। यह भय, दूसरे के धर्म, दूसरी संस्कृति, और दूसरे के विचार के प्रति, हमें सुरक्षित नहीं, बल्कि एकाकी और हिंसक बना रहा है। आज की राजनीति संवेदनाओं पर हावी है और भूगोल दिलों को बाँट रहा है। संकीर्ण राष्ट्रीयता और कट्टरपंथी विचारधाराएं हमें यह सिखा रही हैं कि जो हमारे जैसा नहीं दिखता या नहीं सोचता, वह हमारा शत्रु है।

भूलकर कि बंद कमरों में हवा दूषित हो जाती है और सभ्यताएँ सड़ जाती हैं। कट्टरपंथ का यह नया चेहरा दरअसल हमारे भीतर के गहरे असुरक्षा बोध और 'पराये' के प्रति भय की उपज है। यह भय, दूसरे के धर्म, दूसरी संस्कृति, और दूसरे के विचार के प्रति, हमें सुरक्षित नहीं, बल्कि एकाकी और हिंसक बना रहा है। आज की राजनीति संवेदनाओं पर हावी है और भूगोल दिलों को बाँट रहा है। संकीर्ण राष्ट्रीयता और कट्टरपंथी विचारधाराएं हमें यह सिखा रही हैं कि जो हमारे जैसा नहीं दिखता या नहीं सोचता, वह हमारा शत्रु है। यह सोच उस 'वैश्विक ग्राम' की जड़ों में मट्ठा डालने जैसा है, जिसे हमने बड़ी उम्मीदों से सींचा था। हमें यह समझना होगा कि धरती पर खींची गई लकीरें प्रशासन की सुविधा के लिए तो हो सकती हैं, पर वे आत्मा की जेल नहीं होनी चाहिए। राष्ट्रों की सुरक्षा अनिवार्य है, पर मनुष्यता का गला घोंटकर नहीं। एक पक्षी जब बिना वीज़ा के सीमा पार करता है, तो वह हमारी व्यवस्थाओं पर हँसता प्रतीत होता है। हवाओं, खुशबू और संगीत का कोई पासपोर्ट नहीं होता, क्योंकि प्रकृति जानती है कि विस्तार ही जीवन है और संकुचन ही मृत्यु। यह समय आत्ममंथन का है। यह समय आह्वान है, उस 'मानवीय चेतना' की ओर लौटने का, जहाँ करुणा का कोई भौगोलिक मानचित्र न हो। हमें अपनी पहचान के साथ-साथ अपनी सार्वभौमिक मानवता को भी बचाना होगा। जिस दिन एक इंसान दूसरे के दुख को बिना उसकी राष्ट्रीयता या धर्म पूछे महसूस करेगा, उसी दिन ये 'दिलों की दूरी' समाप्त होगी। सरहदें नक्शों पर सुशोभित हों तो ठीक, पर उन्हें संवेदनाओं के बीच नहीं खड़ा होना चाहिए। याद रहे, मानचित्र मनुष्य की रचना है, पर मनुष्यता उस असीम चेतना की संरचना है , जिसका विभाजन संभव नहीं है। **–विवेक रंजन श्रीवास्तव**

# पंजाब में विराट कंात के रूप में भाजपा को मिला नया राष्ट्रवादी 'यूथ आइकन'

**महेन्द्र कुमार शर्मा**

पंजाब की जटिल राजनीति में विराट कंात का भाजपा में प्रवेश केवल एक राज्य की घटना नहीं है। राजनीतिक गलियारों में इसे मोदी सरकार के उस 'विजन' के रूप में देखा जा रहा है, जहाँ वे ऐतिहासिक राष्ट्रवादी विरासत को आधुनिक युवा नेतृत्व के साथ जोड़ रहे हैं। विश्लेषक विराट कंात को 'उत्तर का तेजस्वी सूर्या' कह रहे हैं। एक ऐसा चेहरा जिसमें बौद्धिक प्रखरता भी है और महान राष्ट्रवादी डीएनए भी।

विराट कंात उस परिवार से आते हैं जिसने भारत की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक जड़ों को सींचा है। वे भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति कृष्ण कंात के पोते और 'पंजाब के गांधी' कहे जाने वाले स्वतंत्रता सेनानी लाला अचिंत राम के पड़पोते हैं। लाला अचिंत राम संविधान सभा के सदस्य थे, जिन्होंने आधुनिक भारत की नींव रखी थी।

विराट के लिए यह विरासत कोई 'प्रिविलेज' नहीं, बल्कि एक कठिन मार्ग है। वे बड़े गर्व और जिम्मेदारी से कहते हैं, ''मेरे परिवार ने पीढ़ियों से देश की सेवा की है, और वही सेवा का जज्बा आज मेरा मार्गदर्शन कर रहा है।'' आज का युवा, जो केवल सत्ता के पीछे भागने वाले नेताओं से ऊब चुका है, विराट की इस ''सेवा प्रथम'' वाली विचारधारा में एक नई उम्मीद देख रहा है। यही कारण है कि मोदी कैंप उन्हें पंजाब से लेकर दिल्ली तक एक राष्ट्रीय युवा आइकन के रूप में पेश कर रहा है।

विराट के भाजपा में आने पर कई सवाल भी उठे, क्योंकि उनके दादा कृष्ण कंात जी ने 1970 के दशक में मूल्यों की राजनीति के लिए कड़े स्टैंड लिए थे। विराट इस पर एक बहुत ही परिपक्व विश्लेषण पेश करते हैं। वे इसे विचारधारा से हटना नहीं, बल्कि उसका 'विकास' मानते हैं। विराट का तर्क है, ''मेरे दादाजी ने अपने दौर की चुनौतियों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। आज की सच्चाई यह है कि भारत को एक मजबूत और स्थिर नेतृत्व की जरूरत है।'' वे मानते हैं कि ईमानदारी और राष्ट्रवाद के जिन मूल्यों के लिए उनके पूर्वजों ने अपना जीवन समर्पित किया, आज उन्हें केवल प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ही पूरा किया जा सकता है। विराट कंात केवल अपनी विरासत के कारण चर्चा में नहीं हैं, बल्कि उनकी अपनी योग्यता भी काफी प्रभावशाली है। दिल्ली विश्वविद्यालय से कॉमर्स और पंजाब यूनिवर्सिटी से कानून (LL.B) की पढ़ाई करने वाले विराट एक प्रखर वकील हैं। प्रधानमंत्री मोदी से उनकी मुलाकात केवल औपचारिक नहीं थी। विराट बताते हैं कि पीएम मोदी ने उनसे घंटों इस बात पर चर्चा की कि कैसे युवाओं को नीति-निर्माण में आगे आना चाहिए। प्रधानमंत्री का मंत्र ''विश्वास के साथ बड़ी जिम्मेदारी आती है''आज विराट के राजनीतिक जीवन का आधार बन गया है। पंजाब आज नशीले पदार्थों, कर्ज और माफिया राज के एक ऐसे भंवर में फंसा है, जहाँ से निकलने के लिए उसे एक नए विजन की जरूरत है। विराट कंात वर्तमान 'आप' सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहते हैं कि ''आज ऐसा लगता है जैसे माफिया नेटवर्क सरकार चला रहा है और राज्य की सत्ता कमजोर पड़ गई है।'' वे केवल आलोचना नहीं करते, बल्कि समाधान भी देते हैं।

वे स्वतंत्र पुलिसिंग, आधुनिक तकनीक और कृषि विविधीकरण की बात करते हैं। किसानों के मुद्दे पर वे कहते हैं कि एमएसपी की सुरक्षा के साथ-साथ हमें खेती को वैश्विक बाजार के लिए तैयार करना होगा। विराट कंात का भाजपा में उदय इस बात का संकेत है कि पार्टी अब उन शिक्षित और राष्ट्रवादी युवाओं को आगे बढ़ा रही है जो अपनी जड़ों से जुड़े हैं। वे उस 'न्यू इंडिया' के प्रतीक हैं जो अपने गौरवशाली अतीत पर गर्व करता है और भविष्य की चुनौतियों से लड़ने का दम रखता है। विराट का कहना है कि वे केवल नाम के सहारे नहीं, बल्कि जमीन पर काम करके जनता का विश्वास जीतेंगे। आने वाले समय में, विराट कंात न केवल पंजाब बल्कि पूरे भारत में भाजपा के एक प्रखर और ओजस्वी चेहरे के रूप में दिखाई देंगे।

## सेहत मंत्र

# खाद्यपूरकों का स्वास्थ्य पर प्रभाव

बिना समुचित आराम किये लगातार काम करना कभी मजबूरी थी अब धीरे-धीरे हमारी आदत में तब्दील होता जा रहा है। शारीरिक कार्यक्षमता में निरंतर कमी का यही सबसे प्रमुख कारण है। ज्यादा वक्त काम में लगा देने के कारण हम अपने स्वास्थ्य की उचित देखभाल नहीं कर पाते। प्राथमिकता काम की होती है जिससे हम अपने स्वास्थ्य के प्रति उदासीन होते जाते हैं। खान-पान, व्यायाम आदि आवश्यक क्रियाओं के लिए वक्त नहीं है आज हमारे पास। पेट भरने के लिए आज ढेरों फास्ट फूड और प्रॉसेस्ड फूड बाजार में आसानी से उपलब्ध हैं। चटपटे और मन को लुभाने वाले ये व्यंजन स्वास्थ्य की दृष्टि से कतई अच्छे नहीं हैं, कारण इसमें फूड वेल्यू न के बराबर है। अपर्याप्त भोजन और इसके साथ विषाक्त वातावरण हमारे अंदर कई असाध्य बीमारियों को पैदा करता है। आजकल होने वाली प्रमुख बीमारियां जैसे कैंसर, हाइपरटेंशन, डायबिटिज, केटारेक्ट, पारकिंस डिसीज, एचआईवी वायरस द्वारा फैलाये जाने वाले रोग आदि के शिकार होने का सबसे प्रमुख कारण है। आजकल की हमारी जीवन चर्या, जीने का तरीका (लाइफ स्टाइल), यह मानव निर्मित है लेकिन इन सबसे बच कर भी नहीं रह सकते। इस विषाक्त वातावरण को नहीं बदल सकते जिससे हजारों की संख्या में फ्रीरेडिकल्स हर रोज हमारे शरीर के अंदर दाखिल हो रहे हैं। फ्री रेडिकल्स हमारे स्वस्थ उत्तकों को क्षति पहुंचाते हैं और हमारा शरीर खोखला होता जाता है और हम आसानी से बीमारियों की गिरफ्त में चले जाते हैं। संतुलित भोजन के बारे में एक तो लोगों में पर्याप्त जानकारी का अभाव है और जिन्हें इसकी थोड़ी जानकारी है भी, वे इसे अपनी दिनचर्या में भलीभांति शामिल नहीं कर पाते। भोजन के मूलभूत तत्वों को हमें लेना ही पड़ेगा नहीं तो हमें बीमार पड़ने से कोई नहीं रोक सकता। डॉक्टर हमें बीमारियों की रोकथाम के लिए दवा देते हैं, बीमारियों से बचने के लिए नहीं। ऐसे में हमारे पास एक ही विकल्प होता है खाद्यपूरकों को अपने दैनिक भोजन में शामिल करना। जिस प्रकार स्कूल में सही ढंग की पढ़ाई न होने के कारण बच्चों को घर पर ट्यूशन देनी पड़ती है ताकि उसका भविष्य खराब न हो, ठीक उसी प्रकार अच्छे स्वास्थ्य को बनाये रखने के लिए संतुलित भोजन की आवश्यकता की पूर्ति खाद्यपूरकों से ही संभव है।

## धर्म मंत्र

# जन्म और मृत्यु

इंसानी प्रवृत्ति है कि वह बहुत जल्दी सब कुछ भूल जाता है अथवा अनदेखा करता रहता हैं। समय बीतते-बीतते उसके घावों पर मलहम लग जाती है। वह भली-भाँति जानता है कि जन्म और मृत्यु के बीच की कड़ी है जीवन जिसे हम सब यत्नपूर्वक जीते हैं। परिश्रम करते हैं और अपनी सुख-सुविधा के सभी साधन जुटाते हैं। कदम-कदम पर अपनी जीत के जश्न मनाते हुए हमारी प्रसन्नता का किसी प्रकार का कोई पारावार नहीं रहता। उस समय हम चाहते हैं कि सारी कायनात हमारी ही खुशी में शामिल हो जाए और जब हम दुखी हों, तब सारा ब्रह्माण्ड हमारे दुख में दुखी होता हुआ दिखाई दे। दिन-दिन करके मनुष्य जन्म के बाद बचपन से जवानी की ओर बढ़ता है और फिर वृद्धावस्था की ओर कदम बढ़ाता है। तदुपरान्त मृत्यु उसका वरण कर लेती है। वह हर वर्ष अपने बन्धु-बान्धवों के साथ अपना जन्मदिवस मनाकर आनन्दित होता है पर वह भूल जाता है कि उसके जीवन का एक वर्ष और कम हो गया और मृत्यु तक पहुँचने की एक साल की दूरी उसने तय कर ली है। यह इस जीवन की सच्चाई है। हम सब लोग इस अटल सत्य से नजरे चुराते रहते हैं। हम बस यही सोचते हैं कि हम आयुप्राप्त हो रहे हैं तथा अधिक अनुभवी बनते जा रहे हैं। महाराज भर्तृहरि ने श्वैराग्यशतकम्श ग्रन्थ में जीवन के इस सत्य को बहुत ही सुन्दर शब्दों में उदाहरण सहित उद्धाटित किया है- व्याघ्रीव तिष्ठति जरापरितर्जयन्ति। रोगाश्च शत्रव इव प्रहरन्ति देहम आयुरू परिस्त्रवतिभिन्नघटादिवाम्भो। लोकस्तथाप्यहितमाचरतीति चित्राम अर्थात् बुढ़ापा बाघ की तरह गुर्राता हुआ सामने खड़ा है, शत्रु की तरह रोग शरीर पर नित्य प्रहार करते हैं, छेद्युक्त घट की तरह आयु का नित्य क्षय हो रहा है लेकिन आश्चर्य है कि फिर भी लोग अहित आचरण कर रहे हैं।

पर्यटन



# चोपता एक परफ़ेक्ट जगह : उत्तराखंड का 'मिनी स्विट्जरलैंड'

भारत में घूमने-फिरने के लिए कई जगहें मौजूद हैं। किसी को हिल स्टेशन पसंद है, तो किसी को बीच पर चिल करना अच्छा लगता है। सर्दी हो या गर्मी पहाड़ों पर तो आपको हमेशा ही भीड़ देखने को मिलेगी। उत्तराखंड एक ऐसा राज्य है, जहां पर घूमने के लिए आपको कई शानदार जगहें मिल जाएंगी। उत्तराखंड का चोपता नेचर लवर्स के लिए स्वर्ग से कम नहीं है। चोपता की खूबसूरती देखने लायक होती है। चोपता को लोग 'मिनी स्विट्जरलैंड' के नाम से भी जाना जाता है। यहां आने के बाद ऐसा लगता है कि जैसे वक्त थोड़ी देर के लिए थम गया है। यही कारण है कि नेचर फोटोग्राफी, सुकून और पहाड़ों से प्यार करने वाले लोगों के लिए चोपता एक परफ़ेक्ट जगह है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि चोपता को नेचर लवर्स पैराडाइज क्यों कहा जाता है। चोपता उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित है। केदारनाथ से करीब 80 किमी दूरी पर स्थित है। औली से इसकी दूरी करीब 148 किमी है। यहां जाने का रास्ता बेहद खूबसूरत है। कोई भी इस रास्ते से जाता है, तो यहां की वादियों में खो जाता है। चोपता, केदारनाथ वाइल्ड लाइफ सेंचुरी का हिस्सा है। यहां पर आप दोस्तों के साथ कैंपिंग कर सकती हैं। लेकिन इसके लिए आपको फॉरेस्ट डिपार्टमेंट से परमिशन लेना जरूरी है। यही जगह तुंगनाथ ट्रेक की शुरूआत भी मानी जाती है। तुंगनाथ दुनिया का सबसे ऊंचाई पर स्थित शिव मंदिर है। इसके आगे चंद्रशिला ट्रेक है, जोकि करीब 4000 मीटर की ऊंचाई पर है। आप यहां से सनराइज और सनसेट का नजारा देख सकते हैं। बता दें कि चोपता की सबसे बड़ी पहचान यहां के हरे-भरे घास के मैदान हैं। इसको बुग्याल कहा जाता है अगर आप यहां आते हैं तो चरवाहे अपने भेड़ों के साथ नजर आएंगे। हरियाली, खुला आसमान और शांति यहां पर आपको जन्नत का एहसास कराएगी।

# बड़े ही धूमधाम से मनाया गया होली का उत्सव





**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। शहर के सविल लाइन स्थित किड्स प्री स्कूल में होली का उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। प्रिंसिपल मैडम और शिक्षिकाओं ने नन्हे मुन्नों के साथ मिलकर फूलों की होली खेली, जिससे स्कूल का वातावरण रंगों और खुशियों से भर गया।बच्चों ने गुलाल और फूलों के साथ खेलते हुए होली का आनंद लिया। उन्होंने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। प्रिंसिपल मैडम और शिक्षिकाओं ने भी बच्चों के साथ मिलकर होली का उत्सव मनाया और उन्हें होली के महत्व के बारे में बताया।





इस अवसर पर स्कूल में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जैसे कि रंगों की प्रतियोगिता, फूलों की माला बनाना, और होली के गीत गाना। बच्चों ने अपने अभिभावकों के साथ मिलकर होली का उत्सव मनाया और अनमोल पल बिताए।होली के इस उत्सव ने बच्चों के चेहरे पर मुस्कान ला दी और उन्हें एक दूसरे के साथ मिलकर खेलने का अवसर दिया।

## डीडीसी ने किया संपर्क मार्ग जनता को समर्पित



रामसनेहीघाट बाराबंकी। स्थानीय तहसील क्षेत्र अंतर्गत जिला पंचायत द्वारा 9.30 लाख की लागत से निर्मित 230 मीटर निर्मित रोशनलाल पुरवा सम्पर्क मार्ग का लोकार्पण जिला पंचायत सदस्य अभिषेक वर्मा व भाजपा नेता जवाहर वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।इस अवसर पर श्री वर्मा ने कहा कि मोदी और योगी सरकार की नीतियों से देश और प्रदेश का विकास हो रहा है और गांवों में भी आधारभूत सुविधाएं पहुंच रही हैं।उन्होंने आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला गैस, इज्जत घर, किसान सम्मान निधि,मुफ्त राशन और शिक्षा जैसी योजनाओं के लाभ की जानकारी दी । इस अवसर पर कई ग्रामवासी और पदाधिकारी मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर महान वैज्ञानिक डॉ सी.वी रमन को याद कर विज्ञान प्रतियोगिता आयोजित

सुलतानपुर। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में जिलाधिकारी कुमार हर्ष, मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह तथा जिला विद्यालय निरीक्षक सूर्य प्रकाश सिंह, जिला विज्ञान क्लब सुल्तानपुर के निर्देश में महान वैज्ञानिक डॉ सी वी रमन के द्वारा रमन प्रभाव की खोज के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 28 फरवरी 2026 को 'वूमेन इन साइंस कैटालाइजिंग विकसित भारत' थीम पर राम राजी बालिका सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, सुल्तानपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रख्यात चिकित्सक डॉ जे पी सिंह, विशिष्ट अतिथि के एन आई टी के कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष डॉ अरविंद तिवारी और सह जिला विद्यालय निरीक्षक जटाशंकर यादव ने सरस्वती प्रतिमा पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्ज्वलित करके किया। डॉ जे पी सिंह ने आने वाली सदी को भारत के विज्ञान की सदी बताया और उपस्थित छात्र छात्राओं को विज्ञान अध्ययन व नवाचार के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थी विज्ञान मॉडल तथा विज्ञान पोस्टर प्रतियोगिता में सम्मिलित हुएस के.एन.आई.टी. सुल्तानपुर के प्रोफ़ेसर डॉ अरविंद तिवारी ने भारत रत्न और नोबेल पुरस्कार विजेता महान वैज्ञानिक सी वी रमन के द्वारा रमन प्रभाव की खोज के विषय में समझाते हुए आधुनिक युग को ए आई युग के रूप में परिवर्तित होने के प्रभाव पर प्रकाश डाला।

### सांसद तनुज को पेंशनर्स का चार सूत्री ज्ञापन, आमंत्रण

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सांसद एवं राष्ट्रीय श्रम सलाहकार समिति श्रम मंत्रालय भारत सरकार तनुज पुनिया से इपीएस 95 पेंशनर्स बाराबंकी का एक प्रतिनिधिमंडल आज सतीश चंद्र अग्निहोत्री की अगुवाई में मिला और चार सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने आगामी 3 मार्च को जंतर मंतर नई दिल्ली में आयोजित इपीएस 95 पेंशनर्स कार्यक्रम में आने का अनुरोध किया। प्रतिनिधिमंडल में पंडित ओंकार मिश्रा , पंडित अमरनाथ मिश्रा आर.पी. सिंह काशी प्रसाद स्वामी प्रसाद योगेंद्र कुमार गुप्ता तथा बहुत से पेंशनर उत्तर प्रदेश रोडवेज, कॉरपोरेशन उत्तर प्रदेश वन निगम , उत्तर प्रदेश प्रदेश आवश्यक वस्तु खाद्य निगम, रिलायंस इंडस्ट्रीज , सोमैया मिल , सूत मिल , शुगर मिल कारखाने व निगम के लोग सम्मिलित रहे।

### पुण्यतिथि पर श्रद्धा पूर्वक याद किए गए आचार्य अहिवरन

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विद्या और संस्कार का मंदिर सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में आचार्य अहिबरन सिंह जी की प्रथम पुण्यतिथि अत्यंत श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रबंध समिति प्रबंधक लाल बहादुर वर्मा एवं यशस्वी प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार वर्मा द्वारा माँ सरस्वती तथा स्मृतिशेष आचार्य अहिबरन सिंह जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया गया। दीप की ज्योति के साथ ही उपस्थित जनसमूह की आँखें श्रद्धा और स्मृतियों से नम हो उठीं।

वरिष्ठ आचार्य दिनेश ने आचार्य अहिबरन सिंह जी के तप, त्याग और समर्पणमय जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहाकि उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन विद्यालय के उत्थान और संस्कार निर्माण हेतु अर्पितकर दिया। इसके उपरांत प्रबंध समिति के सदस्य विजय जैन, के.के.जैन, प्यारेलाल,रामनाथ सोनी,समाजसेवी चौधरीकमलेश व संगत के बाबा हेमंतदास सहित अनेक प्रबुद्ध व्यक्तियों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

विद्यालय प्रबंधक ने अपने उद्बोधन में कहा कि ळआचार्य जी का जीवन त्याग और सेवा का अद्वितीय उदाहरण है, जिसे सदैव स्मरण रखा जाएगा।

प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि ऐसे महापुरुष विरले ही जन्म लेते हैं, जो समाज और राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व अर्पित कर देते हैं। उनका जीवन हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत है। आचार्य जी की पुत्री अभिलाषा वर्मा, बहू एकता वर्मा, तथा विद्यालय परिवार के आचार्यगण—जयकिशोर, प्रदीप कश्यप, राजकुमार, अनूप वर्मा, आनंद कुमार, प्रीती सिंह, प्रिया सिंह सैनी सहित में मौजूद लगभग 950 भैया-बहनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### सड़क हादसे में युवा व्यवसायी की मौत,शोक की लहर

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शुक्रवार देर रात घटित सड़क हादसे में कपड़ा व्यवसायी का बेटा अक्षत जैन की दर्दनाक मौत हुई। दुर्घटना फतेहपुर-महमूदाबाद मार्ग पर सरैया मातिबर नगर रेलवे क्रॉसिंग के पास हुई। पुलिस अनुसार,महमूदाबाद से लौट रहे अक्षत की बाइक बड्डुपुर क्षेत्र में रेलवे क्रॉसिंग से कुछ पहले अज्ञात कारणों के चलते अनियंत्रित हो गई। उनकी तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे लगे लोहे के पोल से टकराकर गहरी खाई में जा गिरी जिससे अक्षत गंभीररूप से घायल हुआ।मृतक अक्षत जैन 25अविवाहित था और अपने पिता आलोक जैन के साथ पारिवारिक व्यवसाय में सक्रिय भूमिका निभाते थे। सट्टी बाजार क्षेत्र में पानी टंकी के पास 'नरेन्द्र साड़ी भण्डार' नाम से उनकी दुकान है। जिसे वह अपने पिता और बड़े भाई अतिशय जैन के साथ मिलकर संभालते थे। अक्षत की असामयिक मृत्यु से व्यापारियों व परिचितों में दुख का माहौल है।

### ब्लॉक स्तरीय ग्राम प्रधान, निकाय प्राधिकारी उन्मुखीकरण संगोष्ठी

मसौली, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शिक्षा के उन्नयन में ग्राम प्रधानों एवं एसएमसी के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। क्योकि समाज तभी विकसित होगा जब हमारा गांव हमारा ब्लाक हमारा जिला एव देश विकसित होगा जिसके लिए सभी को जागरूक होना चाहिए कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वँचित न रहे क्योकि विकास शिक्षा का दर्पण है।

उक्त विचार शनिवार को ब्लॉक संसाधन केन्द्र बड़ागांव मसौली मे खण्ड शिक्षा अधिकारी जैनेंद्र कुमार के संयोजन में आयोजित ब्लॉक स्तरीय ग्राम प्रधान एवं स्थानीय निकाय प्राधिकारी का उन्मुखीकरण संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कही उन्होंने कहा पूर्व में सरकार की तरफ से बच्चों को जूते मोजे इत्यादि सामग्री मिलती थीं। लेकिन अब डीबीटी के माध्यम से सरकार द्वारा बच्चों के अभिभावकों के खाते में सीधे धनराशि भेजी जा रही है ।जनप्रतिनिधियों का दायित्त्व है कि अभिभावकों को प्रेरित कर बच्चों को यूनिफॉर्म खरीदवाने का कार्य करें। प्राथमिक विद्यालय गुरेला के बच्चों द्वारा शिक्षा का महत्व पर लघु नाटिका की प्रस्तुति की गयी।

प्रभारी एडीओ पंचायत संजीव कुमार सिंह द्वारा ब्लॉक में विभिन्न सरकारी योजनाओं के साथ ही विद्यालय से जुड़े हुए कार्यों को प्राथमिकता के स्तर पर पूरा करने, विद्यालय का सौंदर्याकरण करने भौतिक सुविधाओं में वृद्धि करने तथा पठन पाठन के माहौल में अपेक्षाकृत सुधार लाने पर बल दिया गया।

उन्होंने डीबीटी के माध्यम से विद्यार्थियों को 1200 की धनराशि यूनिफॉर्म, जूता मोजा, बैग,स्टेशनरी हेतु दिए जाने पर चर्चा की गई ।

मसौली के शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एसआरजी अवधेश पांडेय, एआरपी आदित्य वर्मा, उमेश कुमार वर्मा, राजेश यादव, आशीष शुक्ल,शिक्षक राजीव श्रीवास्तव, सुमन देवी, आभा राय, अनुपमा शुक्ला, नरेंद्र कुमार, रिंकी सिंह,महादेवी वर्मा, गरिमा मिश्र, मंजू श्री, उमेश कुमार वर्मा गुणवत्ता समन्वयक विनोद वर्मा मंजू को मेमोंट देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रति प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, मुईन अंसारी, उमाकांत वर्मा, दिनेश रावत,नीरज कुमार, बिजय बहादुर,उमाकांत राव सहित शिक्षकगण मौजूद रहे।

## हैदरगढ़ क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ प्रशासन का बड़ा प्रहार

### उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी व आबकारी विभाग की संयुक्त कार्रवाई से मचा हड़कंप

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हैदरगढ़ बाराबंकी। आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत ज़िलाधिकारी बाराबंकी के आदेशानुसार शुक्रवार को हैदरगढ़ क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ सख़्त कार्रवाई की गई। इस संयुक्त अभियान का नेतृत्व राजेश विश्वकर्मा, उपजिलाधिकारी हैदरगढ़ एवं समीर कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी हैदरगढ़ द्वारा किया गया।



अभियान के अंतर्गत दिनांक 28 फरवरी 2026 को थाना असन्द्रा क्षेत्र के ग्राम जरगावां एवं रसूलपुर धनाई के पुरवा में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 हैदरगढ़ द्वारा अधीनस्थ स्टाफ के साथ सघन दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान 09 अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर लगभग 25 लीटर कच्ची अवैध शराब बरामद की गई।

आबकारी अधिनियम के तहत नियमानुसार 03 अभियोग पंजीकृत करते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की गई। अचानक हुई इस कार्रवाई से अवैध शराब के कारोबारियों में हड़कंप मच गया।

**प्रशासन ने दिया सख़्त संदेश**

कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने ग्रामवासियों को अवैध शराब के सेवन से होने वाले स्वास्थ्य, सामाजिक व पारिवारिक दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए जागरूक किया। साथ ही लोगों से अपील की गई कि यदि कहीं भी अवैध शराब के निर्माण, बिक्री या परिवहन की सूचना मिले तो तत्काल प्रशासन को सूचित करें। इसके अतिरिक्त उपजिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी हैदरगढ़ की मौजूदगी में क्षेत्र की आबकारी दुकानों का भी सघन निरीक्षण किया गया, जिससे यह स्पष्ट संदेश गया कि नियमों के उल्लंघन पर किसी भी स्तर पर कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी। उपजिलाधिकारी राजेश विश्वकर्मा ने कहा क्षेत्र को अवैध शराब से मुक्त करना प्रशासन की प्राथमिकता है। इस तरह के विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। कानून तोड़ने वालों के खिलाफ सख़्त से सख़्त कार्रवाई की जाएगी।ङ्क

**वहीं क्षेत्राधिकारी समीर कुमार सिंह ने बताया**

ळअवैध शराब न केवल कानून व्यवस्था के लिए चुनौती है, बल्कि जनस्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा है। पुलिस, आबकारी और प्रशासन की संयुक्त टीम पूरी मुस्तैदी से कार्य कर रही है।ङ्क

**जनहित में सख़्ती, माफ़ियाओं में खौफ**

इस संयुक्त कार्रवाई से साफ़ हो गया है कि हैदरगढ़ क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार को किसी भी कीमत पर पनपने नहीं दिया जाएगा। प्रशासन की सक्रियता और समन्वय से आम जनता में भरोसा और अवैध कारोबारियों में डर साफ़ दिखाई दे रहा है।

### खड़े टैंकर में ट्रक ने मारी टक्कर, चालक की मौत खलासी घायल

बल्दीराय/सुलतानपुर। शनिवार को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सुलतानपुर जनपद के हलियापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत माइल स्टोन 87.5 के पास मार्ग किनारे खड़े एक गैस से भरे टैंकर में पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में ट्रक चालक धर्मेंद्र पुत्र राजेंद्र निवासी बहोरापुर, थाना अखंडनगर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं खलासी रूप किशोर पुत्र रामदास को मामूली चोटें आईं। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही यूपीडा टीम और हलियापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को एंबुलेंस से 100 सैया संयुक्त चिकित्सालय, पिठला कुमारगंज (अयोध्या) ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने चालक को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि टैंकर में गैस भरी हुई थी और टक्कर के बाद गैस का रिसाव शुरू हो गया, जिससे आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया।

## विधायक अभय का रामनगर में भव्य स्वागत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रामनगर बाराबंकी। अयोध्या जनपद की गोसाईंगंज विधानसभा सीट के विधायक चर्चित नेता अभय सिंह का बुढ़वल चौराहे के साईं हॉस्पिटल पर समर्थकों द्वारा स्वागत सम्मान किया गया।ब्लॉक मुख्यालय के पास सपा नेता राघवेंद्र प्रताप सिंह राजन द्वारा अभय सिंह को बुके भेंटकर माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।इसी तरह समाजसेवी नवीन सिंह राठौर बद्रीविशाल त्रिपाठी प्रवेश शुक्ला मोनू सिंह शैलेंद्र प्रताप सिंह श्याम सिंह विवेक सिंह सुधाकर सिंह रणंजय सिंह राघवेंद्र सिंह प्रभात सिंह अभय सिंह व संतोष सिंह बाबा सहित अन्य समर्थकों ने माल्यार्पण कर अभिनंदन किया।अस्पताल में हुई इस प्रेमपूर्ण बैठक में पुराने साथियों ने बीते दिनों को यादकर एक दूसरे को आगामी होली के त्योहार की बधाई दी।



### चीनी मिल बंदी की असली वजह 250-300 करोड़ की बहुमूल्य जमीन : विपिन प्रकाश सिंह

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले की इकलौती किसान सहकारी चीनी मिल को अचानक बंद करने का फैसला जिले की सियासत में गर्मी ला रहा है। समाजवादी पार्टी के युवा नेता विपिन प्रकाश सिंह दीपक ने इसे किसानों के साथ बड़ा धोखा बताते हुए भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने खुलासा किया कि मिल बंद करने का मुख्य मकसद 14 हेक्टेयर की कीमती जमीन को बेचना है, जिसकी वर्तमान बाजार कीमत 250 से 300 करोड़ रुपये तक आंकी जा रही है। श्री सिंह ने कहा यह सोंची समझी साजिश है। मिल को बिना किसी पूर्व सूचना, नोटिस या गन्ना समितियों से चर्चा के पेराई प्रक्रिया रोक दी। यह नियमों का खुला उल्लंघन है। हजारों किसान प्रभावित हैं उनके गन्ने खेतों में खड़े हैं, अब मजबूरन कम दाम पर निजी मिलों में बेचने को विवश हैं, जिससे करोड़ों का नुकसान हो रहा है। नेता ने आरोप लगाया कि मिल की मरम्मत के नाम पर आए करोड़ों रुपये में गड़बड़ी हुई, फंड का दुरुपयोग किया गया, जबकि कोई ठोस मरम्मत नहीं हुई। इस सत्र में मिल की क्षमता 22 लाख क्विंटल गन्ना पेराई करने की थी, लेकिन जानबूझकर रोका गया। श्री सिंह ने बताया कि मिल की 14 हेक्टेयर (लगभग 25-30 लाख विश्वा) जमीन आज बाजार में 250 से 300 करोड़ रुपये मूल्य की है। यही जमीन बंदी का असली कारण है। बसपा शासन में मिल बेचने की कोशिश हुई थी, जिसमें बाजाज ग्रुप, बलराम ग्रुप और जेपी ग्रुप जैसे बड़े नाम इच्छुक थे, लेकिन किसानों-कर्मचारियों के विरोध और हाईकोर्ट के हस्तक्षेप से रुकी। पूर्व सांसद मेनका गांधी और मुख्यमंत्री ने नवीनीकरण का वादा किया था, जो महज जुमला साबित हुआ। सपा नेता ने किसानों से एकजुट होकर विरोध करने की अपील की और कहा कि सपा सत्ता में लौटते ही मिल को मजबूत बनाकर किसानों का हक सुनिश्चित किया जाएगा।

इंसेट-

#### तौल ठप, गन्ना सूख रहा, किसानों में आक्रोश

हैदरगढ़ । चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्र पर पिछले तीन दिनों से तौल कार्य पूरी तरह बंद है। परिणामस्वरूप केंद्र परिसर में डेढ़ हजार कुंतल से अधिक गन्ना पड़ा सूख रहा है। किसानों को तेजी से वजन घटने के कारण भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है, जिससे भुगतान भी प्रभावित होगा। कुड़वार के प्रभावित किसान आनन्द प्रकाश मिश्रा, लल्लू लाल पाठक, विवेक सिंह, प्रदीप पाठक आदि ने बताया कि समय पर तौल न होने से गन्ने की गुणवत्ता और वजन दोनों घट रहे हैं। वे कहते हैं, हमारा मेहनत का फसल बर्बाद हो रहा है, जिम्मेदार कौन। चीनी मिल के गन्ना विकास अधिकारी अभिजीत ने बताया कि मजदूरों से वार्ता जारी है। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि स्थिति जल्द सामान्य की जाएगी और तौल कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

### भक्ति रस के रंग में डूबी वीरांगना भूमि, साधो द बैंड टीम ने बांधा शमां

झांसी। शहर में पहली बार अनोखे तरह के महाभक्ति कंसर्ट कार्यक्रम में शनिवार शाम साधो द बैंड की टीम ने मुक्ताकाशी मंच पर शमां बांध दिया। साधो द बैंड टीम का यह कार्यक्रम इस मायने में भी अनूठा रहा कि मुकेश अंबानी के एंटीलिया में कार्यक्रम की प्रस्तुति के बाद यह पहली प्रस्तुति झांसी में रही। युवा सामाजिक कार्यकर्ता परन शर्मा के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर युवाओं में खासा उत्साह दिखा। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मंडलायुक्त विमल दुबे एवं सदर विधायक रवि शर्मा उपस्थित रहे। भक्ति संगीत के इस अनूठे आयोजन में बैंड के कलाकारों ने कई तरह के भक्ति गीतों से युवाओं का मन मोहा। उपस्थित जनसमूह भक्ति के रंगों में सरावोर दिखे। साधो द बैंड के इस आयोजन में सांस्कृतिक एवं भक्तिमय विरासत को संगीतमय धुनों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया, जिसमें श्रोता मंत्रमुग्ध रहे।

झांसी मंडल के आयुक्त विमल कुमार दुबे ने आयोजन की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के आयोजन से युवा पीढ़ी को भक्ति का मार्ग प्राप्त होता है।

## टास्क फोर्स की बैठक बीडीओ ने कैसे पेंच

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। ब्लॉक में शनिवार को खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने और आगामी टीकाकरण कार्यक्रम पर प्रमुख रूप से चर्चा हुई।बैठक में आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने के विषय पर सभी विभागों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। खंड विकास अधिकारी ने इस कार्य में पंचायत सहायक और कोटेदारों की सक्रिय भागीदारी को आवश्यक बताया।आगामी माह में शुरू होने वाले टीकाकरण कार्यक्रम पर भी चर्चा हुई।बैठक में स्वास्थ्य विभाग से डॉ. देव प्रताप सिंह, सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज मिश्रा, संजीव बीपीएम और मोहम्मद इमरान सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर इन महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को सफल बनाने की अपेक्षा की गई।



## भारत की नजरें वेस्टइंडीज के खिलाफ नॉकआउट क्वार्टरफाइनल पर

एजेंसी

कोलकाता। भारतीय बल्लेबाज अब अपने पुराने रंग में दिख रहे हैं लेकिन गेंदबाज अब भी प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और ऐसी परिस्थितियों में वेस्टइंडीज के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के क्वार्टर फाइनल जैसे सुपर आठ के मैच में उसे इस विभाग में अपना बेहतर प्रदर्शन करना होगा। वेस्टइंडीज की दक्षिण अफ्रीका से हार और भारत की जिम्बाब्वे पर जीत ने ग्रुप एक के सुपर आठ के इस मैच को दोनों टीम के लिए करो या मरो जैसा बना दिया है। इसलिए अब दोनों टीम कोई कसर नहीं छोड़ेंगी और ऐसे में ईडन गार्डन्स में एक रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है। इस मैच के विजेता को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मार्च को दूसरे सेमीफाइनल में खेलने का मौका मिलेगा। जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत ने बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया। उसके बल्लेबाज सही समय पर लय में लौट आए हैं और अब गेंदबाजों की बारी है। पिछले मैच में शीर्ष क्रम में वापसी करने वाले संजू सैमसन सहित चोटी के सभी छह बल्लेबाजों ने उपयोगी योगदान दिया। संजू ने




केवल 24 रन बनाए, लेकिन उन्होंने शुरू में ही रन गति तेज कर दी जिसका बाकी बल्लेबाजों पर सकारात्मक असर पड़ा। उनके आक्रामक रवैये ने अभिषेक शर्मा के हौसले को बुलंद किया, जिनका इस टूर्नामेंट में पिछला सर्वश्रेष्ठ स्कोर 15 था, जो उन्होंने लगातार तीन मैचों में शून्य पर आउट होने के बाद बनाया था। अभिषेक ने अर्धशतक लगाकर शानदार वापसी की तो तिलक वर्मा ने नंबर छह की अपनी नई भूमिका में नए इरादे के साथ बल्लेबाजी करते हुए 16 गेंदों में 44 रन बनाए। भारत ने चार विकेट पर 256 रन बनाए जो इस टी20 विश्व कप का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वे बिना किसी चिंता के ईडन गार्डन्स पहुंचे हैं। जिम्बाब्वे के खिलाफ बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने अच्छी गेंदबाजी की। जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या ने भी शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन स्पिन गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती अपने पुराने फॉर्म में नहीं नजर आ रहे हैं। यह रहस्यमयी स्पिनर अपनी लेंथ को सही ढंग से नियंत्रित करने में विफल रहा है और ऐसा लगता है कि वह बहुत ज्यादा प्रयोग कर रहे हैं। चक्रवर्ती के नहीं चल पाने के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत को नुकसान हुआ। चक्रवर्ती ने उस मैच में चार ओवर में 47 रन लुटा दिए थे। वरुण ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ज्यादातर शॉर्ट पिच गेंदें की और जब उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ फुल लेंथ गेंद करने की कोशिश की तब भी उन्हें खास सफलता नहीं मिली। इस मैच में अनुभवी सिकंदर रजा ने उन्हें निशाने पर रखा। वरुण ने इस मैच में चार ओवरों में 35 रन दिए। यह देखना बाकी है कि टीम प्रबंधन चक्रवर्ती को अंतिम एकादश में बनाए रखता है या बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को टीम में शामिल करता है। कुलदीप ने वर्तमान टूर्नामेंट में अभी तक केवल एक मैच (पाकिस्तान के खिलाफ) खेला है। वरुण और कुलदीप दोनों ने अपने आईपीएल करियर के अधिकतर मैच कोलकाता नाइट राइडर्स की तरफ से इसी मैदान पर खेले हैं और वे यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ हैं। चक्रवर्ती ने हालांकि यहां अधिक मैच खेले हैं। एक और चिंता ऑलराउंडर शिवम दुबे का गेंदबाजी में अनियमित प्रदर्शन है। जिम्बाब्वे के खिलाफ दुबे ने सिर्फ दो ओवरों में 46 रन लुटाए, जिसमें 10 गेंदों के एक ओवर में चार वाइड और दो नोबॉल शामिल थीं।

## मजबूत दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने अभियान का सकारात्मक अंत करने उतरेगा जोशीला जिम्बाब्वे

एजेंसी

नयी दिल्ली। सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो जाने के बावजूद जोश से भरी जिम्बाब्वे की टीम को अगर टी20 विश्व कप में अपने अभियान का शानदार अंत करना है तो उसे बेहतरीन फॉर्म में चल रहे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले सुपर आठ के मैच में अपनी गेंदबाजी की कमजोरियों को दूर करना होगा। जिम्बाब्वे ने लीग चरण में अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहकर सुपर आठ में जगह बनाई थी लेकिन इस चरण में उसे वेस्टइंडीज और भारत के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद सिकंदर रजा की अगुवाई वाली यह टीम दक्षिण अफ्रीका को कड़ी टक्कर देने के लिए प्रतिबद्ध होगी। आईसीसी के इस टूर्नामेंट में दक्षिण अफ्रीका को हराना मुश्किल है और अगर जिम्बाब्वे को उसे चुनौती देनी है तो उसके गेंदबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा जिन्होंने वेस्टइंडीज और भारत के खिलाफ पिछले दो मैच में 250 से अधिक रन लुटाए। रजा को पता है कि वे बड़ी टीमों से तभी मुकाबला कर सकते हैं जब वे तीनों विभागों में अच्छा प्रदर्शन करें। रजा ने कहा, ''विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ आपको अपने तीनों विभागों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दुर्भाग्य से अगर एक भी विभाग कमजोर पड़ता है तो मैच आपके हाथ से खिसक जाता है। उम्मीद है की आखिरी मैच में हम तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहेंगे। जिम्बाब्वे कि गेंदबाजों ने पिछले दो मैच में काफी ढीली गेंदें फेंकी। उन्हें उसी अनुशासन के साथ गेंदबाजी करने की जरूरत है जैसा उन्होंने ग्रुप चरण में ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के खिलाफ किया था। ग्रुप चरण में वह श्रीलंका की धीमी पिचों पर अजेय रहा, लेकिन बल्लेबाजी के लिए अनुकूल भारतीय परिस्थितियों में गलतियों की गुंजाइश काफी कम हो जाती है, जैसा कि उसने मुंबई और चेन्नई में की। बल्लेबाजी की बात करें तो ब्रायन बेनेट और तादिवानाशे मारुमानी की सलामी जोड़ी को पावरप्ले का भरपूर फायदा उठाना होगा। टूर्नामेंट में अब तक आउट नहीं होने वाले बेनेट ने भारत के खिलाफ यह साबित कर दिया कि वे छक्के भी लगा सकते हैं। उन्हें दक्षिण अफ्रीका के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के सामने छक्के लगाने का कोई न कोई तरीका ढूंढना होगा। मार्को यानसन और लुंगी एनगिडी (प्रत्येक ने 11 विकेट लिए) अब तक दक्षिण अफ्रीका के सबसे सफल गेंदबाज रहे हैं। तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा, कॉर्बिन बॉश और मुख्य स्पिनर केशव महाराज ने उनका बखूबी साथ दिया है। दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष तीन बल्लेबाज कप्तान एडन मार्क्रम, क्विंटन डीकॉक और रयान रिकेल्टन बेहतरीन फॉर्म में हैं। रजा और उनकी टीम को उन्हें रोकने के लिए गेंदबाजी में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स और डेवाल्ड ब्रेविस सहित मध्य क्रम ने भी सुपर आठ में अपना प्रभाव दिखाया है। दक्षिण अफ्रीका ने टूर्नामेंट में अब तक केवल अहमदाबाद और दिल्ली में ही मैच खेले हैं। दिल्ली में पांच मैचों में से केवल एक बार ही 200 रन का आंकड़ा पार हुआ है, जब भारत ने नामीबिया के खिलाफ 209 रन बनाए थे।

## जम्मू-कश्मीर ने रचा इतिहास, पहली बार बना रणजी चैंपियन

एजेंसी

हुबली। जम्मू-कश्मीर की टीम ने आज नया इतिहास रच दिया। जम्मू कश्मीर ने कर्नाटक के साथ खिताबी मुकाबला पांचवें दिन शनिवार को ड्रा होने के साथ ही नये रणजी चैंपियन बनने का गौरव हासिल कर लिया। जम्मू-कश्मीर के लिए यह उपलब्धि और भी शानदार रही क्योंकि उसके राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला यह ऐतिहासिक क्षण देखने के लिए स्टेडियम में मौजूद थे। जम्मू-कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा ने जैसे ही अपनी दूसरी पारी चार विकेट पर 342 रन पर घोषित की उसके खिलाड़ी मैदान पर जश्न मनाने लगे। स्थानीय समयानुसार दोपहर के 2.10 बज चुके थे। दोनों कप्तानों ने हाथ मिलाने का फैसला किया, जम्मू-कश्मीर ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर खिताब अपने नाम किया। जम्मू-कश्मीर को यह नामुकिन जीत हासिल करने में 67 साल लग गये। लेकिन आखिर यह संभव हो गया। अपना पहला



फाइनल खेलना और वह भी आठ बार के चैंपियन कर्नाटक के खिलाफ बहुत बड़ी बात थी। लेकिन टीम ने बल्ले और गेंद से दबदबा बनाया और कर्नाटक को रोक दिया। शुभम पुंडीर के शतक (121) और आकिब नबी के पांच विकेटों ने कर्नाटक को बैकफुट पर धकेल दिया। जम्मू-कश्मीर की दूसरी पारी में कामरान इकबाल नाबाद 160 और साहिल लूथरा ने नाबाद 101 रन बनाये।

## तीसरे वनडे में बल्लेबाजी की कमजोरी को दूर करना होगा भारतीय महिला टीम को

एजेंसी

होबार्ट। पहले दो मैचों में बुरी तरह हारने के बाद बैकफुट पर खड़ी मौजूदा विश्व चैंपियन भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अगर जीत हासिल करके अपनी प्रतिष्ठा कुछ हद तक बचानी है तो उसको अपनी बल्लेबाजी की कमजोरियों को दूर करना होगा। भारतीय टीम पहले दोनों मैच में चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने में नाकाम रही और ऑस्ट्रेलिया ने बिना किसी परेशानी के लक्ष्य हासिल करके श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बनाई। यह लगातार 12वां अवसर है जबकि भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया से वनडे श्रृंखला गंवाई। असल में भारत अभी तक अपने इस प्रतिद्वंदी से द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला नहीं जीत पाया है। पहले मैच में भारत ने पावरप्ले के अंदर ही तीन विकेट गंवा दिए थे और फिर वापसी नहीं कर पाया। भारतीय




टीम ने दूसरे वनडे में पहले विकेट के लिए 78 रन की साझेदारी करके अच्छी शुरुआत की थी, लेकिन मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाज इसका फायदा उठाने में नाकाम रहे। भारत ने 17वें और 31वें ओवर के बीच सिर्फ 52 रन पर पांच विकेट गंवा दिए। यह एक ऐसा क्षेत्र है जिस पर उन्हें ध्यान देने की जरूरत है। पहले वनडे में भारत 214 रन पर आउट हो गया और दूसरे वनडे में नौ विकेट पर 251 रन ही बना पाया। ऑस्ट्रेलिया ने इन दोनों मैच में आसानी से लक्ष्य हासिल किया। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम को अगर क्लीन स्वीप से बचना है तो उसके बल्लेबाजों को अपने खेल में आमूलचूल सुधार करना होगा। युवा सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल ने पहले मैच में शून्य पर आउट होने के बाद शानदार वापसी करते हुए अर्धशतक बनाया, वहीं स्मृति मंधाना ने दोनों मैचों में क्रमशः 31 और 58 रन बनाए। हरमनप्रीत ने भी दो अर्धशतक जड़े। लेकिन जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा जैसी सीनियर बल्लेबाज अभी तक कोई खास योगदान नहीं दे पाए हैं जिससे टीम को नुकसान पहुंचा है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने दूसरे मैच के बाद कहा, ''निश्चित रूप से हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। हमने फिर से वही गलतियां दोहराई और विकेट गंवाए। इससे हम पर्याप्त स्कोर नहीं बना पाए। पिछले दो मैच में हम अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर पाए और उसका हमें खामियाजा भुगतना पड़ा। उम्मीद है अगले मैच में हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे। भारत की गेंदबाजी में भी निरंतरता की कमी दिखी। दीप्ति ने तीन विकेट लिए हैं। श्री चरणी ने पहले मैच में दो विकेट लिए थे, लेकिन दूसरे मैच में वह काफी महंगी साबित हुईं। काशवी गौतम और क्रांति गौड़ की तेज गेंदबाजी जोड़ी को अधिक निरंतरता दिखानी होगी और पावरप्ले में ऑस्ट्रेलिया को हावी होने से रोकने के लिए शुरुआत में ही विकेट लेने होंगे।

## एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी लवलीना और निकहत

एजेंसी

नयी दिल्ली। ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और दो बार की विश्व चैंपियन निकहत ज़रीन 28 मार्च से 11 अप्रैल तक मंगोलिया में होने वाली एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत की 20 सदस्यीय टीम की अगुवाई करेंगी। भारत ने एक महीने तक चली गहन मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद 20 सदस्यीय टीम का चयन किया है। जनवरी में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के बाद संभावित खिलाड़ियों को पटियाला में चल रहे राष्ट्रीय शिविर में शामिल किया गया था। चयन नीति के अनुसार एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के लिए चुना जाएगा। इससे इस महाद्वीपीय चैंपियनशिप का महत्व बढ़ गया है। स्पेन में हाल ही में बॉक्सम एलीट चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली लवलीना (75 किग्रा) महिला टीम की अगुवाई करेंगी। स्पेन में स्वर्ण पदक जीतने वाली अन्य खिलाड़ियों प्रीति (54 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) और प्रिया (60 किग्रा) को भी टीम में शामिल किया गया है। मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी (48 किग्रा) और जैस्मीन (57 किग्रा) भी टीम में शामिल हैं। महिला वर्ग में अन्य खिलाड़ियों में विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल की स्वर्ण पदक विजेता निकहत ज़रीन (51 किग्रा), अंकुशिता बोरो (65 किग्रा), पूजा रानी (80 किग्रा) और अल्फिया तरन्नुम अकरम खान पठान (80 किग्रा से अधिक) को टीम में जगह दी गई है। पुरुषों के वर्ग में विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल और बॉक्सम चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता सचिन (60 किग्रा) टीम की अगुवाई करेंगे। उनके साथ आकाश (75 किग्रा) भी शामिल हैं, जिन्होंने स्पेन में स्वर्ण पदक जीता था। स्पेन में रजत पदक जीतने वाले दीपक (70 किग्रा) और अंकुश (80 किग्रा) तथा स्पेन में कांस्य पदक विजेता और विश्व मुक्केबाजी फाइनल के रजत पदक विजेता जदुमणि सिंह



मंडेंगबाम (55 किग्रा) भी टीम का हिस्सा हैं। विश्वनाथ सुरेश (50 किग्रा), आदित्य प्रताप यादव (65 किग्रा), लोकेश (85 किग्रा), हर्ष चौधरी (90 किग्रा) और नरेंद्र (90 किग्रा से अधिक) टीम में शामिल अन्य खिलाड़ी हैं। भारतीय मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, ''एशियाई चैंपियनशिप में हमेशा आपके कौशल और निरंतरता की अच्छी परीक्षा होती है। हमारा ध्यान ऐसे मुक्केबाजों के चयन पर रहा है जिन्होंने अच्छी फॉर्म, अनुशासन और दबाव में प्रदर्शन करने की क्षमता दिखाई है। हमें विश्वास है कि यह टीम एशिया चैंपियनशिप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रहेगी। खिलाड़ियों का मूल्यांकन मुख्य कोच सैंटियागो नीवा (महिला) और सीए कुट्टप्पा (पुरुष) की देखरेख में किया गया। भारतीय टीम ने स्पेन में बॉक्सम एलीट में नौ स्वर्ण पदक जीते थे। एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीमः पुरुषः विश्वनाथ सुरेश (50 किग्रा), जदुमणि सिंह मंडेंगबाम (55 किग्रा), सचिन (60 किग्रा), आदित्य प्रताप यादव (65 किग्रा), दीपक (70 किग्रा), आकाश (75 किग्रा), अंकुश (80 किग्रा), लोकेश (85 किग्रा), हर्ष चौधरी (90 किग्रा), नरेंद्र (90 किग्रा से अधिक)।


महिलाः मिनाक्षी (48 किग्रा), निकहत ज़रीन (51 किग्रा), प्रीति (54 किग्रा), जैस्मिन (57 किग्रा), प्रिया (60 किग्रा), अंकुशिता बोरो (65 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा), लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा), पूजा रानी (80 किग्रा), अल्फिया तरन्नुम अकरम खान पठान (80 से अधिक किग्रा)।

## सबसे निचले पायदान पर काबिज वॉल्व्स ने तीसरे नंबर की टीम एस्टन विला को हराया

एजेंसी

वॉल्वरहैम्पटन। जोआओ गोम्स ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) के वर्तमान सत्र का अपना पहला गोल किया जबकि रोड्रिगो गोम्स ने स्टॉपेज टाइम में गोल दागा जिससे इस प्रतिष्ठित फुटबाल प्रतियोगिता के सबसे निचले पायदान की टीम वॉल्वरहैम्पटन ने शानदार फॉर्म में चल रहे एस्टन विला को 2-0 से हराकर बड़ा उलटफ़ेर किया।

लीग में यह उस क्लब की केवल दूसरी जीत है जिसके 29 मैच में केवल 13 अंक हैं जो अपनी करीबी टीम से छह अंकों से पिछड़ रही है। एक ऐसी टीम जिसका निचली श्रेणी के टूर्नामेंट में खिसकना तय है। वॉल्व्स के प्रशंसक अपनी टीम की इस जीत से काफी खुश थे जिससे एस्टन विला की चैंपियंस लीग में जगह बनाने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। यह बर्मिंघम के इस क्लब के कोच के रूप में अपनी 100वीं जीत




दर्ज करने की कोशिश कर रहे कोच उनाई एमरी के लिए भी करारा झटका है। एस्टन विला अभी प्रीमियर लीग की तालिका में 28 मैच में 51 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। मैनचेस्टर यूनाइटेड (48 अंक), चेल्सी (45) और लिवरपूल (45) भी शीर्ष चार में जगह बनाने की दौड़ में शामिल हैं। आर्सेनल (61) और मैनचेस्टर सिटी (56) पहले दो स्थान पर हैं।

## यह टीम हैरी ब्रूक के युग की है: जैक्स

एजेंसी

कोलंबो। ऑलराउंडर विल जैक्स का मानना है कि टी20 विश्व कप में इंग्लैंड का शानदार प्रदर्शन 'हैरी ब्रूक युग' की शुरुआत है, जो शांत और स्पष्ट मानसिकता के साथ खेलती है। टी20 विश्व कप से पहले ब्रुक को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। इसकी शुरुआत एशेज में निराशाजनक प्रदर्शन से हुई और उसके बाद वेलिंगटन में एक नाइटक्लब के बाउंसर के साथ नशे में हुई झड़प के बाद उनके नेतृत्व को लेकर सवाल उठने लगे। लेकिन उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 100 रन बनाकर इंग्लैंड को एक मैच शेष रहते सेमीफाइनल में जगह दिला दी। इसके बाद इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को भी हराया। जैक्स से जब पूछा गया कि क्या उन्हें ऐसा लग रहा है कि 'बैज़बॉल' (आक्रामक अंदाज में खेलना) के अच्छे दिन वापस आ गए हैं तो उन्होंने कहा, '''मुझे लगता है कि यह हैरी ब्रूक का युग है। वह हमारे सीमित ओवरों की टीम के कप्तान हैं। मुझे लगता है कि यही वह चीज है जिस पर हम वास्तव में ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने (ब्रुक) हमें एक निश्चित तरीके से खेलना सिखाया है और मुझे लगता है कि उनकी कप्तानी में माहौल शानदार है। चौथी बार प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीतने वाले जैक्स ने कहा, '' सभी देख सकते हैं कि हम खेल का भरपूर आनंद ले रहे हैं हैं और खेल को सही तरीके से खेल रहे हैं। मुझे लगता है कि यही कारण है कि हमें सफलता मिली है। हमने सात में से छह मैच जीते हैं और सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। उन्होंने कहा, ''हम निश्चित तौर पर अच्छा खेलना चाहते हैं लेकिन हम इससे निराश भी नहीं हैं कि हमने अपनी पूरी क्षमता से नहीं खेला है क्योंकि हम जीत रहे हैं। यही टी20 क्रिकेट है, यही पेशेवर खेल है। हमारी टीम जानती है कि हमें क्या करना है। जैक्स ने कहा, ''मुझे लगता है कि हमने महत्वपूर्ण क्षणों में शांत और संयमित रहकर अच्छा प्रदर्शन किया है और परिस्थितियों से अच्छी तरह सामंजस्य बिठाया है। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने जैक्स को 'सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ फिनिशर' करार देते हुए कहा, ''विल जैक्स ने साबित कर दिया है कि वह सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ फिनिशर हैं।

## एनटीपीसी ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 2,666 करोड़ रुपये का दूसरा अंतरिम लाभांश दिया



एजेंसी

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने विद्युत मंत्रालय को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए दूसरे अंतरिम लाभांश के रूप में 2,666.58 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। एनटीपीसी ने बयान में कहा कि कंपनी के अधिकारियों ने 27 फरवरी को बिजली मंत्री मनोहर लाल को चेक सौंपा। कंपनी ने कहा कि उसने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 27 फरवरी 2026 को 2,666.58 करोड़ रुपये का दूसरा अंतरिम लाभांश दिया, जो कंपनी की चुकता शेयर पूंजी का 27.50 प्रतिशत है। यह लगातार 33वां वर्ष है जब एनटीपीसी लिमिटेड ने लाभांश का भुगतान किया है। एनटीपीसी भारत की सबसे बड़ी बिजली उत्पादन कंपनी है। यह देश की एक-चौथाई बिजली मांग को पूरा करती है। कंपनी वर्तमान में 88 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) से अधिक स्थापित क्षमता का संचालन कर रही है, जबकि 32 गीगावाट क्षमता निर्माणाधीन है।

## आईएमएफए ने ओडिशा में टाटा स्टील के फ़ेरो क्रोम संयंत्र का अधिग्रहण पूरा किया

एजेंसी

दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड महाराष्ट्र में एक पवन ऊर्जा परियोजना स्थापित करने के लिए 1,736.25 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी ने वर्ष 2035 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है और यह निवेश उसके नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो के विस्तार की दिशा में एक कदम है। गेल ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि शुक्रवार को हुई निदेशक मंडल की बैठक में 178.2 मेगावाट क्षमता की पवन ऊर्जा परियोजना स्थापित करने के निवेश प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। अनुबंध मिलने के 24 महीनों के भीतर पूरी होने वाली यह परियोजना कंपनी के मौजूदा 117.95 मेगावाट के पोर्टफोलियो में इजाफा करेगी। इसके अलावा, कंपनी के पास राजस्थान, उत्तर




प्रदेश और मध्य प्रदेश में फैली 27 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाएं भी हैं। वर्तमान में कंपनी की पवन ऊर्जा परियोजनाएं गुजरात (19.2 मेगावाट), कर्नाटक (38.1 मेगावाट) और तमिलनाडु (60.65 मेगावाट) में स्थित हैं। गेल भारत की सबसे बड़ी प्राकृतिक गैस पारेषण और विपणन कंपनी है। इसके पास लगभग 18,001 किलोमीटर का प्राकृतिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क है।

# तृणमूल के राज्यसभा उम्मीदवार - राजीव, कोयल, बाबुल और मेनका के जरिए सभी वर्ग को साधने की कोशिश



कोलकाता। पश्चिम बंगाल में राज्यसभा चुनाव 2026 को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। वहीं, सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस ने अपने आधिकारिक संदेश के माध्यम से उच्च सदन के लिए शुक्रवार रात चार उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं। पार्टी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि हमें यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि राज्य सरकार में मंत्री बाबुल सुप्रियो, राजीव कुमार (पूर्व पुलिस महानिदेशक, पश्चिम बंगाल), वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी और अभिनेत्री कोयल मल्लिक को आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया गया है। हम उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हैं। हमें विश्वास है कि वे तृणमूल कांग्रेस की विचारधारा और राज्य के हितों को संसद में सशक्त रूप से आगे बढ़ाएंगे।

घोषित नामों में सबसे अधिक चर्चा पूर्व पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार को लेकर हो रही है। वे लंबे समय तक पश्चिम बंगाल पुलिस के शीर्ष पद पर रहे और उससे पहले कोलकाता पुलिस आयुक्त सहित कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाल चुके हैं। प्रशासनिक अनुभव और कानून व्यवस्था पर उनकी पकड़ को देखते हुए पार्टी ने उन्हें उच्च सदन के लिए उपयुक्त चेहरा माना है। उनके नाम की घोषणा के साथ ही यह संदेश देने की कोशिश भी मानी जा रही है कि पार्टी प्रशासनिक अनुभव को संसद में प्रतिनिधित्व देना चाहती है। सूची में शामिल बाबुल सुप्रियो का राजनीतिक सफर भी उल्लेखनीय रहा है। वे पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से लोकसभा सांसद और केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं। बाद में उन्होंने तृणमूल कांग्रेस का दामन थामा और वर्तमान में राज्य सरकार में मंत्री हैं। एक लोकप्रिय गायक और जनप्रिय नेता के रूप में उनकी पहचान पार्टी के लिए राजनीतिक और जनसंपर्क दोनों स्तर पर अहम मानी जा रही है। कानूनी क्षेत्र से आने वाली वरिष्ठ अधिवक्ता मनका गुरुस्वामी का नाम सूची में शामिल कर तृणमूल ने स्पष्ट संकेत दिया है कि वह सामाजिक और संवैधानिक मुद्दों पर मुखर आवाज को राज्यसभा में भेजना चाहती है। वे उच्चतम न्यायालय में कई महत्वपूर्ण मामलों में पक्ष रख चुकी हैं और संवैधानिक अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर उनकी पहचान एक प्रखर विधि विशेषज्ञ के रूप में रही है। राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा है कि उनका नाम समाज के विविध वर्गों को प्रतिनिधित्व देने की रणनीति का हिस्सा है।

फिल्म जगत से चर्चित अभिनेत्री कोयल मल्लिक को उम्मीदवार बनाकर पार्टी ने सांस्कृतिक जगत को भी प्रतिनिधित्व दिया है। बंगाली सिनेमा में लंबे समय से सक्रिय कोयल मल्लिक की लोकप्रियता व्यापक है। विश्लेषकों का मानना है कि उनका नाम शहरी और यवा मतदाताओं के बीच सकारात्मक संदेश देने के उद्देश्य से आगे बढ़ाया गया है।

# ईरान और खाड़ी देशों में जारी घटनाक्रम पर भारत ने जताई गहरी चिंता

एजेंसी




नई दिल्ली। भारत ने शनिवार को ईरान और खाड़ी देशों में जारी घटनाक्रम पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की है। भारत ने एक बार फिर सभी पक्षों से संयम बरतने और संवाद एवं कूटनीति से समाधान तलाश की अपील की है। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि हमारे दूतावास क्षेत्र में भारतीय नागरिकों से संपर्क बनाए हुए हैं और उन्हें जरूरी परामर्श दे रहे हैं। इसमें उनसे सतर्क रहने, दूतावास से जुड़े रहने और स्थानीय सुरक्षा निर्देशों का पालन करने के लिए कहा गया है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका और इजरायल ने आज ईरान के सरकारी और सैन्य नेतृत्व को निशाना बनाते हुए हमले किए हैं। वहीं इसके जवाब में ईरान ने खाड़ी देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जवाबी हमले किए हैं। इसी बीच रूस ने अमेरिका और इजरायल के सैन्य हमले को अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन और उकसाने वाला बताया है। मास्को ने वाशिंगटन और तेल अवीव पर पश्चिम एशिया को अस्थिर करने और क्षेत्रीय गतिरोध बढ़ाने के आरोप लगाया है। रुस का कहना है कि इस तरह के हमले क्षेत्रीय परिस्थितियों को बिगाड़ सकते हैं। रूसी विदेश मंत्रालय ने संयुक्त राष्ट्र से जल्द से जल्द स्थिति का जायजा लेने और रणनीति समाधान तलाशने का आग्रह किया है।

# पेज एक का शेष

## इजरायली...

हालात को देखते हुए सभी भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे बहुत सावधानी बरतें और हर समय चौकन्ने रहें।

उधर, डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान कभी परमाणु शक्ति नहीं बन सकता है। हम ईरान की नौसेना को खत्म करने जा रहे हैं। हम ईरान की मिसाइलों को तबाह कर देंगे। तेहरान ने कहा कि लड़ाई अब बंद नहीं होगी। ईरान पर लड़ाकू विमानों और मिसाइलों से जारी हमले के बीच सर्वोच्च नेता खामेनेई को सुरक्षित स्थान पर भेजा गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान पर हमला करने के इरादे के बीच ओमान के विदेशमंत्री बद्र अलबुसैदी ने शुक्रवार को दावा किया कि अमेरिका और ईरान समझौते के करीब हैं। वार्ताकारों ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने के समझौता की दिशा में काफी प्रगति की है। अलबुसैदी पिछले महीने अमेरिका और ईरान के बीच हुई तीन दौर की बातचीत में मध्यस्थ के रूप में मौजूद रहे हैं। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा कि ईरान इस बात पर सहमत हो गया है कि उसके पास कभी भी ऐसी परमाणु सामग्री नहीं होगी जिससे बम बन सके। उन्होंने कहा कि यह बहुत बड़ी सहमति है। अल्बुसैदी के अनुसार, ईरान अपने संवर्धित यूरेनियम के मौजूदा भंडार को कम करेगा। यही नहीं वह यून की इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी को समझौते की शर्तों के सत्यापन के लिए अपनी न्यूक्लियर साइट्स का निरीक्षण कराने के लिए भी तैयार है। इस सत्यापन में अमेरिका के निरीक्षक भी शामिल हो सकते हैं। उन्होंने का कि समझौते के अन्य तकनीकी पहलुओं पर बातचीत सोमवार को वियना में होनी है। अल्बुसैदी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वह कुछ दिनों बाद स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर से मिल पाएंगे। अल्बुसैदी के दावे के उलट ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि वह बातचीत से खुश नहीं हैं। हालांकि ट्रंप ने इस दौरान साफ किया कि उन्होंने अभी तक यह तय नहीं किया है कि हमले की इजाजत देनी है या नहीं। उल्लेखनीय है कि ईरान और अमेरिका के वार्ताकार पिछले महीने तीन दौर की बातचीत कर चुके हैं। वार्ता का पहला दौर ओमान, दूसरा और तीसरा दौर स्विट्जरलैंड के जिनेवा में हो चुका है। इन वार्ताओं के विफल रहने पर इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिका के विदेश सचिव मार्को रुबियो कड़ा रुख अपनाने की बात कह चुके हैं। अल्बुसैदी ने कहा कि उनका मानना है कि ईरान हर मुद्दे पर बात करने के लिए तैयार है। उन्होंने दोहराया कि दोनों देश समझौते के बहुत करीब हैं। समझौते की शर्तों को लागू करने में तीन महीने लग सकते हैं।

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच हालिया झड़पों के बाद हालात बिलकुल बदल गए हैं। दोनों देश के बीच युद्ध जैसे हालात बन गए हैं। आसमान पर युद्धक विमान गरज रहे हैं। बम के धमाकों से इलाका थर्रा उठा है। इस लड़ाई में अब तक कम से कम 325 लोग मारे गए हैं। इस्लामाबाद ने दावा किया है कि इस लड़ाई में 270 अफगान तालिबानी और आतंकवादी को ढेर कर दिया गया। काबुल का दावा है कि उसने 55 ज्यादा पाकिस्तान के सैनिकों को मार गिराया है। पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा मोहम्मद आसिफ ने कहा कि इस्लामाबाद के सब्र का बांध टूट गया है। उन्होंने अफगानिस्तान के साथ खुली जंग का ऐलान किया है।

पाकिस्तान के दुनिया न्यूज और द अफगानिस्तान टाइम्स की ताजा रिपोर्ट्स में इस मौजूदा स्थिति का जिक्र किया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, पाकिस्तान की सेना ने काबुल, कंधार और पक्तिया समेत अफगानिस्तान के कई हिस्सों पर हवाई हमला किया है।अफगान तालिबान सेना का दावा है कि उसने डूरंड रेखा पर पाकिस्तान की सेना के ठिकानों पर हमले करके जवाबी कार्रवाई की है और सीमापार झड़पों में 55 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया है। संयुक्त राष्ट्रसंघ मौजूदा संघर्ष पर चिंता जताई है।

अफगानिस्तान में तालिबान सरकार के रक्षा मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि यह संघर्ष 26 फरवरी को रात आठ बजे शुरू हुआ। अफगान सैनिकों ने जवाबी कार्रवाई में डूरंड रेखा के पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी सेक्टरों में पाकिस्तान की चौकियों को निशाना बनाया। तालिबान के आर्मी प्रमुख के आदेश पर आधी रात को कार्रवाई रोक दी गई है। बयान में दावा किया गया है कि 55 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। दो बेस और 19 मिलिट्री पोस्ट को नष्ट कर दिया गया। पाकिस्तान के एक टैंक को नष्ट कर दिया गया। इस लड़ाई में आठ तालिबान लड़ाके भी हताहत हुए।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस संघर्ष पर टिप्पणी की है कि वह पाकिस्तान के साथ हैं। संयुक्त राष्ट्रसंघ के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव और आम लोगों पर इसके असर पर गहरी चिंता जताई। उन्होंन अफगानिस्तान और पाकिस्तान से फौरन हिंसा रोकने की अपील की है। इस बीच तालिबान का कहना है कि शुक्रवार को खोस्त और पक्तिका में पाकिस्तान के हवाई हमलों में 19 आम लोगों की मौत हो गई और 26 घायल हो गए। इंटरनेशनल कमेटी ऑफ द रेडक्रॉस की अध्यक्ष मिरजाना स्पोलजारिक ने भी दोनों देशों से संयम बरतने की अपील की है।

इस लड़ाई के मद्देनजर ब्रिटेन ने अपने नागरिकों को पाकिस्तान के कुछ हिस्सों में यात्रा न करने की सलाह दी। बयान में कहा गया है कि पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा, बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा के कुछ हिस्सों में संघर्ष तेज हो गया है। इसलिए इन इलाकों के आसपास की यात्रा न करें। पाकिस्तान में रह रहे ब्रिटेन के लोगों से घर के अंदर रहने की सलाह दी गई है। इस बीच पाकिस्तान सेना की जनसंपर्क शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने इस अभियान को गजब-लिल-हक नाम दिया है। उन्होंने कहा कि अफगान तालिबान सरकार को यह तय करना होगा कि वह पाकिस्तान के साथ है या तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी), बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए), दाएश और अल-कायदा जैसे समूह के साथ। उन्होंने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान की सेना पूर्वी और पश्चिमी दोनों सीमाओं पर खतरों का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि सेना सभी मोर्चों पर कड़ी निगरानी रख रही है। सैन्य प्रवक्ता ने गजब-लिल-हक की सफलता पर कहा कि अब तक 274 अफगान तालिबान शासन के लोग और लड़ाके मारे गए हैं, जबकि 400 से ज्यादा घायल हुए हैं। उन्होंने इन आंकड़ों को युद्ध के मैदान के उपलब्ध आकलन पर आधारित बताया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की सेना ने दुश्मन की 73 चौकियों को नष्ट कर दिया और 18 पर कब्जा कर लिया। विरोधी सेनाओं के 115 टैंक, आर्मर्ड पर्सनल कैरियर और तोपें नष्ट कर दी गईं। उन्होंने पुष्टि की देश की रक्षा करते हुए 12 सैनिक शहीद हो गए, 27 दूसरे घायल हुए और एक सैनिक अभी भी लापता है।

## भारत

यात्रा से बचने की सलाह दी गई है। साथ ही स्थानीय समाचार, आधिकारिक घोषणाओं और आपातकालीन अलर्ट पर नजर रखने को कहा गया है। दूतावास ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में भारतीय नागरिक 24 घंटे हेल्पलाइन या ईमेल के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं। दूतावास संबंधित इजरायली अधिकारियों के साथ निकट संपर्क में है और आवश्यकतानुसार अपडेट जारी करेगा। यह परामर्श ऐसे समय में जारी किया गया है जब इजरायल और अमेरिका ने ईरान पर बड़े पैमाने पर हमले शुरू किए हैं। तेहरान सहित कई शहरों में विस्फोटों की खबरें हैं। इजरायल में हवाई हमले के सायरन बजाए गए हैं और देशभर में आपातकाल घोषित किया गया है। भारत सरकार ने अपने नागरिकों से स्थानीय निर्देशों का पूर्ण पालन करने और सुरक्षित रहने की अपील की है।

## चौदह साल...

टीकाकरण देश के विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध होगा जिसमें आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जिला अस्पताल, सरकारी मेडिकल कॉलेज शामिल है। कौन होगा पात्र यह अभियान मुख्य रूप से 14 साल की लड़कियों के लिए है। स्कूल और स्थानीय स्वास्थ्य विभाग पात्र बच्चियों की सूची तैयार करेंगे। जो बच्चियां स्कूल में नहीं हैं, वे नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर रजिस्ट्रेशन करवा सकती हैं। टीकाकरण के लिए अभिभावक की सहमति आवश्यक होगी। टीका लगाने के बाद बच्चियों को 15-30 मिनट तक स्वास्थ्य केन्द्रों पर ही रखा जाएगा। उल्लेखनीय है कि देश में हर साल हजारों महिलाएं सर्वाइकल कैंसर से प्रभावित होती हैं। इस बीमारी का मुख्य कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) है, जो अक्सर बिना लक्षण के शरीर में प्रवेश कर जाता है। अब इस वायरस से बचाव संभव हो गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 2022 को सिफारिश की थी कि एचपीवी वैक्सीन का सबसे ज्यादा लाभ छोटी उम्र में लगाए जाने पर मिलता है। 14 साल की उम्र में शरीर की इम्यूनिटी मजबूत प्रतिक्रिया देती है, जिससे लंबे समय तक सुरक्षा मिलती है। कई मामलों में एक खुराक भी पर्याप्त सुरक्षा दे सकती है, जो दो खुराक जितनी प्रभावी पाई गई है।

## सीएम के विधानसभा...

में बड़े बदलाव की संभावना जताई जा रही है। बीओ 4 नवंबर, 2025 को शुरू हुई एसआईआर प्रक्रिया के समय इस सीट पर दो लाख छह हजार 295 मतदाता थे, लेकिन दिसंबर, 2025 की ड्राफ्ट लिस्ट और शनिवार की फाइनल लिस्ट के बाद यह संख्या काफी कम हो गई है।

इस मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बेहद आक्रामक रुख अपनाया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने इस कटौती को जायज ठहराते हुए कहा कि ये नाम उन मतदाताओं के थे जो या तो फर्जी थे या जिनकी मृत्यु हो चुकी है। उन्होंने सीधे तौर पर मुख्यमंत्री को चुनौती देते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में फर्जी नामों के हटने के बाद ममता बनर्जी में दोबारा भवानीपुर से चुनाव लड़ने का साहस नहीं होगा।

वहीं, विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने भी तीखा हमला बोलते हुए मुख्यमंत्री को इसी सीट से चुनाव लड़ने की चुनौती दी और दावा किया कि अब स्थिति पहले जैसी नहीं रही।

## राजस्थान....

आ रहे हैं और एक छोटा शहर वैश्विक मानचित्र पर अपनी जगह बना चुका है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जिस प्रकार ऑटोमोबाइल सेक्टर में साणंद ने सफलता की नई कहानी लिखी, उसी प्रकार सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भी यह नया अध्याय रचेगा। इस संयंत्र में अभी सैकड़ों लोगों को रोजगार मिला है और भविष्य में इसके विस्तार के साथ रोजगार के और अवसर सृजित होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह माइक्रोन सुविधा भारत के नए मिजाज का उदाहरण है। नीति से लेकर उत्पादन तक, आज का भारत जिस दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रहा है, वह यहां स्पष्ट दिखाई देता है। जून 2023 में इस परियोजना के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए थे और फरवरी 2026 में यह संयंत्र वाणिज्यिक उत्पादन शुरू कर चुका है। जो लोग इस क्षेत्र की जटिलताओं को समझते हैं, वे इस गति के महत्व को भलीभांति जानते हैं।

उन्होंने कहा कि जब नीयत साफ हो और लक्ष्य देश का तीव्र विकास हो, तो नीतियां भी स्पष्ट बनती हैं और निर्णयों में तेजी आती है। प्रधानमंत्री ने माइक्रोन के नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह परियोजना भारत और अमेरिका के बीच मजबूत सहयोग और रणनीतिक साझेदारी का भी प्रमाण है। विशेष रूप से एआई और सेमीकंडक्टर जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के क्षेत्र में दोनों देशों की साझेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल ही में आयोजित एआई शिखर सम्मेलन ने दुनिया को भारत की कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) क्षमता से परिचित कराया है और आज का यह कार्यक्रम टेक्नोलॉजी लीडरशिप के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। सॉफ्टवेयर के लिए पहचाने जाने वाला भारत अब हार्डवेयर क्षेत्र में भी अपनी सशक्त पहचान बना रहा है और तेजी से ग्लोबल सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन का हिस्सा बन रहा है।

उन्होंने याद दिलाया कि जब दुनिया कोविड महामारी से जूझ रही थी, तब भारत ने सेमीकंडक्टर मिशन की घोषणा की थी। भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत स्वीकृत यह पहला प्रस्ताव था, जिसका शिलान्यास सितंबर 2023 में हुआ। 22,500 करोड़ रुपये से अधिक के कुल परिव्यय वाली इस परियोजना का निर्माण कार्य स्वीकृति के तुरंत बाद शुरू किया गया, जो रणनीतिक निवेश को गति देने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

साणंद एटीएमपी संयंत्र पूरी तरह चालू होने पर लगभग पांच लाख वर्ग फुट का क्लीनरूम क्षेत्र उपलब्ध कराएगा और यह दुनिया के सबसे बड़े रेज़्ड-फ्लोर क्लीनरूम में से एक होगा। यह संयंत्र उन्नत डायनेमिक रैंडम एक्सेस मेमोरी (डीआरएएम) और नैंड सेमीकंडक्टर वेफर्स को तैयार मेमोरी और स्टोरेज उत्पादों में परिवर्तित करेगा। इसका उद्देश्य एआई और हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग में तेजी से हो रही प्रगति के कारण मेमोरी और स्टोरेज समाधानों की बढ़ती वैश्विक मांग को पूरा करना है।ए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पूरी दुनिया नई तकनीकों से जुड़ी आपूर्ति शृंखलाओं को सुरक्षित करना चाहती है। भारत और अमेरिका जैसे दुनिया के दो बड़े लोकतंत्र इस दिशा में मिलकर काम कर रहे हैं। हालिया समझौते और पहलें वैश्विक सप्लाई चेन को अधिक सुरक्षित और विश्वसनीय बनाने में सहायक होंगी, विशेषकर महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में। प्रधानमंत्री ने वैश्विक निवेशकों और उद्योग जगत को आश्वस्त करते हुए कहा कि भारत सरकार और राज्य सरकारें मिलकर उनके साथ खड़ी हैं। उन्होंने कहा कि भारत एक विश्वसनीय, प्रतिस्पर्धी और प्रतिबद्ध साझेदार के रूप में उभर रहा है। यह संयंत्र देश में एक लचीला और आत्मनिर्भर प्रौद्योगिकी इकोसिस्टम के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। साणंद से शुरू हुआ यह वाणिज्यिक उत्पादन भारत में निर्मित पहले सेमीकंडक्टर मेमोरी मॉड्यूल के शिपमेंट का भी प्रतीक है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह विकास वैश्विक सेमीकंडक्टर मूल्य शृंखला में भारत की स्थिति को मजबूत करेगा और देश को विनिर्माण के एक भरोसेमंद केंद्र के रूप में स्थापित करेगा।

प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत नई ऊंचाइयों को छुएगा और साणंद इस परिवर्तन का प्रमुख केंद्र बनेगा। यह केवल एक फैक्टरी का उद्घाटन नहीं, बल्कि भारत की तकनीकी आत्मनिर्भरता, वैश्विक साझेदारी और भविष्य की अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव का प्रतीक है।

## प्रधानमंत्री...

संवाद किया। सर्वाइकल कैंसर महिलाओं को प्रभावित करने वाला एक गंभीर रोग है। विश्व स्तर पर इसके लगभग 99 प्रतिशत से अधिक मामलों का मुख्य कारण एचपीवी संक्रमण है। टीकाकरण के लिए यू-विन प्लेटफॉर्म पर अनिवार्य पंजीकरण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी उपस्थिति रहे।

प्रधानमंत्री ने 4 हजार 516 करोड़ रुपये से अधिक की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इनमें लगभग 1 हजार 208 करोड़ रुपये की लागत से बांदीकुई से जयपुर तक 4 लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे व 1 हजार 114 करोड़ रुपये की लागत से दिल्ली-वडोदरा एक्सेस कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के पैकेज 14 सेक्शन में एनएच 76 जंक्शन से एनएच 12 पर उम्मेदपुरा गांव तक 8 लेन कैरिजवे का लोकार्पण किया गया।

वहीं, प्रदेशभर में राष्ट्रीय राजमार्ग के विस्तार, सुदृढ़ीकरण और चौड़ाईकरण के लोकार्पण के विभिन्न कार्यों में 103 करोड़ रुपये की राष्ट्रीय राजमार्ग 248ए पर शाहपुरा से थानागाजी तक टू लेन सड़क, 546 करोड़ रुपये के देवगढ़ से राजस्थान गुजरात सीमा तक (चरण-एक) सड़क निर्माण कार्य, 190 करोड़ रुपये की राष्ट्रीय राजमार्ग 89 के (नया एनएच 58) अजमेर-नागौर सेक्शन के पेव शोल्डर के साथ टू लेन में अपग्रेडेशन एवं 110 करोड़ रुपये की लागत के जैसलमेर सम धनाना रोड़ के चौड़ाईकरण और सुदृढ़ीकरण के कार्य शामिल है।

मोदी ने जयपुर में 286 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के सांगानेर फ्लाईओवर से चौरड़िया पेट्रोल पम्प होते हुए मालपुरा गेट तक एलिवेटेड रोड, जोधपुर शहर में महामंदिर से अखल्या चौराहे तक 1 हजार 243 करोड़ रुपये की लागत से 4 लेन एलिवेटेड रोड, बारां जिले में 322 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत के मालबमोरी-मांगरोल-बारां राज्य राजमार्ग एवं सवाईमाधोपुर में 111 करोड़ रुपये की लागत के एनएच 552 पर कुस्तला-सवाईमाधोपुर सेक्शन के फॉर लेन कार्य का शिलान्यास किया।

प्रधानमंत्री ने राजस्थान के पश्चिमी हिस्से में औद्योगिक विकास, निवेश और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए जोधपुर पाली मारवाड़ औद्योगिक क्षेत्र (जेपीएमआईए) में 526 करोड़ रुपये के आधारभूत संरचना और पेयजल आपूर्ति से संबंधित विभिन्न कार्यों का शिलान्यास किया। इसी प्रकार स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल के लिए नोनेरा वृहद् पेयजल परियोजना के 1021 करोड़ रुपये से अधिक लागत के 4 पैकेज और परवन अकावद वृहद् पेयजल परियोजना के 2 हजार 247 करोड़ रुपये की लागत के 5 पैकेजों की एवं बीकानेर जिले के वृहद पेयजल परियोजना के 660 करोड़ रुपये के 2 कार्यों की आधारशिला रखी। बीकानेर, फलौदी, जैसलमेर, हनुमानगढ़ एवं डूंगरपुर जिले में नहरों के विकास एवं जीर्णोद्धार के कार्यों का भी शिलान्यास किया।

प्रधानमंत्री ने राजस्थान में नवीकरणीय ऊर्ज़ा उत्पादन के प्रमुख केंद्रों से बिजली के सुगम पारेषण के लिए 3 हजार 616 करोड़ रुपये की पारेषण प्रणाली का लोकार्पण किया। साथ ही, 220 केवी के पांच और 400 केवी के दो ग्रिड सब-स्टेशन (जीएसएस) सहित 1781 करोड़ रुपये के विद्युत से जुड़े विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया।

इस अवसर पर राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में चयनित 21 हजार 863 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इनमें 3 हजार 320 पटवारी (राजस्व), 2 हजार 291 संविदा कनिष्ठ तकनीकी सहायक और संविदा लेखा सहायक (ग्रामीण विकास), 2 हजार 590 पशुधन सहायक, 281 पशु परिचर, 3 हजार 822 सीएचओ, 472 फार्मा असिस्टेंट, 203 कम्पाउन्डर आयुर्वेद, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न पदों पर 335, 7 हजार 357 पब्लिक हेल्थ केयर नर्स, मेडिकल लैब तकनीशियन, लैब तकनीशियन, नर्सिंग प्रभारी, नर्सिंग ट्रेनर, नर्सिंग ट्यूटर, नर्स, नर्स ग्रेड-द्वितीय एवं खनन विभाग में विभिन्न पदों पर 101 सहित स्कूल शिक्षा एवं अन्य विभागों की नियुक्तियां शामिल हैं।

## मुख्यमंत्री...

फ्री में ले सकते हैं। योजना का लाभ सबको देने का एक ही मंत्र है 'सबका साथ सबका विकास'। उज्जवला परिवार को 09 सिलिंडर पर पहले से मोदी सरकार सब्सिडी दे रही है और अब होली पर हम फ्री भरा हुआ सिलेंडर दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा कि आयुष्मान कार्ड से पांच लाख तक का कैशलेस इलाज मिलता है। शिक्षक और शिक्षणेतर कर्मियों को भी इससे जोड़ा गया है। समाजवादी पार्टी का नाम लिए बिना मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले माफिया शासन चलाते थे। पर्व के पहले उपद्रव हो जाते थे और फिर कर्फ्यू लग जाता था लेकिन आज स्थिति बिल्कुल बदल गई है और देश - दुनिया का हर बड़ा निवेशक उत्तर प्रदेश आना चाहता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार महिला सुरक्षा, स्वावलंबन और सशक्तीकरण पर काम कर रही है। ब्रजेश पाठक ने सर्वाइकल कैंसर से लड़ रही बेटियों के लिए व्यवस्था की। 2100 रुपये का इंजेक्शन अब 300 रुपये में मिलेगा। पहले के लोगों के लिए उनका परिवार की प्रदेश था और परिवार पूरे प्रदेश को नोचने के लिए जुटा रहता था हमारे लिए पूरा प्रदेश परिवार है। हाल ही में प्रस्तुत किए गए उत्तर प्रदेश के बजट की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लखपति दीदी का कार्यक्रम हो या सीमार्ट। महिलाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। महिला उद्यमी जो भी उत्पाद बनाएंगी उसकी बिक्री की समुचित व्यवस्था की जा रही है; महिला उत्पाद विपणन केंद्र के माध्यम से बेचे जाएंगी;मुख्यमंत्री महिला उद्यमी क्रेडिट कार्ड का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए ब्याजमुक्त ऋण दे रही है;सुमंगला योजना समेत विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का विस्तार से जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश में पहले महिला श्रम बल पहले 13 फीसदी थी लेकिन अब सुरक्षा का माहौल होने से यह बढ़कर 36 फीसदी हो गया है।

मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाद में एक लाख की मदद दी जाती है। आज सरकार हर बेटी का कन्यादान करने के लिए तैयार है। राशन की दुकानों में पहले ई-पॉश मशीनें नहीं थीं, आज ई-पॉश मशीनों से पारदर्शिता आई है। यह दुकानें नशा का सामान छोडकर हर प्रकार की वस्तु का विक्रय कर सकती हैं। आज गांव की बेटी गांव में ही बीसी सखी के रूप में काम कर रही हैं। गांव में कई प्रकार के रोजगार की सुविधाएं दी जा रही हैं। पर्व उत्साह के होता हैं। इस मौके पर आपसी भेदभाव दूर करने वाले कार्यक्रम होने चाहिए।

इसके पहले कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि होली पर सब गिले शिकवे भुला देते हैं। उन्होंने योगी सरकार में चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि पूछा कि इनका लाभ आप लोगों को मिल रहा है या नहीं ।

कार्यक्रम में लोगों ने कहा हां लाभ मिल रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की शुरुआत की थी ताकि महिलाओं को खाना बनाते समय धुएं की परेशानी न उठानी पडी जैसी उन्होंने बचपन में अपनी मां की परेशानी देखी थी। उन्होंने कहा कि 10 करोड़ से अधिक लोगों को इस योजना का सिलिंडर मिला। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में माताएं-बहनें स्टार प्रचारक की भूमिका निभाएं ताकि सपा सरकार वाला गुंडाराज वापस न आने पाए। इस कार्यक्रम में लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, जय देवी, विधान परिषद सदस्य अवनीश कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में जन प्रतिनिधि और लाभार्थी उपस्थित रहे।

## सिंगापुर ...

की ओर से दी गई जानकारी में बताया गया कि सीएम योगी का यह दौरा सामान्य नहीं था। सिंगापुर और जापान का समय भारत से क्रमशः ढाई और साढ़े तीन घंटे आगे है। लंबी विमान यात्रा के बाद समय के अनुकूलन की चुनौती भी थी, लेकिन मुख्यमंत्री के हाव-भाव और सक्रियता में कहीं इसका रंचमात्र भी असर देखने को नहीं मिला। सीएम योगी सुबह छह बजे सिंगापुर पहुंचे और महज ढाई घंटे बाद ही वहां भारत के राजदूत से मिले। इसके बाद बैठकों और औद्योगिक इकाइयों के भ्रमण और उद्योगपतियों से मिलने का सिलसिला शुरू हुआ, जो रात 10 बजे रात्रिभोज के साथ समाप्त हुआ। दूसरे दिन भी सुबह पौने नौ बजे से ही मुख्यमंत्री सक्रिय हो गए और रात साढ़े आठ बजे तक वह 'मिशन सिंगापुर' पूरा कर चुके थे।

कोई और होता तो इतनी व्यस्तता के बाद शायद रात्रि विश्राम को प्राथमिकता देता, लेकिन सीएम योगी सिंगापुर से रात 10 बजे टोक्यो (जापान) के लिए रवाना हो गए। घंटों की थकाऊ यात्रा के बाद वह सुबह लगभग छह बजे टोक्यो के हानेडा हवाई अड्डे पहुंचे और 25 फरवरी को सवा नौ बजे मित्सुई कंपनी के प्रतिनिधिमंडल से मिलने के लिए तैयार थे। जापान में भी सीएम योगी ने बिना रुके, अनवरत ऊर्ज़ा के साथ दो दिन तक दर्जनों उद्यमियों से मुलाकात की, रोड शो मे भाग लिया और फिर लंबी यात्रा के बाद 27 फरवरी को तड़के अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ लखनऊ एयरपोर्ट पर थे। इस अथक मेहनत का परिणाम अब उत्तर प्रदेश के विकास में मील के पत्थर के रूप में सामने आया है। डेढ़ लाख करोड़ रुपये के एमओयू और ढाई लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव आगे चलकर उत्तर प्रदेश का भविष्य बदलेंगे। यह इसलिए संभव हो सका क्योंकि मुख्यमंत्री ने हर क्षण को प्रदेश के विकास के लिए साधन के रूप में इस्तेमाल किया। राजनेताओं की विदेश यात्राओं में अक्सर शिष्टाचार भेंट और औपचारिकता भरे कार्यक्रम समय नष्ट कर देते हैं, लेकिन सीएम योगी के इस दौरे में हर बैठक का एजेंडा स्पष्ट था। उनके इस दौरे में कोई औपचारिक कार्यक्रम नहीं, किसी दर्शनीय स्थल का भ्रमण नहीं, बस मिनट टू मिनट बैठकें, रोड शो और उन औद्योगिक संस्थानों का भ्रमण रहा, जिनके सहयोग से उत्तर प्रदेश के भविष्य को गढ़ा जा सके। युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर बनाए जा सकें अर्थात औपचारिकताओं में न्यूनतम समय और परिणामों पर अधिकतम ध्यान।

इन चार दिनों में सीएम योगी जीवंत कर्मयोग का प्रेरक उदाहरण बनकर उभरे। हालांकि उनका संपूर्ण जीवन स्वअनुशासन की मिसाल है। राजधानी लखनऊ में उनकी दिनचर्या ऐसी ही नियमबद्ध होती है। तड़के उठकर समाचार पत्रों के माध्यम से प्रदेश की गतिविधियों की जानकारी, उसके बाद जनता दर्शन में आम नागरिकों की समस्याओं को सुनना, अधिकारियों को निर्देश देना और फिर दिनभर बैठकों व कार्यक्रमों का सिलसिला और रात में विभागीय कार्यों की समीक्षा। गोरखपुर प्रवास में भी गोसेवा के बाद वह जनता दर्शन और फिर लगातार कार्यक्रमों में शामिल रहते हैं। हर दिन का उपयोग, हर क्षण का उपयोग। उनका पूरा व्यक्तित्व आध्यात्मिक साधना और प्रशासनिक दक्षता का संगम है। सादगीपूर्ण जीवन शैली और विकास का आधुनिक दृष्टिकोण उन्हें विशिष्ट बनाता है।

## दिल्ली...

अब तक दुनिया के कई देशों जैसे संयुक्त अरब अमीरात मिस्र और चीन में आयोजित हो चुका है। 2026 में भारत के बाद, यह ब्राजील, इथियोपिया और दक्षिण अफ्रीका का रुख करेगा। इस आयोजन को रूस और भारत के संस्कृति मंत्रालयों के साथ-साथ रूसी दूतावास का पूरा समर्थन प्राप्त है। इसका मकसद 'नृत्य' जैसी सार्वभौमिक भाषा के जरिए दुनिया में शांति और सद्भाव का संदेश फैलाना है।

# स्कूलों में बच्चों को सुबह मिले पौष्टिक भोजन सरकार करेगी सुनिश्चित : रेखा गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज अक्षय पात्र फाउंडेशन के 'सुबह के पोषण कार्यक्रम' के शुभारंभ के अवसर पर कहा कि दिल्ली में बच्चों के लिए सुबह के पोषण अभियान की शुरुआत की जा रही है। दिल्ली सरकार अक्षय पात्र फाउंडेशन के सहयोग से यह सुनिश्चित करेगी कि स्कूल पहुंचने पर बच्चों को सुबह पौष्टिक भोजन मिले। उन्होंने कहा कि बच्चे सक्रिय और ऊर्जावान रहें ताकि वे अच्छी तरह से पढ़ाई कर सकें, जिसके लिए उनका आहार और पोषण अत्यंत महत्वपूर्ण है।




मुख्यमंत्री ने अक्षय पात्र फाउंडेशन को दिल्ली में 6 वर्षों की निरंतर सेवा और 'सुबह के पोषण कार्यक्रम' के शुभारंभ के लिए साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि सरकार इस पुनीत प्रयास में पूर्ण सहयोग के साथ आपके साथ दृढ़ता से खड़ी है। सेवा का यह संकल्प निरंतर आगे बढ़ता रहे, यही कामना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम पोषण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून और पोषण अभियान ने देश में पोषण को जनआंदोलन का स्वरूप दिया है। आज हर बच्चे के स्वस्थ भविष्य को राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में आगे बढ़ाया जा रहा है। यह संकल्प केवल योजनाओं तक सीमित नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सशक्त निर्माण की मजबूत आधारशिला है।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्याम जाजू तथा अक्षय पात्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भरतर्षभ दास, उपाध्यक्ष चंचलपति दास, दिल्ली नगर निगम शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा उपस्थित रहे। अक्षय पात्र फाउंडेशन के 'सुबह के पोषण कार्यक्रम' की दिल्ली में शुरुआत के साथ एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाया गया है। यह एक पूरक पोषण पहल है जिसे स्कूली शिक्षा के शुरुआती घंटों में पोषण की गंभीर कमी को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। जहां एक पौष्टिक दोपहर का भोजन दिनभर के लिए ऊर्जा प्रदान करता है, वहीं एक पौष्टिक शुरुआत बच्चे के मन और शरीर के लिए उतनी ही महत्वपूर्ण है।

# देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की 63वीं पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया नमन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। देश के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की 63वीं पुण्यतिथि पर पूरे देश ने उन्हें श्रद्धापूर्वक याद करते हुए शत्-शत नमन किया। इस अवसर पर बिहार की राजधानी पटना स्थित महाप्रयाण घाट (बांस घाट) में उनकी समाधि स्थल पर मुख्य राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की समाधि पर पुष्प-चक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने समाधि की परिक्रमा कर राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को स्मरण किया। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की ओर से बिहार लोक भवन सचिवालय के अपर सचिव ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। वहीं उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन की ओर से पटना के जिला दंडाधिकारी तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से पटना प्रमंडल के आयुक्त ने देशरत्न की समाधि पर पुष्प-चक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, सांसद एवं जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, विधायक श्याम रजक, पूर्व विधायक अरुण कुमार सिन्हा तथा राज्य नागरिक परिषद के महासचिव अरविंद कुमार सहित अनेक गणमान्य लोगों ने देशरत्न की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने स्वतंत्रता संग्राम, संविधान निर्माण तथा राष्ट्र निर्माण में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के अतुलनीय योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भारतीय लोकतंत्र के ऐसे महान व्यक्तित्व रहे, जिन्होंने सादगी, त्याग और राष्ट्रसेवा की मिसाल कायम की और स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति के रूप में देश को मजबूत लोकतांत्रिक दिशा प्रदान की।



## संक्षिप्त समाचार

### कुमाऊं विश्वविद्यालय को राज्य अंतर विश्वविद्यालय खेलों में द्वितीय और अखिल भारतीय क्रॉस कंट्री में 14वां स्थान

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय ने गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रोद्योगिक विश्वविद्यालय द्वारा 23 से 26 फरवरी 2026 तक आयोजित राज्य अंतर विश्वविद्यालय उत्तराखंड खेल प्रतियोगिताओं में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विवि के प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में फुटबॉल, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, बैडमिंटन और एथलेटिक्स सहित कुल 13 खेलों की महिला एवं पुरुष स्पर्धाओं में कुविवि ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। इसी क्रम में मंगलौर विश्वविद्यालय और अल्वास एजुकेशन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 26 व 27 फरवरी 2026 को आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय महिला क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता 2025-26 में कुमाऊँ विश्वविद्यालय ने 105 विश्वविद्यालयों के बीच 14वाँ स्थान हासिल किया। टीम के साथ प्रबंधक गोविंद सिंह और कोच श्याम मेवाड़ी मौजूद रहे। कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने सभी टीमों को बधाई दी है। कुल सचिव डॉ. मंगल सिंह, वित्त नियंत्रक कमलेश भंडारी, परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, अधिष्ठाता छात्र प्रो. संजय पंत, कुलानुशासक प्रो. एचएस बिष्ट, प्रो. चित्रा पांडे, प्रो. बिना पांडे, प्रो. अतुल जोशी, प्रो. रजनीश पांडे, प्रो. ललित तिवारी सहित शिक्षकों, कर्मचारियों और खिलाड़ियों ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की।

### अमृतसर में मादक पदार्थ, हथियार तस्करी के दो मॉड्यूल का भंडाफोड़, 10 आरोपी गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर आयुक्तालय पुलिस ने शनिवार को एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए सीमा पार से संचालित होने वाले संगठित मादक पदार्थ और अवैध हथियार तस्करी के दो मॉड्यूल्स का भंडाफोड़ किया है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि पुलिस ने कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 5.438 किलोग्राम हेरोइन, तीन अत्याधुनिक पिस्तौल, 34 कारतूस और 4500 (ड्रग मनी) बरामद की है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से पाकिस्तान स्थित तस्करों के संपर्क में थे।

### मोहाली पुलिस ने अदालत के बाहर हुए हत्याकांड के मुख्य शूटर को किया गिरफ्तार

**मोहाली।** पंजाब में मोहाली जिला प्रबंधकीय कॉम्पलेक्स के बाहर हुए गुरिंदर सिंह हत्याकांड के मख्य आरोपी गौरव उर्फ बाबा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरमनदीप सिंह हांस ने शनिवार को प्रेस वाता में यह जानकारी देते हुए बताया कि जिला पुलिस ने आज मोहाली जिला प्रबंधकीय कॉम्प्लेक्स के बाहर हुए गुरिंदर सिंह हत्याकांड के मुख्य आरोपी गौरव उर्फ बावा को गिरफ्तार कर लिया है आरोपी को तकनीकी और मानवीय इनपुट के आधार पर जिला मोगा से काबू किया गया है।

### होली पर्व पर नेचर और जू सफारी तीन दिन और रोपवे दो दिन किया गया बंद

नालंदा, बिहारशरीफ। बिहार के राजगीर में स्थित ग्लास स्काई वॉक वाला नेचर सफारी एवं जू सफारी दो मार्च से लगतार तीन दिनों तक पर्यटकों के लिए बंद किया गया है। वहीं रोपवे भी 4 और 5 मार्च को बंद रहेगा। जू सफारी के निदेशक राम सुंदर राम व डीएफओ राजकुमार एम ने शनिवार को संयुक्त रूप से बयान जारी कर कहा कि तीन मार्च मंगलवार और चार मार्च बुधवार को पर्यटकों के लिए बंद रखा गया है। वहीं दो मार्च सोमवार को साप्ताहिक बंदी के कारण बंद रहेगी। यह फैसला सुरक्षा व्यवस्था, विधि-व्यवस्था तथा पर्व के दौरान आवश्यक प्रशासनिक सतर्कता को लेकर लिया गया है। होली के अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय एवं बाहरी पर्यटक राजगीर पहुंचते हैं। ऐसे में भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा और कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दोनों प्रमुख पर्यटन स्थलों का संचालन अस्थायी रूप से स्थगित किया गया है। इसी प्रकार रोपवे होली के दिन चार मार्च और उसके एक दिन बाद पांच मार्च को बंद रहेगा। रोपवे प्रबंधक दीपक कुमार ने यह जानकारी दी है। प्रशासन ने पर्यटकों से अपील की है कि वे उक्त तिथियों में इससे संबंधित अपनी यात्रा की योजना न बनाएं। नेचर और जू सफारी 5 मार्च से पुनः नियमित रूप से खुल जायेगी। वहीं रोपवे 6 मार्च से पर्यटकों के लिए पहले की तरह खोल दिये जायेंगे।

### होली में नशा करने वालों की होगी धर-पकड़

**भागलपुर।** होली पर्व को लेकर भागलपुर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिला पदाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने शनिवार को मद्यनिषेध विभाग और पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि त्योहार के दौरान शराब पीकर सड़कों पर निकलने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि ब्रेथ एनलाइजर के माध्यम से विशेष जांच अभियान चलाया जाए, ताकि नशे में वाहन चलाने वालों पर तत्काल कार्रवाई हो सके। डीएम ने कहा कि होली जैसे बड़े त्योहारों पर अक्सर नशे की हालत में वाहन चलाने के कारण सड़क दुर्घटनाएं बढ़ जाती हैं। इसे रोकना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, बाजार क्षेत्रों और मुख्य सड़कों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया जाए। प्रशासन ने साफ किया है कि इस बार जांच केवल औपचारिकता नहीं होगी, बल्कि हर संदिग्ध वाहन चालक की ब्रेथ एनलाइजर से जांच की जाएगी। अगर कोई व्यक्ति शराब के प्रभाव में पाया जाता है, तो उसके खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसमें जुर्माना, वाहन जब्ती और गिरफ्तारी जैसी सख्त कार्रवाई शामिल हो सकती है।

### सूखा नशा और साइबर गैंग के खिलाफ अभियान

**भागलपुर।** बिहार में शराबबंदी लागू होने के बाद कानून-व्यवस्था की तस्वीर बदली है, लेकिन इसके साथ ही एक नई चुनौती भी सामने आई है। अब पारंपरिक शराब की तस्करी के साथ-साथ सूखा नशा यानी सिंथेटिक और प्रतिबंधित नशीले पदार्थों का प्रचलन युवाओं में तेजी से बढ़ रहा है। दूसरी ओर डिजिटल प्लेटफॉर्म के दुरुपयोग से साइबर अपराधियों के गैंग भी सक्रिय हो गए हैं। ये दोनों मोर्चे फिलहाल बिहार पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बने हुए हैं। भागलपुर पुलिस रेंज के आईजी विवेक कुमार ने मीडिया से बातचीत में स्वीकार किया कि मौजूदा समय में बीएस (सूखा नशा) सप्लायर गैंग और साइबर क्रिमिनल नेटवर्क पुलिस के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बांस घाट विद्युत शवदाह गृह एवं संपर्क सड़क निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को राजधानी पटना के बांस घाट क्षेत्र स्थित विद्युत शवदाह गृह का निरीक्षण कर वहां की वर्तमान व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन अत्याधुनिक शवदाह गृह परिसर के कार्यों की प्रगति एवं अद्यतन स्थिति की विस्तृत जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की।

निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने मंदिरी नाला परियोजना के तहत निर्माणाधीन दो-लेन संपर्क सड़क के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। यह संपर्क सड़क नेहरू पथ (बेली रोड) के आयकर चौराहा से दानापुर-बांकीपुर पथ होते हुए बांस घाट के रास्ते जेपी गंगा पथ से जोड़ी जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि बांस घाट स्थित शवदाह गृह परिसर का निर्माण निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा कराया जाए। उन्होंने कहा कि अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति को देखते हुए परिसर में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जनसुविधा को प्राथमिकता देते हुए सभी परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने मंदिरी नाला परियोजना के अंतर्गत बन रही दो-लेन सड़क के निर्माण कार्य में तेजी लाने पर भी जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सड़क के पूर्ण होने से नेहरू पथ और जेपी गंगा पथ के बीच सीधा संपर्क स्थापित होगा, जिससे शहरवासियों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी और यातायात दबाव भी कम होगा। निरीक्षण के दौरान बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, सांसद एवं जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, विधायक श्याम रजक तथा बिहार राज्य नागरिक परिषद के महासचिव अरविंद कुमार उपस्थित रहे। इसके अलावा मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, सचिव कुमार रवि, सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त अनिमेष पराशर, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम तथा वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा सहित कई प्रशासनिक अधिकारी निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे।



### प्रत्येक छात्र को प्रति दिन यज्ञ करना चाहिए : कुलपति

हरिद्वार। यज्ञ हमारे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। प्रत्येक छात्र को प्रति दिन यज्ञ करना चाहिए। यह उद्गार गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय की कुलपति प्रो प्रतिभा एम लूथरा ने समविश्वविद्यालय की यज्ञशाला में आयोजित यज्ञ में भाग ले रहे शैक्षणिक भ्रमण पर आये चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ मनोवैज्ञानिक विभाग के छात्रध्छात्राओं के दल को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। कुलपति ने कहा कि गुरुकुल कांगड़ी के संस्थापक स्वामी श्रद्धानंद महाराज ने 1902 में तत्कालीन लार्ड मैकाले की अंग्रेजी शिक्षा प्रणाली से भारत की युवा पीढ़ी व भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए गुरुकुल कांगड़ी की स्थापना की थी। उनकी कल्पना थी की देश की युवा पीढ़ी प्राचीन वैदिक शिक्षा पद्धति से शिक्षित होकर समाज व राष्ट्र का निर्माण कर देश को आगे बढ़ाने का काम करेगी। कुलपति ने कहा की हर युवा को आर्य होना चाहिए। भारत देश पुण्य भूमि है। दैनिक यज्ञ से आपके अंदर जो संस्कार पल्लवित होते हैं।

# होली की आहट के साथ बाजारों में रौनक रंग-गुलाल और पिचकारी की खरीदारी तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। होली पर्व के नजदीक आते ही शहर के बाजारों में उत्साह और रौनक साफ दिखाई देने लगी है। मुख्य बाजारों से लेकर मोहल्लों की छोटी दुकानों तक रंग-बिरंगी पिचकारी, गुलाल, अबीर, मुखौटे और होली से जुड़े सजावटी सामानों की दुकानें सज गई हैं। सुबह से देर शाम तक खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है, जिससे बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है। कपड़ों की दुकानों पर भी ग्राहकों की अच्छी-खासी भीड़ देखी जा रही है। लोग नए वस्त्रों की खरीदारी के साथ-साथ बच्चों के लिए आकर्षक पिचकारी और रंगीन मुखौटे ले रहे हैं। बच्चों में कार्टून थीम वाली पिचकारी और अलग-अलग डिज़ाइन के मुखौटों की खास मांग है, वहीं युवाओं के बीच हर्बल गुलाल और विभिन्न रंगों के पैक्ड अबीर की खरीदारी अधिक हो रही है। दुकानदारों का कहना है कि इस बार बाजार में पिछले वर्ष की तुलना में अधिक उत्साह देखने को मिल रहा है। बाजार के प्रमुख इलाकों में दिन भर भीड़ बनी रहने से यातायात पर भी दबाव बढ़ा है। दोपहिया और चारपहिया वाहनों की आवाजाही के कारण कुछ स्थानों पर जाम की स्थिति भी बन रही है। हालांकि, लोगों में पर्व को लेकर उत्साह कम नहीं हुआ है। परिवार के साथ खरीदारी करने पहुंचे लोग होली की तैयारियों में जुटे नजर आ रहे हैं। दुकानदार मुकेश कुमार ने बताया कि इस बार पर्यावरण और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए हर्बल और प्राकृतिक रंगों की मांग बढ़ी है। इधर, होली को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क है। संभावित भीड़ और पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद किया गया है। प्रमुख बाजारों, चौक-चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। गश्ती दलों को सक्रिय कर दिया गया है तथा सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी बढ़ाई जा रही है।



# आजादपुर मेट्रो डिपो में चोरी का खुलासा, तीन आरोपित गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की मेट्रो यूनिट ने आजादपुर मेट्रो डिपो में हुई चोरी की घटना का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों ने मेट्रो डिपो परिसर से सिग्नल प्रणाली में प्रयुक्त तार समेत अन्य कीमती सामान चोरी किया था। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर तांबे की तार भी बरामद की है। मेट्रो पुलिस के उपायुक्त कुशलपाल सिंह ने शनिवार को बताया कि 26 फरवरी की सुबह लगभग 10 बजे सीआईएसएफ के जवानों ने डिपो परिसर में लगे निगरानी कैमरों की रिकॉर्डिंग की जांच के दौरान एक संदिग्ध युवक को अत्यधिक सुरक्षा वाले क्षेत्र में घूमते देखा। मामला संदिग्ध प्रतीत होने पर स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई।



जांच में पता चला कि डिपो के आवास खंड से लगभग 100 मीटर संकेत प्रणाली की तार, 60 मीटर मशीन से जुड़ी तार, चेक प्लेटें तथा एक पानी का मीटर चोरी कर लिया गया है। सूचना मिलते ही आजादपुर मेट्रो थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 305/3(5)/331(4) तथा डीएमआरसी अधिनियम की धारा 74(1)/78 के तहत मामला दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस ने तकनीकी निगरानी से जांच शुरू की।

# मुख्यमंत्री धामी ने हल्द्वानी में 147 करोड़ से अधिक की 40 विकास योजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नैनीताल। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने डॉ.सुशीला तिवारी राजकीय मेडिकल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में 147 करोड़ 28 लाख 56 हजार रुपये की 40 विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें 72 करोड़ 38 लाख की 23 योजनाओं का लोकार्पण तथा 74 करोड़ 90 लाख 56 हजार की 17 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन योजनाओं से नैनीताल जनपद को विकास की नई गति मिलेगी और राज्य सरकार विकसित उत्तराखंड के लक्ष्य की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। लोकार्पित योजनाओं में भवाली के पास शिप्रा नदी पर 30 मीटर स्पान का मोटर पुल, राजकीय औद्योगिक संस्थान हल्द्वानी में प्रोद्योगिकी प्रयोगशाला, कोटाबाग महादेवपुरम व झलुवाझाला, बेलपोखरा और बैलपड़ाव में नलकूप, हल्द्वानी के महिला महाविद्यालय में प्रयोगशाला निर्माण, लालकुआं में नलकूपों पर स्टेबलाइजर तथा जल जीवन मिशन के अंतर्गत हरिपुर लच्छी, कालूपुर पोखरिया, जीतपुर रैक्वाल, देवला तल्ला, भवान सिंह नवाड़, बसंतपुर, किशनपुर रैक्वाल, चोरगलिया आमखेड़ा जयराम परमा, हल्दूचौड़ जग्गी, भवानीपुर कृष्णा, पाडलीपुर, भगवानपुर दुर्गापुर और बकुटिया पेयजल योजनाएं सहित पशु चिकित्सालय रामगढ़ भवन के निर्माण कार्य शामिल हैं। वहीं शिलान्यास की गई योजनाओं में कसियालेख-धारी मोटर मार्ग, रानीबाग-खुटानी, चाफी-पदमपुरी-धानाचुली मार्ग का सुधार, मोतियापाथर-शहरफाटक मार्ग, भेंटी दियारी खोली मोटर मार्ग, पांडे नवाड़ नशा मुक्ति केंद्र की मरम्मत, नवाबी रोड सीवरेज, 28 एमएलडी एसटीपी निर्माण, काठगोदाम के नारीमन तिराहे से गौलापुल तक सड़क की मरम्मत, देवरामपुर में गौला गेट सुधार, हल्दूचौड़ में गौला रोड का कार्य, चांदनी चौक-घुड़दौड़ मार्ग, पीपल पोखरा में आरसीसी कार्य, हिम्मतपुर बैजनाथ वृंदावन विहार व चांदनी चौक में पीसी निर्माण, गुसाईपुर में सड़क सुधार तथा पनचक्की-चौफुला-कठघरिया नहर कवरिंग के कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने विशेष योजनांतर्गत सहायता कार्यक्रम के तहत स्वीकृत 154 करोड़ 43 लाख रुपये लागत की हल्द्वानी-काठगोदाम स्रोत एवं ट्रीटमेंट संवर्धन पेयजल योजना का भूमि पूजन भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड को विकसित उत्तराखंड बनाने की ओर प्रत्येक क्षेत्र में तीव्रता से कार्य कर रही है।



होली की हार्दिक शुभकामनाएं

राजू रस्तोगी
प्रधान प्रतिनिधि
महाराजनगर विकास खण्ड सकरन
जनपद सीतापुर

होली की हार्दिक शुभकामनाएं

शैलेन्द्र प्रताप रावत
डॉक्टर
बीयूएमएस मैनेजिंग डायरेक्टर
न्यू अवध मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल
सरोसा मोड मोहन रोड लखनऊ

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय   कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान   स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063